दैनिक
आदित्यवर्ण तमसः परस्तात्
नवप्रदेश
प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर
3 राजधानी — गौठान और गोधन न्याय योजना ग्रामीणों...
4 अभिव्यक्ति — शिक्षा प्रणाली के लिए नेल्सन मंडेला के....
9 मनोरंजन/खेल — श्रद्धा कपूर के इंस्टाग्राम पर पांच करोड़....
11 व्यापार — 1377 निर्यातकों का फर्जीवाड़ा,1875 करोड़...

www.navpradesh.com
रायपुर, शनिवार 18 जुलाई 2020, श्रावण कृष्ण पक्ष-त्रयोदशी, विक्रम संवत-2077 वर्ष-09 अंक-158 पृष्ठ-12 मूल्य-3 रुपए
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, झारखंड, से एक साथ प्रकाशित

रायपुर में कोरोना बेलगाम, 106 नए केस, सचिवालय कर्मी मृत

■ राजधानी के एक ही परिवार के 18 लोग भी संक्रमित

■ शुक्रवार को प्रदेश में मिले रिकॉर्ड 215 नए पॉजिटिव

नव प्रदेश संवाददाता

रायपुर। रायपुर समेत में पूरे राज्य में कोरोना का कहर थमने का नाम नहीं ले रहा है। छत्तीसगढ़ में शुक्रवार कोरोना संक्रमण के रिकॉर्ड 215 नए केस सामने आए। इस बार भी रायपुर में एक दिन के अब तक के सर्वाधिक 106 नए मरीज मिले। वहीं सचिवालय इंद्रावती भवन में पदस्थ एक कर्मचारी समेत तीन लोगों की मौत हो गई। कर्मचारी को एक निजी अस्पताल में भर्ती किया गया था। दिक्कत ज्यादा बढ़ने के बाद उन्हें आंबेडकर अस्पताल में शिफ्ट कर दिया गया। जिस कर्मचारी की मौत हुई है वह श्रम विभाग में पदस्थ था। आंबेडकर अस्पताल के सुप्रीटेंडेंट डॉ. विनित जैन ने कहा कि मरीज का लिवर काफी डेमेज हो चुका था। इसलिए कोरोना से ही मौत नहीं कह सकते। हालांकि मरीज की रिपोर्ट कोरोना पॉजिटिव ■ शेष

प्रदेश में अब तक 24 की मौत, रायपुर में 6

इन जिलों से मिले मरीज

रायपुर से 106, दुर्ग से 23, राजनांदगांव से 18, बिलासपुर, सरगुजा से 17-17, बालोद से 8, जांजगीर चांपा से 7, गरियाबंद से 5, जशपुर से 4, रायगढ़, मुंगेली से 3-3, दंतेवाड़ा से 2, बलौदाबाजार व धमतरी से 1-1। वहीं रायपुर जिले के 2 पुरुषों व मध्यप्रदेश निवासी एक महिला की मौत हो गई।

एसपी ऑफिस के साथ कबीरनगर थाना सील

राजधानी में कोरोना संक्रमण तेजी से पांव पसार रहा है। इसी क्रम में अब एसपी ऑफिस तक भी कोरोना संक्रमण पहुंच चुका है। यहां ओएम शाखा में पदस्थ एक प्रधान आरक्षक (हेड कांस्टेबल) कोरोना संक्रमित मिला है। वहीं कबीरनगर थाना में भी कोरोना संक्रमित मिलने के बाद थाने को सील कर दिया गया है। पुलिस अधीक्षक कार्यालय के ओएम शाखा में पदस्थ ■ शेष पृष्ठ 8 पर

■ एसपी ऑफिस के हेड कांस्टेबल के साथ कबीरनगर थाने का एएसआई निकला कोरोना पॉजिटिव

अब तक पांच थाने सील

ज्ञात हो कि शहर में यह पांचवा थाना है जहां कोरोना संक्रमित मरीज आने के बाद थाना परिसर को सील कर दिया गया है। इसके पहले भी शहर के चार अन्य थानों में इसी तरह कोरोना संक्रमण होने के बाद थाना को सील करने की कार्यवाही हो चुकी है।

देश में मौतें 26 हजार के पास

नई दिल्ली। देश में कोरोना संक्रमितों व इससे मरने वालों का आंकड़ा लगातार बढ़ रहा है। मृतकों की संख्या 26 हजार के पास पहुंच गई है जबकि देश में कुल संक्रमितों का आंकड़ा भी 10 लाख 18 हजार के पार हो गया है। अकेले महाराष्ट्र में ही 11000 से ज्यादा मौतें दर्ज की जा चुकी है जो देश में सर्वाधिक है।

आज बेबाक

बिहार में बारिश की पहली फुहार में अरबों की लागत से बना पुल अपने निर्माण के 29वें दिन ढह गया। वाकई यह हैरत की बात है। इसकी किसी अंतर्राष्ट्रीय एजेंसी से जांच होनी चाहिए। तभी यह रहस्य उजागर होगा कि आखिर ये पुल 29 दिनों तक कैसे टिक गया? जिस देश में भ्रष्टाचार ने शिष्टाचार का रूप ले लिया है, वहां तो कायदे से पुल, पुलिया, भवन और सड़कों को निर्माण के एक सप्ताह के भीतर ही धाराशायी हो जाना चाहिए। जो एक माह चलने वाला पुल बनाए उसे फांसी हो। ताकि भ्रष्टमेव जयते का नारा सार्थक हो।

लॉन्चिंग...

गोधन न्याय योजना के प्रतीक चिह्न का विमोचन

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और कृषि एवं जल संसाधन मंत्री रविन्द्र चौबे ने शुक्रवार को यहां मुख्यमंत्री निवास कार्यालय में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित कलेक्टर्स कान्फ्रेंस के दौरान छत्तीसगढ़ सरकार की महत्वाकांक्षी 'गोधन न्याय योजना' के प्रतीक चिह्न (लोगो) का विमोचन किया। राज्य सरकार द्वारा हरेली पर्व से प्रदेश में गोधन न्याय योजना की शुरुआत की जा रही है। इस अवसर पर मुख्य सचिव आर पी मंडल, मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव सुब्रत साहू, कृषि उत्पादन आयुक्त डॉ. एम. गीता, मुख्यमंत्री के ग्रामीण विकास सलाहकार प्रदीप शर्मा, मुख्यमंत्री के संसदीय सलाहकार राजेश तिवारी उपस्थित थे।

अच्छी खबर

सामाजिक दूरी बनाये रखने के लिए बनाया नया उपकरण

नई दिल्ली/(वार्ता)। भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम) कोझिकोड ने कोरोना से लड़ने के लिए 'सामाजिक दूरी' बनाये रखने के वास्ते एक नया उपकरण बनाया है। 'वेल बैंड' नामक इस उपकरण को शरीर पर पहना भी जा सकता है। यह उपकरण बैटरी द्वारा संचालित होता है। इस उपकरण के अलार्म एलईडी लाइट के फ्लैश तथा कंपन के जरिए इस बात की जानकारी मिल जाएगी कि आपके आसपास 'सोशल डिस्टेंसिंग' का कहीं उल्लंघन तो नहीं हुआ है। यह उपकरण दफ्तरों, स्कूल, कॉलेजों और कॉरपोरेट कार्यालयों के लिए बहुत उपयोगी सिद्ध होगा। आईआईएम कोझिकोड के निदेशक देवाशीष चटर्जी ने कहा है कि इस उपकरण को आईआईएम के स्टार्टअप प्रकोष्ठ ने बनाया है और क्रेल 5 इंडिया लिमिटेड कंपनी ने इसे तैयार किया है। इस स्टार्टअप का नेतृत्व के. मल्ला पेड़ी ने किया है जो इस प्रकोष्ठ की सह संस्थापक हैं।

राजभवन में सौजन्य भेंट पर रोक

नव प्रदेश संवाददाता

रायपुर। कोरोना महामारी के बढ़ते प्रभाव के चलते राजभवन में 31 जुलाई 2020 तक सभी सौजन्य भेंट स्थगित की जाती है। आवश्यक होने पर नागरिकगण राजभवन सचिवालय में पत्र भेजकर या दूरभाष पर विषय से अवगत करा सकते हैं। साथ ही ईमेल भी किया जा सकता है।

राज्यपाल अनुसुईया उइके ने कहा है कि अभी पिछले कुछ दिनों से पूरे प्रदेश सहित राजधानी रायपुर में संक्रमित मरीजों की संख्या में तेजी से वृद्धि हो रही है, इसलिए नागरिक विशेष सावधानी बरतें जब भी घर से बाहर निकले तो मास्क का उपयोग अनिवार्य रूप से करें और सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करें। भीड़-भाड़ वाली जगह पर जाने से बचें। अनावश्यक घर से बाहर न निकले। अपने बुजुर्गों और बच्चों का विशेष रूप से ध्यान रखें।

राज्यपाल ने कहा है कि अपने आसपास साफ-सफाई रखे और अपने हाथों को बार-बार साबून से धोयें। यदि किसी को सर्दी या फ्लू हो तो खांसते समय रूमाल या टीसू पेपर का इस्तेमाल करें। आपस में निश्चित दूरी बनाकर रखें।

उम्रकैद के दोषी की 14 साल पहले रिहाई संभव या नहीं, तय करेगी संवैधानिक बेंच

सुप्रीम कोर्ट की तीन जजों की बेंच ने मामले को पांच जजों की संवैधानिक बेंच को रेफर किया

नई दिल्ली/ए.। सुप्रीम कोर्ट की पांच जजों की संवैधानिक पीठ तय करेगा कि क्या राज्यपाल उम्रकैद की सजा के मामले में दोषी को 14 साल सजा काटने से पहले ही रिहाई के लिए पॉलिसी बना सकते हैं? और क्या राज्यपाल ऐसे जल्द रिहाई के लिए नीति को मंजूर कर सकते हैं। सुप्रीम कोर्ट की तीन जजों की बेंच ने मामले को पांच जजों की संवैधानिक बेंच को रेफर कर दिया है।

अभी ये हैं नियम

दरअसल, धारा-432 के तहत राज्य सरकार मुजरिम को सजा में छूट दे सकती है और 433 के तहत प्रावधान है कि सजा में बदलाव कर सकती है। 1978 में सीआरपीसी की धारा में बदलाव करते हुए 433 ए जोड़ा गया और कहा गया कि सरकार उम्रकैद की सजा को 14 साल से कम नहीं कर सकती। यानी सीआरपीसी के प्रावधान के तहत उम्रकैद के मामले में सरकार सजा में छूट दे सकती है लेकिन 14 साल से पहले सजा में छूट नहीं दी जा सकती।

संयुक्त राष्ट्र को 75वीं सालगिरह की पूर्व संध्या पर पीएम मोदी ने किया संबोधित, कहा

कोरोना पर भारत का रिकवरी रेट सबसे बेहतर

नई दिल्ली/ए.। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को संयुक्त राष्ट्र (यूएन) को संबोधित किया। कोरोना वायरस पर बात करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि हम सभी प्राकृतिक आपदाओं से लड़े। भारत ने आपदाओं का मुकाबला तेजी और मजबूती से किया। हमने सार्क कोविड इमरजेंसी फंड बनाया। कोरोना से लड़ाई को हमने जन आंदोलन बनाया। कोरोना पर भारत का रिकवरी रेट दुनिया में सबसे बेहतर है। पीएम मोदी का यह संबोधन संयुक्त राष्ट्र की 75वीं सालगिरह की पूर्व संध्या पर न्यूयॉर्क में आयोजित एक कार्यक्रम में हुआ। यूएन (सुरक्षा परिषद) का अस्थायी सदस्य बनने के बाद पीएम मोदी का यह पहला संबोधन था। प्रधानमंत्री मोदी का ये संबोधन वर्चुअल ही हुआ। पीएम मोदी ने अपने संबोधन में आगे कहा कि दूसरे विश्वयुद्ध के बाद दुनिया बदल गई है। भारत हर क्षेत्र में आगे बढ़ रहा है। हम अपनी महिलाओं को सशक्त बनाने की हरसंभव कोशिश कर रहे हैं। पिछले 6 साल में हमने डायरेक्ट बिनिफिशियल प्रोग्राम के लिए 40 करोड़ बैंक खाते खोले हैं. जरूरतमंद लोगों के खाते में सीधे पैसे पहुंचाए।

खाद्य सुरक्षा योजना का 830 मिलियन लोगों को मिला लाभ

संयुक्त राष्ट्र के अपने वर्चुअल संबोधन में प्रधानमंत्री ने कहा कि सबको भोजन के लिए हम खाद्य सुरक्षा लेकर आए। हमारे खाद्य सुरक्षा योजना से देश के 830 मिलियन नागरिकों को लाभ मिला है। पीएम आवास योजना के जरिए 2022 तक हर भारतीय के सिर के ऊपर अपनी छत होगी जब भारत अपनी आजादी की 75वीं वर्षगांठ मना रहा होगा।

कोरोना अपडेट

देश	टोटल केस	मौत
अमेरिका	3,724,096	141,479
ब्राजील	2,021,834	76,997
ब्रिटेन	293,239	45,233
मैक्सिको	324,041	37,574
इटली	243,967	35,028
फ्रांस	173,838	30,138
स्पेन	307,335	28,420
ईरान	269,440	13,791
रूस	759,203	12,123

शेयर बाजार

सेंसेक्स- 37020.14
निफ्टी- 10901.70
गोल्ड- 48923 (10 ग्रा.)
सिल्वर- 52706 (1 कि ग्रा.)

पदोन्नति में आरक्षण : पांच सदस्यीय समिति गठित

रायपुर (नव प्रदेश)। पदोन्नति में आरक्षण के लिए कोर्ट की शर्तों के अनुरूप प्रतिनिधित्व के आंकड़े इकट्ठा करने के लिए राज्य शासन की ओर से पाच सदस्यीय समिति गठित कर दी गई है। इस समिति का अध्यक्ष प्रमुख सचिव वाणिज्य मनोज कुमार पिंगुआ को बनाया गया है। उक्त पहल के सोशल जस्टिस एंड लीगल सेल ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का आभार व्यक्त किया है। साथ सेल ने उम्मीद जताई है कि समिति समय पर राज्य शासन को अपनी रिपोर्ट सौंपेगी। इस मामले को नवप्रदेश भी लगातार प्रमुखता से प्रकाशित करते आ रहा है। कमेटी गठित करने व अनुसूचित जाति, पिछड़ा वर्ग आरक्षण संसोधन बिल विधानसभा में पारित कराने की मांग को लेकर बीते सप्ताह 12 एससी, एसटी तथा ओबीसी विधायकों के साथ सोशल जस्टिस एंड लीगल सेल के प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री से मुलाकात की थी।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बाद अब लद्दाख में गरजे सिंह, चीन को सख्त संदेश

कोई ताकत नहीं ले सकती हमसे हमारी एक इंच भी जमीन

लद्दाख/लेह/नवप्रदेश। लद्दाख में रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने भारतीय जवानों को संबोधित करते हुए कहा कि दुनिया की कोई भी ताकत हमारी एक इंच भी जमीन हमसे नहीं ले सकती है। रक्षामंत्री ने कहा कि सीमा विवाद को सुलझाने के लिए बातचीत जारी है। इसका कहां तक हल निकल सकता है इसकी मैं गारंटी नहीं दे सकता। लेकिन मैं आपको इतना जरूर आश्वस्त कर सकता हूं कि दुनिया की कोई भी ताकत हमारी एक इंच भी जमीन हमसे नहीं ले सकती है। साथ ही उन्होंने यह भी कहा ■ शेष पृष्ठ 8 पर

अपनी दो दिवसीय यात्रा पर लेह पहुंचे राजनाथ सिंह ने लेह के स्ताकना में भारतीय सेना के एक खास कार्यक्रम में हिस्सा लिया। इसमें जवानों ने पैरा ड्रॉपिंग और अन्य करतबों से शक्ति का खास प्रदर्शन किया। इस दौरान सेना के अधिकारियों के साथ रक्षामंत्री खुद एक राइफल से निशाना लगाते दिखे।

मोदी सरकार की कमजोर नीतियों का चीन ने उठाया फायदा : राहुल

नई दिल्ली/ (वार्ता) कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार की विदेश तथा आर्थिक नीतियों को बेहद कमजोर बताया। और कहा है कि इस सरकार के प्रति जनता का विश्वास डगमगाया है जिसे देखते हुए चीन को लगा कि यही अनुकूल समय है और इसका फायदा उठाकर उसने हमारी सीमाओं में घुसपैठ करने का दुस्साहस किया है।

गरमा-गरम

राज-काज प्राधिकरण, निगम, मंडल की नियुक्तियां दर्शाती हैं भूपेश का मजबूत नियंत्रण

एक को साधे सब सधे, शक्ति का रखा संतुलन

सरगुजा महाराज के 3 तो मंत्री भगत का भी रखा ख्याल

बकाया को साधने के लिए दर्जनभर नियुक्तियां जल्द ही

नवप्रदेश संवादाता

रायपुर। तीन चौथाई से ज्यादा बड़ी बहुमत हासिल कर सूबे की सत्ता में आई कांग्रेस सरकार में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल अपनी मजबूत स्थिति बनाने में कामयाब रहे। मध्यप्रदेश और राजस्थान जैसी स्थिति का भले ही विपक्षी भाजपा छत्तीसगढ़ का हाल बता रही है। लेकिन यह कोरी कल्पना है, क्योंकि बतौर सूबा-ऐ-सदर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने 18 माह बीतने के साथ ही राजकाज के चारों पाए मजबूत कर लिये हैं। प्राधिकरण, निगम और मंडल की नियुक्तियों से भी साफ हो गया है कि सूचि में शक्ति का संतुलन, अपनों की चिंता, भविष्य की तैयारियां और विरोधियों को चेतावनी भरा है। शुरुआती दिनों में जय-वीरू और ठाकुर की तरह शुरुआत करने वाले सीएम अब खुद मुख़तार हासिल हैं। नतीजतन एक को साधे सब सधे वाली सूची में सरगुजा में वरिष्ठता को 3 बार तवज्जो दी गई है तो वहीं शक्ति का संतुलन वाले अंदाज में पैलेस से काफी दूर हो चुके मंत्री अमरजीत भगत को भी दूसरी बार ख्याल रखते हुए 1 पद दे दिया।

लिहाज़ा इन नियुक्तियों को दूसरे आयामों से भी देखना चाहिए। भूपेश बघेल ने संसदीय सचिवों और निगम-मंडल की नियुक्तियों के साथ उन नेताओं की सत्ता में हिस्सेदारी सुनिश्चित की है। जिन्होंने विपक्ष की राजनीति और चुनाव में पार्टी के लिए अहम योगदान ■ शेष पृष्ठ 8 पर

दर्जनभर नियुक्तियों के लिए बचे हैं विभाग

अभी ब्रेवरेज कॉरपोरेशन, बीज निगम जैसे दर्जनभर निगम, मंडल की नियुक्तियां बकाया हैं। इसी तरह सूची में जो छूट गए या फिर जिनकी अनदेखी हुई उनके लिए भी सीएम ने संभावनाएं रखा है। मतलब साफ है सभी सधे, जो आधे सधे उन्हें पूरा साधने की एक वजह होगी जो सत्ता, पार्टी और खुद मुख्तार रहने की मजबूत नियंत्रित कवायद के लिए मानी जाएगी।

विमान में अब एक यात्री के लिए बुक करा सकेंगे दो सीटें

नई दिल्ली/ (वार्ता)। देश की सबसे बड़ी विमान सेवा कंपनी इंडिगो ने कोविड-19 के मद्देनजर एक यात्री के लिए दो सीट बुक कराने का विकल्प दिया है। यह पेशकश उन यात्रियों के लिए है जिन्हें बगल की सीट पर बैठे यात्री से संक्रमण की आशंका इस कदर सता रही है कि वे एक के बदले दो सीट का पैसा देने को तैयार हैं। साथ ही कंपनी को इस योजना से कोरोना के दौर में कमाई बढ़ाने में मदद मिलेगी। एयरलाइन की वेबसाइट पर टिकट बुक कराते समय ही यह विकल्प चुना जा सकेगा। यात्री खुद से या एजेंट के जरिये सिर्फ ऑनलाइन टिकट बुक कराते समय ही यह विकल्प चुन सकेंगे। ट्रेवल पोर्टल, एयरलाइन के कॉल सेंटर या हवाईअड्डों पर काउंटर पर बुकिंग कराने वालों को यह सुविधा उपलब्ध नहीं होगी। दो सीट बुक कराने के बावजूद यात्री को निःशुल्क बैगेज एक सीट के अनुसार ही ले जाने की अनुमति होगी।

कोरोना से आमदनी ठप तो केंद्र दे मासिक मुआवजा, ऐसा निर्देश देने से सुप्रीम कोर्ट का इनकार

नई दिल्ली ए.। सुप्रीम कोर्ट ने उस गुहार को ठुकरा दिया जिसमें अर्जी दाखिल कर सुप्रीम कोर्ट बार क्लर्क असोसिएशन ने मदद की गुहार लगाई थी। याचिका में कहा गया था कि पिछले तीन महीनों से वो कोरोना के कारण वित्तीय संकट से जूझ रहे हैं। ऐसे में राष्ट्रीय आपदा नियम के तहत केंद्र सरकार को निर्देश दिया जाए कि वह प्रत्येक मेंबर को 15 हजार रुपये मासिक तौर पर भुगतान करें। सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार को निर्देश देने से मना कर दिया।

केंद्र से कैसे भुगतान को कहें : सुको

अदालत ने कहा कि केंद्र सरकार को इस मामले में पहला प्रतिवादी बनाया गया है। अदालत ने सवाल किया कि कैसे केंद्र सरकार को कहा जाए कि वह भुगतान करे। तब याचिकाकर्ताओं की ओर से पेश सीनियर एडवोकेट सिद्धार्थ लूथरा ने कहा कि उन्हें इस बात की अनुमति देनी चाहिए कि वह रिप्रजेंटेशन के लिए बार काउंसिल ऑफइंडिया के

सामने जाएं। तब कोर्ट ने कहा कि लेकिन बार काउंसिल ऑफइंडिया तो वकीलों के मामले को देखती है।

तमाम क्लर्क झेल रहे वित्तीय संकट

याचिका में कहा गया था ऐसे तमाम क्लर्क को बेसिक सैलरी तक नहीं मिल पाई है। ऐसे में कोर्ट से गुहार लगाई गई है कि केंद्र सरकार से कहा जाए कि वह प्रत्येक मेंबर को जब तक स्थिति नॉर्मल नहीं होती तब तक पेमेंट करें। याचिका में कहा गया है कि लॉकडाउन की घोषणा 24 मार्च को हुई थी लेकिन उसके बाद ये तमाम क्लर्क वित्तीय संकट में आ गए हैं और इस तरह उनके जीवन के अधिकार का उल्लंघन हो रहा है।

मदद की गुहार

याचिका में कहा गया था कि ज्यादातर बार क्लर्क की स्थिति ऐसी है कि उन्हें अपना जीवन यापन चलाने तक के लिए पैसे नहीं हैं।उनके बच्चों की स्कूल फीस, खाने और स्वास्थ्य की दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। उनके पास कोई और जरिया भी नहीं है।

वकीलों के साथ क्लर्क का कामकाज है। वह वकीलों से जुड़े हुए हैं। वकीलों की कमाई नए केस की फाइलिंग से जुड़ी हुई है। लेकिन बीते कुछ महीनों से बहुत ही कम मामलों में केस फाइल की गई है। ऐसे में वकील अपने क्लर्क को भी पेमेंट नहीं कर पाए हैं। इस विषम परिस्थिति में क्लर्क ने मदद की गुहार लगाई थी।

याचिकाकर्ता की ओर से कहा गया है कि भारत सरकार ने कोरोना से लड़ने के लिए करोड़ों के मदद की घोषणा की है। डिजास्टर मैनेजमेंट एक्ट की धारा-11 के तहत इस तरह की परिस्थितियों से लड़ने के लिए प्रावधान करता है। ऐसे में याचिकार्ताओं की गुहार है कि उन्हें मुआवजा दिए जाने का केंद्र को निर्देश दिया जाए।

मप्र में कांग्रेस विधायक सुमित्रा देवी ने दिया इस्तीफा

भोपाल ए.। एमपी में कांग्रेस को एक और बड़ा झटका लगा है।

उपचुनाव की तैयारियों के बीच कांग्रेस के एक और विधायक ने इस्तीफा दे दिया है। बुरहानपुर जिले के नेपानगगर विधानसभा क्षेत्र से विधायक सुमित्रा देवी ने इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने विधासभा सचिवालय को लिखित इस्तीफा भेजा दिया है। एक सप्ताह के अंदर कांग्रेस के लिए यह दूसरा बड़ा झटका है। राजस्थान में सियासी संग्राम अभी नहीं थमा है। इधर एमपी में कांग्रेस को एक और बड़ा झटका लगा है। प्रद्युमन सिंह लोधी के बाद नेपानगर से विधायक सुमित्रा देवी ने इस्तीफा दे दिया है। हालांकि वजहों का खुलासा अभी नहीं हो पाया है। विधानसभा सचिवालय ने उनके इस्तीफे की पुष्टि कर दी है। कयास लगाए जा रहे हैं कि सुमित्रा देवी भी बीजेपी में शामिल हो सकती हैं।

प्रद्युमन सिंह लोधी ने भी दिया है इस्तीफा

पिछले ही सप्ताह कांग्रेस के विधायक रहे प्रद्युमन सिंह लोधी ने भी पार्टी से इस्तीफा दिया था। उन्होंने इस्तीफा देने के बाद बीजेपी की सदस्यता ग्रहण कर ली थी। बीजेपी में शामिल होने के 6 घंटे बाद ही उन्हें कैबिनेट मंत्री का दर्जा दे दिया गया था।

कोरोना रोगी की मौत में भी इम्यून सिस्टम की भूमिका अहम

रिसर्च में आया सामने

नई दिल्ली ए.। लोगों पर कोरोना के अलग-अलग प्रभाव को लेकर शोध कर रहे वैज्ञानिकों का दावा है कि कोरोना से हो रही मौतों में भी अहम भूमिका शरीर के प्रतिरोधक तंत्र है। यदि व्यक्ति का प्रतिरोधक तंत्र दुरुस्त है तो मौत का खतरा कम है। इससे कोई फर्क नहीं पड़ता है कि व्यक्ति की उम्र क्या है?

मैडीरेक्सीव जर्नल में प्रकाशित एक शोध के अनुसार ब्रिटेन के एडिनबर्ग एवं अन्य विश्वविद्यालयों के शोधकर्ताओं ने कोरोना से मरे लोगों के शवों का गहन परीक्षण के दौरान यह नतीजा निकाला। शोधकर्ताओं ने मौत के तुरंत बाद 11 शवों में 37 अंगों एवं संरचनाओं की जांच-पड़ताल की। इनमें फेफड़े भी शामिल हैं।

अब तक यह माना जाना था कि कारोना के संक्रमण के कारण कई अंगों के उत्तकों में सूजना आती है जिससे धीरे-धीरे अंग कार्य करना बंद कर देते हैं। इसके लिए कोरोना रोगियों को डेक्सामाइथासोन दवा दी गई जो सूजन कम करती है, लेकिन इन शवों का अध्ययन करने वाले वैज्ञानिकों का कहना है कि उत्तकों में सूजना कोरोना रोगियों की मौत की वजह नहीं है। इससे सिर्फ कोरोना के संक्रमण की पुष्टि होती है।

शोधकर्ताओं ने कहा कि कोरोना संक्रमण के कारण उत्तकों में कोरोना का आरएनए एवं प्रोटीन मिले हैं, लेकिन इसका प्रभाव उत्तकों में सूजन तक ही सीमित है। पृथम दृष्टया ऐसा लगता है कि यह मौत की वजह नहीं है। बल्कि मौत की वजह शरीर का प्रतिरोधक तंत्र है जिन लोगों में वह सही काम नहीं करता है, उनमें दिक्कतें बढ़ती हैं और मृत्यु का कारण बनता है।

देश में जुलाई में कोरोना संक्रमण के 4.18 लाख मामले सामने आए

नयी दिल्ली (वार्ता)। देश में जुलाई में वैश्विक महामारी कोरोना वायरस(कोविड 19) संक्रमण के 4.18 मामले सामने आये और इस बीमारी से 8202 लोगों की जानें गयी जबकि 2.87 लाख लोग कोरोना मुक्त हुए। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक एक जुलाई की सुबह कोरोना संक्रमितों की संख्या 5,85,493 थी जो करीब एक पखवाड़ा बाद यह आंकड़ा 10 लाख को पार कर गया। सत्रह जुलाई को कोरोना संक्रमितों का आंकड़ा 10,03, 832 हो गया।

देश में कोरोना रिकवरी दर 63.35 प्रतिशत

नयी दिल्ली (वार्ता)। पिछले 24 घंटे में देशभर में रिकॉर्ड 22,942 कोरोना संक्रमित मरीज पूरी तरह ठीक हुए हैं, जिससे देश में कोरोना रिकवरी दर बढ़कर 63.35 प्रतिशत हो गयी है। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने शुक्रवार को कहा कि कोरोना संक्रमण मुक्त होने वाले व्यक्तियों की संख्या बढ़ने के अलावा अच्छी खबर यह है कि देश में संक्रमण के कारण गंभीर रुप से कम ही लोग बीमार हैं। देश में कोरोना संक्रमितों में से मात्र 0.35 प्रतिशत मरीज वेंटिलेटर पर हैं। इनके इलावा 1.94 प्रतिशत मरीज आईसीयू में भर्ती हैं और 2.81 प्रतिशत मरीज ऑक्सीजन बेड पर हैं।

यूएस, ब्रिटेन और कनाडा का आरोप

रूस ने चुराया कोविड-19 का वैक्सीन रिसर्च

नई दिल्ली ए.। अमेरिका, ब्रिटेन और कनाडा ने रूस पर आरोप लगाया है कि वह दुनिया भर में फैली महामारी कोरोना वायरस के वैक्सीन अनुसंधान चुराने की कोशिश कर रहा है। वायरस ने 5,85,000 से अधिक लोगों को मार दिया है, 13.6 मिलियन से अधिक लोग संक्रमित हैं और पिछले साल के अंत में इस वायरस ने उभरने के बाद से वैश्विक अर्थव्यवस्था को अपंग कर दिया है। दुनिया की उम्मीदें इसकी वैक्सीन पर टिक गई हैं। इधर, ब्राजील ने घोषणा की कि यह दो मिलियन पुष्ट मामलों को पार कर गया है। ब्रिटिश मीडिया ने गुरुवार को बताया कि ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय के एक परीक्षण ने अपने प्रोटोटाइप वैक्सीन से वायरस के खिलाफप्रतिरक्षा प्रतिक्रिया उत्पन्न की है। लेकिन घंटों बाद ब्रिटेन के राष्ट्रीय साइबर सुरक्षा केंद्र ने कहा कि APT29 नामक एक हैकिंग समूह ने मूल्यवान बौद्धिक संपदा की चोरी करने के लिए वैक्सीन अनुसंधान करने वाली ब्रिटिश प्रयोगशालाओं को टारगेट किया था। एजेंसी ने कहा कि यह ये लगभग (95% +) निश्चित है कि APT29 रूसी खुफिया सेवाओं का हिस्सा हैं और इसके शोधकर्ताओं का लक्ष्य "COVID-19 वैक्सीन अनुसंधान पर जानकारी एकत्र करना था। अमेरिका, ब्रिटेन और कनाडा सभी ने संयुक्त सुरक्षा सलाहकार में रूस पर आरोप लगाया। मास्को ने क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेसकोव के साथ यह कहते हुए किसी भी संलिप्तता से इनकार किया: रूस का इन प्रयासों से कोई लेना-देना नहीं है। यह विवाद तब आया जब एक टीका की आवश्यकता को ब्राजील के साथ एक बार फिर रेखांकित किया गया, जो दुनिया का दूसरा देश ऐसा देश है जो कोरोना को बुरी तरह झेल रहा है। यहां दो मिलियन कोरोना वायरस मामले सामने आए हैं। देश में दर्ज होने वाली मौतों की संख्या अब 76,000 से अधिक है।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप बोले- आई लव इंडिया

भारत और चीन के बीच शांति बनाए रखने हर कोशिश करूंगा

वाशिंगटन ए.। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि वह भारत और चीन के लोगों के लिए शांति बनाए रखने के लिए हर संभव प्रयास करना चाहते हैं। उनके प्रवक्ता ने यह जानकारी दी है। आपको बता दें कि बीते कई हफ्तों से ट्रंप प्रशासन लगातार चीन के खिलाफ भारत के समर्थन में सामने आया है।

व्हाइट हाउस के प्रेस सचिव कायले मैकनी ने गुरुवार को एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, ÷ट्रंप ने कहा कि मैं भारत और चीन के लोगों से प्यार करता हूं और लोगों के बीच शांति बनाए रखने के लिए हर कदम उठाना चाहता हूं।÷

कायले मैकनी पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा के साथ चीन के साथ गतिरोध पर भारत के लिए ट्रंप के संदेश पर एक सवाल का जवाब दे रही थी। इससे पहले दिन में, व्हाइट हाउस के आर्थिक सलाहकार लैरी कुडलो ने भारत को एक महान सहयोगी के रूप में वर्णित किया, कहा कि राष्ट्रपति ट्रंप

प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के एक अच्छे मित्र हैं।

भारत अमेरिका का बड़ा पार्टनर

बुधवार को माइक पोम्पिओ ने कहा कि भारत अमेरिका का एक बड़ा साझेदार रहा है। अमेरिकी विदेश मंत्री माइक पोम्पियो ने कहा था चीन के साथ सीमा पर टकराव समेत कई मुद्दों पर भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर के साथ उनकी अक्सर बातचीत होती रहती है। पोम्पियो ने यहां संवाददाताओं से कहा, भारत एक बड़ा साझेदार है। वे हमारे महत्वपूर्ण सहयोगी हैं। मेरे समकक्ष विदेश मंत्री के साथ मेरा बड़ा अच्छा संबंध है। विभिन्न मुद्दों पर हमारी अक्सर बातचीत होती है।

'ट्रंप पहले अमेरिकी राष्ट्रपति जो खुलकर भारत के समर्थन में आए'

व्हाइट हाउस के बयान का स्वागत करते हुए ट्रम्प विक्ट्री भारतीय अमेरिकी वित्त समिति के सह-अध्यक्ष, अल मेसन ने कहा कि राष्ट्रपति ट्रंप भारत के समर्थन में खुलकर सामने आए हैं। उन्होंने कहा कि ज्यादातर भारतीय-अमेरिकियों ने देखा है कि पहले के राष्ट्रपति चाहे वह डेमोक्रेट या रिपब्लिकन हों, जैसे कि क्लिंटन, सीनियार और जूनियार बुश या ओबामा, भारत का खुला समर्थन करने और चीन को चोट पहुंचाने से डरते थे। मेसन ने कहा कि कि केवल राष्ट्रपति ट्रंप ने यह कहने का साहस किया है कि मुझे भारत से प्यार है। अमेरिका भारत का सम्मान करता है।

चीन की चुनौतियों का जवाब देने का समय आ गया है: पोम्पिओ

अमेरिका के विदेश मंत्री माइक पोम्पिओ ने कहा कि अब समय आ गया है कि दुनिया चीन की कम्युनिस्ट पार्टी की ओर से पेश की जा रही चुनौतियों का जवाब दे।पोम्पिओ ने कहा कि दुनिया को बताने से काफी पहले ही चीन की सरकार को कोरोना वायरस के एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति में फैलने के बारे में पता था। पोम्पिओ ने कहा दक्षिणपूर्वी एशिया में ही नहीं बल्कि एशिया में, यूरोप में देशों को चीन की कम्युनिस्ट पार्टी द्वारा पेश की जा रही चुनौतियों के बारे में पता चल गया है। अमेरिका ने भी काफी लंबे समय तक इस पर गौर नहीं किया। मुझे लगता है कि अब वे सभी एक संयुक्त निष्कर्ष पर पहुंचे हैं कि इसे सही करने का समय आ गया है। दुनिया में लोकतंत्र और स्वतंत्रता से प्रेम करने वाले लोगों के लिए यह जरूरी है कि हम चीन की कम्युनिस्ट पार्टी द्वारा पेश की जा रही चुनौतियों का जवाब दें।

ड्रग्स केस के आरोपी को छोड़ने का बनाया था दबाव

- **नार्कोटिक्स विभाग की एएसपी ने मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह पर लगाए गंभीर आरोप**
- **एसपी बृंदा ने इंफाल हाई कोर्ट में शपथपत्र दायर कर कहा ड्रग्स माफिया को छोड़ने का सीएम ने बनाया था दबाव**

मणिपुर ए.। मणिपुर के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह और बीजेपी के एक टॉप नेता विवादों में फंस गए हैं। उनके ऊपर स्टेट नार्कोटिक्स ऐंड अफेयर ऑफ बॉर्डर ब्यूरो के एक वरिष्ठ अधिकारी ने गंभीर आरोप लगाए हैं। आरोप है कि जून 2018 में डिपार्टमेंट ने एक छापेमारी के दौरान ड्रग्स बरामद की थीं। इस छापेमारी में पकड़े गए आरोपी को छोड़ने के लिए बीरेन सिंह और बीजेपी के नेता ने उनके ऊपर दबाव बनाया।

खास बात यह है कि यह आरोप हवई नहीं हैं। बल्कि एनएबी की अडिश्नल सुपरीटेंडेंट ने इंफाल हाई कोर्ट में दिए गए शपथपत्र में कहा है। एएसपी एनएबी थाउनाओजम बृंदा के इस शपथपत्र के लीक होने के बाद राज्य में बीरेन सिंह पर विपक्ष हमलावर हो गया है।

बीजेपी नेता हुआ था गिरफ्तार

ड्रग्स रेड के इस मामले में विभाग ने 28 करोड़ से ज्यादा की ड्रग्स और कैश सीज किया था। इस मामले के मुख्य आरोपी लुखाउसी जू था। शपथपत्र में बताया गया है कि वह चंदेल जिले का एक स्थानीय बीजेपी नेता भी था। उसे छोड़ने के लिए सीएम ने अधिकारी पर दबाव बनाया। इंडियन एक्सप्रेस ने जब मुख्यमंत्री बीरेन सिंह से इस मामले में बात की तो उन्होंने कहा कि मामला कानूनी है। हर कोई जानता है कि जब कोई कानूनी मामला होता है तो उसमें कोई हस्तक्षेप नहीं कर सकता है। वह कोर्ट में अपना जवाब देंगे और वहीं से न्याय होगा। सीएम ने कहा, 'ड्रग्स के खिलाफहमारी सरकार की लड़ाई जारी रहेगी। मैं या मेरी पार्टी कभी इसमें इनवॉल्व नहीं रही, चाहे मेरे दोस्त हों या मेरे रिश्तेदार'

28,36,68,000 रुपये की हुई थी बरामदगी

बृंदा ने अपने शपथपत्र में कहा है कि एनएबी ने उनके अंडर में इंफाल में कई छापेमारी कीं। गैर कानूनी ड्रग्स के धंधे को लेकर की गिरफ्तारियां की गईं। कैश और ड्रग्स भी बरामद किए। इसी कड़ी में 19-20 जून 2018 की रात को उनकी टीम छापेमारी करने गए। इस छापेमारी में हीरोइन समेत जो ड्रग्स बरामद की गई उनकी इंटरनैशनल मार्केट में कीमत 28,36,68,000 थी।

लोन लेने के लिए ITR बनवाएं मात्र 500/- में

ITR GST

हमारे Tax Expert आपकी मदद हेतु तैयार है।

G.S.T. रिटर्न | Food Licence
इंकम TAX फाईल | M.S.M.E. रजिस्ट्रेशन
TDS रिफंड | प्रोजेक्ट रिपोर्ट
IT नोटिस | डिजिटल सिगनेचर

शेखर गुप्ता ONLY TDS.COM 9300755544 8878655544

कार्यालय नगर पालिका परिषद आरंग, जिला रायपुर (छ.ग.)

anagarpalika3@gmail.com

क्र./1032/न.पा./लोनिवि/2020-21 — आरंग, दिनांक 17/07/2020

// मैन्युअल निविदा आमंत्रण सूचना //

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु मैनुअल निविदा आमंत्रित की जाती है :-

क्र.	कार्य का विवरण	अनुमानित लागत (रुपए लाख में)	कोरा निविदा प्रपत्र हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि
1	2	3	4
1	वार्ड क्र. 13 में दीनदयाल कालोनी में शेड चबुतरा निर्माण कार्य	19.80	05.08.2020
2	नेशनल हाईवे से फिल्टर प्लांट तक आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य	2.57	--,,--
3	ए.एच.पी. आवास के पास आक्सीजोन निर्माण कार्य	10.16	--,,--
4	जोबा महादेव उद्यान के पास आक्सीजोन निर्माण कार्य	9.15	--,,--
5	वार्ड क्र. 06 में पशु चिकित्सालय में बाउण्ड्रीवाल निर्माण कार्य	6.55	--,,--
6	वार्ड क्र. 06 में इंडोर स्टेडियम से पुराने वाली तक आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य।	7.10	--,,--

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है साथ ही यह जानकारी विभागीय वेबसाईट http://uad.cg.gob.in से भी डाउनलोड की जा सकती है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद आरंग

कार्यालय कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग बालोद संभाग बालोद

निविदा आमंत्रण सूचना

क्रमांक-2201/NIT-7/2020-2021/वलेलि — दिनांक 15/07/2020

निविदा प्रपत्र क्रय करने हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि :- 22/07/2020 अपरान्ह 5.30 बजे तक
ठेकेदारों द्वारा प्रस्तुत निविदाएं प्राप्त करने की अंतिम तिथि :- 29/07/2020 अपरान्ह 5.30 बजे तक
निविदा खोलने की तिथि :- 30/07/2020 पूर्वान्ह 11.30 बजे तक

एनआईटी क्र. निविदा क्र.	कार्य का नाम/ NoOf Calls	कार्य की अनुमानित लागत (लाख में) अमानत राशि (रु.में)
1	2	3
7 T0058	20-21 लो.नि.वि. अनुविभाग क्रमांक 01 बालोद के अंतर्गत शासकीय आवासीय एवं गैर आवासीय भवनों में इम्पीरियेबल का कार्य 15720 द्वितीय आमंत्रण	20.00 20000.00 300000.00
7 T0059	20-21 लो.नि.वि. अनुविभाग क्रमांक 02 बालोद के अंतर्गत शासकीय आवासीय एवं गैर आवासीय भवनों में इम्पीरियेबल का कार्य 15720 द्वितीय आमंत्रण	20.00 20000.00 300000.00
7 T0060	20-21 लो.नि.वि. अनुविभाग गुण्डरदेही बालोद के अंतर्गत शासकीय आवासीय एवं गैर आवासीय भवनों में इम्पीरियेबल का कार्य 15720 द्वितीय आमंत्रण	20.00 20000.00 300000.00

निविदा संबंधी शर्तें विभागीय वेबसाईट www.cg.nic.in/pwdraipur में Live Tender के अंतर्गत निविदा प्रपत्र में उपलब्ध है। इनका अवलोकन संबंधित संभाग कार्यालय में किया जा सकता है।

जी-82407/3

कार्यपालन अभियंता
लोक निर्माण विभाग
बालोद संभाग बालोद

टीप :- निविदा प्रपत्र की कीमत राशि रु. 750.00 निविदाकारों की श्रेणी ''द'' से ''अ'' एवं कार्य की अवधि 30.112020 तक।

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर

निविदा सूचना

क्रमांक 20/नपानि/जोन-4/लो.क.वि./2020 — रायपुर, दिनांक 16.07.2020

आयुक्त नगर पालिक निगम, रायपुर की ओर से प्रस्तावित कार्य हेतु सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से दो लिफाफा पद्धति (प्रथम में अमानती राशि, अन्य कागजात एवं द्वितीय में निविदा प्रपत्र) में सील बंद निविदाएं स्पीड पोस्ट से निम्नानुसार आमंत्रित की जाती है।

1. निविदा प्राप्ति हेतु आवेदन की अंतिम तिथि - 30.07.2020 को सायं 5.30 बजे तक
2. निविदा प्रस्तुत करने की तिथि - 04.08.2020 को सायं 5.30 बजे तक
3. निविदा खोलने की तिथि - 05.08.2020 को सायं 11.00 बजे से

क्र.	कार्य का विवरण	प्राक्कलन राशि (लाख में)	अमानती राशि	निविदा प्रपत्र का मूल्य	ठेकेदार की श्रेणी	अवधि	निविदा प्रपत्र	एस.ओ.आर./ नॉन एस.ओ.आर.
1	2	3	4	5	6	7	8	9
1	स्वामी विवेकानंद सदर बाजार वार्ड क्र. 45 अंतर्गत बुढ़ातालाब के चारों ओर सुरक्षा हेतु 10 सुरक्षा गार्ड प्लेसमेंट एजेंसी के माध्यम से प्रदाय करने का कार्य।	12.72	9,600.00	750.00	श्रम आयुक्त कार्यालय, कर्मचारी राज्य बीमा निगम एवं लोककर्म विभाग में पंजीकृत	12 माह	प्रपत्र ''ब''	कलेक्टर दर पर आधारित

नोट :- निविदा से संबंधित नियम एवं अन्य शर्तें जोन क्रमांक 04 कार्यालय में कार्यालयीन अवधि में देखी जा सकती है।

पेयजल, सड़कबत्ती, सफाई समस्या निराकरण संपर्क निदान-1100

कार्यपालन अभियंता
जोन क्रमांक 4
नगर पालिक निगम, रायपुर

कार्यालय नगर पालिक निगम, जोन क्रमांक- 09 रायपुर

मोवा थाना के पास स्थित सामुदायिक भवन

:: निविदा आमंत्रण सूचना ::

क्र./44/न.पा.नि./जोन क्र. 09/2020 — रायपुर, दिनांक 15.07.2020

एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निविदा प्रपत्र ए एवं बी हेतु सीलबंद निविदाएं एस.ओ.आर. पर नियमानुसार प्रतिशत दर कम या अधिक/दर (समस्त कर सहित) के आधार पर दो लिफाफा पद्धति में दिनांक 06/08/2020 तक निविदाएं स्पीड पोस्ट के माध्यम से नगर पालिक निगम जोन कार्यालय क्र. 09 में कार्यालयीन दिवस में आमंत्रित की जाती है। इस हेतु निविदा प्रपत्र दिनांक 31.07.2020 शाम 4.00 बजे तक आवेदन के साथ निर्धारित राशि जमा कर, प्राप्त कर लिए जा सकेंगे। प्राप्त निविदाएं दिनांक 07.08.2020 को पूर्वान्ह 11.30 बजे तक उपस्थित निविदाकारों अथवा उनके अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जावेंगी।

क्र.	कार्य का नाम	आगणित राशि (लाख रुपए में)	अमानत राशि (रुपए में)	निविदा प्रपत्र मूल्य	निविदा प्रपत्र प्रारूप	समयावधि	ठेकेदार श्रेणी	ठेकेदार श्रेणी
1	जोन क्रमांक- 09 अंतर्गत पं. विद्याचरण शुक्ल वार्ड के फुण्डहर में गौठान निर्माण कार्य	4.25	4500.00	750.00	A	03 माह	ई रजिस्ट्रेशन द श्रेणी व उससे ऊपर	लोक निर्माण विभाग के भवन एस.ओ.आर. दिनांक 01.01.2015 से प्रभावशील तथा निविदा दिनांक तक संशोधित
2	जोन क्रमांक- 09 अंतर्गत बजरी/ डस्ट प्रदाय कार्य	14.00	11000.00	750.00	A	02 माह	ई रजिस्ट्रेशन द श्रेणी व उससे ऊपर	लोक निर्माण विभाग के भवन एस.ओ.आर. दिनांक 01.01.2015 से प्रभावशील तथा निविदा दिनांक तक संशोधित
3	जोन क्रमांक- 09 अंतर्गत वर्किंग वूमेन हॉस्टल में विभिन्न सामग्री प्रदाय कार्य	1.96	2000.00	750.00	B	02 माह	पंजीकृत ठेकेदार/फर्म / संस्था	NON S.O.R.
4	पं. विद्याचरण शुक्ल वार्ड अंतर्गत वर्किंग वूमेन हॉस्टल में गार्डन एवं पाथवे निर्माण कार्य	19.91	15000.00	750.00	A	02 माह	ई रजिस्ट्रेशन द श्रेणी व उससे ऊपर	लोक निर्माण विभाग के भवन एस.ओ.आर. दिनांक 01.01.2015 से प्रभावशील तथा निविदा दिनांक तक संशोधित

1. कार्य से संबंधित जानकारी एवं शर्तें कार्यालयीन दिवस में नगर पालिक निगम जोन क्रमांक-09 से प्राप्त की जा सकती है।
2. निविदा में उल्लेखित उपरोक्त दिनांक में शासकीय अवकाश होने की स्थिति में अगले कार्यालयन दिवस पर कार्यवाही किया जावेगा।
3. कार्य क्रमांक- 3 हेतु दर, समस्त टैक्स मिलाकर स्थल पर प्रदाय करना होगा।

जोन आयुक्त
जोन क्रमांक- 09
नगर पालिक निगम, रायपुर

■ न्यूज गैलरी

मुख्यमंत्री ने बाबू छोटेलाल श्रीवास्तव की पुण्यतिथि पर उन्हें किया नमन

रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानी और छत्तीसगढ़ में किसान सत्याग्रह के प्रणेता बाबू छोटेलाल श्रीवास्तव की 18 जुलाई को पुण्यतिथि पर उन्हें नमन किया है। बाबू छोटेलाल श्रीवास्तव के योगदान को याद करते हुए श्री बघेल ने कहा कि छत्तीसगढ़ में जनमानस को जागृत करने में 'बाबू साहेब' ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उनके नेतृत्व में शोषण और अन्याय के विरूद्ध उठ खड़े होने के कारण उनका जन्म-स्थान धमतरी जिले का कण्डेल गांव इतिहास में दर्ज हो गया है। इसके साथ ही अंग्रेजी शासन के अन्याय के विरूद्ध हुए किसान और रूद्री जंगल सत्याग्रह की आग पूरे देश में महसूस की गई। प्रदेश में स्वतंत्रता संग्राम आंदोलनों को मजबूत करने में भी उनकी अहम भूमिका रही है। श्री बघेल ने कहा कि बाबू साहब जैसे कर्मशील माटीपुत्र के विचार मूल्य हमें हमेशा प्रेरित करते रहेंगे।

जिला अस्पताल में गर्भ में शिशु की मौत के मामले में जांच के निर्देश

■ डॉ. अल्का गुप्ता जांच अधिकारी नियुक्त

रायपुर। स्वास्थ्य विभाग ने रायपुर जिला अस्पताल में 13 जुलाई को गर्भ में शिशु के मौत के मामले में जांच के निर्देश दिए हैं। स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंहदेव के निर्देश पर विभाग ने पूरे मामले की विस्तृत जांच के लिए जांच अधिकारी नियुक्त किया है। विभागीय सचिव श्रीमती निहारिका बारिक सिंह के निर्देश के बाद संचालक, स्वास्थ्य सेवाएं द्वारा राज्य स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण संस्थान की उपसंचालक डॉ. अलका गुप्ता को जांच अधिकारी बनाया गया है। उन्हें सात दिनों के भीतर विस्तृत जांच कर जांच प्रतिवेदन एवं दोषी अधिकारी-कर्मचारी के विरूद्ध कार्यवाही का प्रस्ताव संचालक, स्वास्थ्य सेवाएं को प्रेषित करने के निर्देश दिए गए हैं।

महात्मा गॉधी आवासीय परिसर, कोतवाली चौक में मिला कोरोना पॉजिटिव

रायपुर। भारत सरकार, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग तथा छत्तीसगढ़ शासन द्वारा जारी गाईडलाईन अनुसार जिला रायपुर में नगर पालिक निगम अंतर्गत महात्मा गॉधी आवासीय परिसर,कोतवाली चैक में 01 नया कोरोना पॉजिटिव केस पाये जाने के फ्लस्वरुपउक्त क्षेत्र को कन्टेनमेंट जोन घोषित किया गया है। जिला प्रशासन द्वारा घोषित कंटेनमेंट जोन में पश्चिम एवं पूर्व में अपार्टमेंट का बाउण्ड्रीवाल,उत्तर में रोड तथा दक्षिण में बंद गेट की परिसीमाए निर्धारित कि गई है।

गौठान और गोधन न्याय योजना ग्रामीणों की योजना, इन योजनाओं की पूरे देश में चर्चा : सीएम भूपेश

■ मुख्यमंत्री ने कलेक्टर्स कॉन्फ्रेंस में की तैयारियों की समीक्षा

■ हरेली पर गौठानों में समारोह पूर्वक होगी 'गोधन न्याय योजना' की शुरूआत

■ चरणबद्ध रूप से सभी ग्राम पंचायतों-गांवों में बनेंगे गौठान

नव प्रदेश संवाददाता

रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा है कि गोधन न्याय योजना के संचालन और निगरानी की पूरी जिम्मेदारी जिला कलेक्टरों की है। इस योजना की पूरे देश में चर्चा है, पूरे देश के अर्थशास्त्रियों और सामाजिक संगठनों की निगाह इस योजना पर है। इस योजना से गोबर एक कीमती वस्तु बनने जा रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य में पहले से संचालित समर्थन मूल्य में धान खरीदी, लघु वनोपजों की खरीदी और तेंदूपत्ता संग्रहण का काम जिस कुशलता और व्यवस्थित ढंग से किया जा रहा है। आने वाले समय में ऐसी ही व्यवस्था गोबर खरीदी और इससे तैयार वर्मी कम्पोस्ट की मार्केटिंग की करनी होगी। श्री बघेल आज यहां अपने निवास कार्यालय में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित कलेक्टर्स कॉन्फ्रेंस को सम्बोधित कर रहे थे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि गौठान छत्तीसगढ़ की परंपरा का हिस्सा है, जिन्हें आधुनिक स्वरूप देकर व्यावसायिकता से जोड़ा जा रहा है। जिससे गौठानों के माध्यम से ग्रामीणों के लिए रोजगार के अवसर पैदा हो सके और उन्हें आय का जरिया मिल सके। उन्होंने कहा कि गौठान और गोधन न्याय योजना मूलरूप से ग्रामीणों की अपनी योजना है। इस योजना को प्रारंभ करने के लिए राज्य सरकार द्वारा सभी संसाधन और व्यवस्थाएं उपलब्ध कराई जा रही है। आने वाले समय में ग्रामीण स्वयं इन योजनाओं का संचालन करेंगे।

श्री बघेल ने कहा कि 20 जुलाई हरेली पर्व से राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी गोधन न्याय योजना की प्रदेशव्यापी शुरूआत होगी। राज्य में पूर्ण हो चुके गौठानों में 20 जुलाई से अलग-अलग तिथियों में कार्यक्रम आयोजित होंगे। कार्यक्रम में राज्य सरकार के मंत्री, सांसदीय सचिव, पंचायती राज संस्थाओं और नगरीय निकायों के जनप्रतिनिधि शामिल होंगे। मुख्यमंत्री ने जिला कलेक्टरों से कहा कि गौठानों में जिले के प्रभारी मंत्री के अनुमोदन से गौठान समितियों का गठन कर उन्हें सक्रिय करें। गौठानों में काम करने वाले स्व-सहायता समूहों को चिन्हित कर लिया जाए। श्री बघेल ने कहा कि गोबर खरीदी और वर्मी कम्पोस्ट तैयार करने का कार्य उन्हीं लोगों को सौंपा जाए, जिन्हें हाथ से गोबर उठाने में संकोच न हो।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रथम चरण में ग्रामीण क्षेत्रों के 2408 और शहरी क्षेत्रों के 377 गौठानों में गोबर की खरीदी प्रारंभ की जाएगी। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में सभी गांवों में गोधन न्याय योजना प्रारंभ करने की मांग आएगी। इसलिए चरणबद्ध रूप से सभी 11 हजार 630 ग्राम पंचायतों और फिर 20 हजार गांवों में गौठान तैयार करने होंगे।

शुभम हत्याकांड की नए सिरे से होगी जांच

गृहमंत्री ने दिए जांच के निर्देश

0-मृतक के पिता ने गृहमंत्री से लगाई थी न्याय की गुहार

रायपुर। राजनांदगांव के चर्चित शुभम नामदेव हत्याकांड की नई सिरे से जांच होगी। गृहमंत्री ने अपर मुख्य सचिव गृह को नई टीम गठित कर शीघ्र कार्यवाही व जांच कराने का निर्देश दिया है। सूत्रों ने बताया कि मामले में राजनांदगांव निवासी प्रार्थी रावेन्द्र कुमार नामदेव ने अपने पुत्र शुभम नामदेव 23 वर्ष की हत्याकांड के सिलसिले में गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू से मिलकर अपनी व्यथा बताई थी। गृहमंत्री श्री साहू ने इस मामले को गंभीरता से लिया और युवक शुभम नामदेव की गला रेतकर हत्या करने वाले अज्ञात हत्यारों के आज तक पकड़े न जाने पर नाराजगी भी जताई। ज्ञात हो कि दो वर्ष पूर्व राजनांदगांव में शुभम नामदेव की निर्मम हत्या हो गई थी। पुलिस की कार्यवाही से असंतुष्ट श्री साहू ने तत्काल इस हत्याकांड की सारी डिटेल मंगवाई है। वहीं अपर मुख्य सचिव (गृह)को नई टीम गठित कर यथाशीघ्र कार्यवाई के लिए निर्देशित किया है।

खाते से 1 लाख 10 हजार पार, मामला दर्ज

रायपुर। केमरा एसेसिरज भेजने मोबाईल सर्च के दौरान दिये गये लिंक के क्लिक करते ही पेटीएम से 1 लाख 10 हजार रुपये किसी ने निकाल लिया। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ मौदहापारा थाने में दर्ज की गई है। डीएम वाटिका खम्हारडीह तेलीबांधा निवासी राजेश खेमानी 42 वर्ष ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि 4 से 5 जुलाई के मध्य प्रार्थी केमरा एसेसिरज महाराष्ट्र भेजने के लिये गुगल पर सर्च कर बीटीएच कोरियर सर्विस का नम्बर प्राप्त कर दिये गये मोबाईल नम्बर 85095-66216 पर बात करने से लिंक भेजा गया जिस पर क्लिक करने पर दूसरे दिन पेटीएम के माध्यम से 1लाख 10 हजार रुपये निकाल लिया गया।

कोरोना काल में बसों को सवारी नहीं मिलने से हो रहा लाखों का नुकसान

■ नान यूज बसों पर कर माफी नहीं, जल्द मिलेगा परिवहन आयुक्त का आदेश बस मालिकों को

रायपुर। कोरोना वायरस महामारी के कारण कोरोना काल में इन दिनों शासन द्वारा अंतरजिला बसों को चलाने का आदेश जारी करने के बाद भी बस ऑपरेटरों की समस्याएं कम नहीं हो रही हैं। बस ऑपरेटर संघ के अध्यक्ष के अनुसार सोशल डिस्टेंसिंग के जरिए अधिकांश बसें सवारी नहीं मिलने के कारण प्रतिदिन लाखों रुपये का नुकसान उठा रही हैं इधर, शासन के परिवहन विभाग द्वारा जारी आदेश के अनुसार आयुक्त परिवहन ने नान यूज बसों पर करों की माफी नहीं करने का निर्णय के संबंध में जारी परिपत्र बस ऑपरेटरों को प्रेषित किया है। ऑपरेटर संघ के अध्यक्ष एवं महासचिव के अनुसार करों में माफी नहीं मिलने से बस ऑपरेटर दोहरी मार का शिकार हो रहे हैं। ज्ञातव्य है कि अधिकांश बस ऑपरेटरों ने बैंकों से लंबे चौड़े लोन लेकर सड़कों पर गाड़ियां चला रहे हैं। समय पर किस्त नहीं पटने के कारण बैंक प्रबंधनों द्वारा भी बस ऑपरेटरों को लोन की किस्त पटाने के लिए नोटिस जारी होना शुरू हो गये हैं।

विभागीय समस्याओं के निराकरण के लिए 'पुलिस परिवार कल्याण सेल' का गठन

रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा पुलिस विभाग के अधिकारी, कर्मचारियों एवं उनके परिजनों की विभागीय समस्याएं संवेदनशीलता के साथ निराकरण करने के निर्देश दिए हैं। इसी क्रम मे डीजीपी श्री डीएम अवस्थी ने पुलिस मुख्यालय नवा रायपुर में पुलिस परिवार कल्याण सेल का गठन किया है। श्री अवस्थी ने निर्देश दिए हैं कि सेल द्वारा पुलिस बल के अधिकारियों, कर्मचारियों के अलावा सेवानिवृत्त अधिकारी, कर्मचारी, शहीद, मृत कर्मियों के परिजनों द्वारा प्रस्तुत आवेदन पर तत्काल कार्यवाही करते हुए निराकरण किया जाये।

सेल का ये है उद्देश्य-

डीजीपी श्री डीएम अवस्थी ने बताया कि सेल के गठन का उद्देश्य पुलिसकर्मियों एवं उनके परिजनों की समस्याओं का तत्काल निराकरण करना है। कई बार संबंधित इकाईयों में समस्याओं के निराकरण में देरी होती है। इसलिए सेल का गठन करके ऐसी व्यवस्था बनाई गई है कि पुलिसकर्मियों के अलावा उनके परिजन भी मुझसे मिलकर अपनी समस्याओं से अवगत करा सकें। पुलिसकर्मी और उनके परिजन पुलिस मुख्यालय स्थित सेल के फोन नंबर पर संपर्क करके निर्धारित समय में आकर अपनी समस्याएं रख सकेंगे। सेल का फोन नंबर पृथक से जारी किया जाएगा। जिसका पुलिस परिवार कल्याण सेल द्वारा तत्काल निराकरण किया जायेगा। डीजीपी श्री डीएम अवस्थी उक्त सेल द्वारा की गई समस्याओं के निराकरण की लगातार मानिटरिंग करेंगे।

इस प्रकार काम करेगी सेल-

पुलिस परिवार कल्याण सेल में पुलिसकर्मी अथवा उनके परिजन बहुत ही आसानी से अपनी समस्याएं रख सकेंगे। पुलिस मुख्यालय पहुंचने के बाद उन्हें कोई असुविधा न हो इसके लिये व्यवस्था बनायी गयी है। जिसके अनुसार वे सेल के नंबर पर फोन करके पुलिस मुख्यालय आने की तारीख और समय पता कर सकेंगे। पूर्व निर्धारित तारीख पर पुलिसकर्मी अथवा परिजन पुलिस मुख्यालय स्थित सेल में आकर अपनी समस्याओं को रख सकेंगे। । सेल के समक्ष पुलिस बल के अधिकारियों, कर्मचारियों के अलावा सेवानिवृत्तकर्मी, शहीद, मृतकर्मियों के परिजन समस्या से संबंधित आवेदन प्रस्तुत कर तत्काल निराकरण किया जाएगा।

कोरोनाकॉल में विद्यालयों की फीस की चिंता बच्चों के पालकों को सताने लगी

रायपुर। कोरोना कॉल में लॉकडाउन के बाद आर्थिक तंगी सहित अन्य कई तरह की परेशानियों का सामना कर रहे बच्चों के पालकों को अभी से विद्यालयों की फीस की चिंता सताने लगी है। कोरोना महामारी के चलते भले ही अप्रैल से अभी तक सभी शासकीय व निजी विद्यालय बंद है और आदेशानुसार आगामी अगस्त माह में 15 तारीख तक बंद रहेंगे, लेकिन इसके बावजूद पालकों को बच्चों की फीस को लेकर चिंता सताने लगी है। क्योंकि केन्द्रीय विद्यालयों के अलावा राज्य के निजी विद्यालयों के प्रबंधकों द्वारा भी लगातार बच्चों के पालकों पर अप्रैल माह से लेकर जून माह तक की फीस को जमा कराने लगातार दबाव बनाया जा रहा है। केन्द्रीय विद्यालयों के अलावा कई निजी विद्यालयों में पढ़ने वाले बच्चों के पालकों ने विद्यालयों से उनके बच्चों का कहीं नाम काट नहीं दिया जाए के भय से अभी तक की फीस भी जमा करा दी गई है।

मुलाकात

रायपुर (नव प्रदेश)। नगरीय प्रशासन और श्रम मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया से शुक्रवार को उनके निवास कार्यालय में छत्तीसगढ़ पाठ्य पुस्तक निगम के नवनियुक्त चेयरमेन शैलेष नितिन त्रिवेदी ने सौजन्य मुलाकात की। मंत्री डॉ. डहरिया ने नवनियुक्त चेयरमेन श्री त्रिवेदी को नए दायित्व के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

समीक्षा | संसदीय सचिव विकास उपाध्याय ने ली नगर निगम व स्मार्ट सिटी अधिकारियों की बैठक

पाइप लाइन के लिए खोदे गए गड्ढें दुरूस्त करने, तालाबों, श्मशान घाट व उद्यानों के सौंदर्यीकरण के दिए निर्देश

नव प्रदेश संवाददाता

रायपुर। संसदीय सचिव विकास उपाध्याय ने आज अपने पश्चिम विधान सभा क्षेत्र में विभिन्न योजनाओं के तहत संचालित विकास कार्यों की प्रगति की जानकारी ली। कमिश्नर श्री सौरभ कुमार की उपस्थिति में स्मार्ट सिटी मिशन, अमृत मिशन व नगर निगम जोन अधिकारियों के साथ हुई इस समीक्षा बैठक में उन्होंने पाइप लाइन बिछाने किए गए गड्ढों को जल्द भरने व सड़कों को दुरुस्त करने के साथ सभी तालाबों, श्मशान घाट व उद्यानों के सौंदर्यीकरण के सुदृढ़ प्रबंध के लिए संबंधित अधिकारियों से कहा है।

बैठक में संसदीय सचिव श्री उपाध्याय ने अमृत मिशन व स्मार्ट सिटी मिशन के तहत रामनगर, रायपुरा, कुकुरबेड़ा, ईदगाह भाठा, खमतराई, श्रीनगर, शिवानंद नगर, गुढ़ियारी, मुर्रा भट्ठी, आदर्श नगर, पहाड़ी चौक, एकता नगर, जनता कॉलोनी, अशोक नगर, विकास नगर, कोटा, दीनदयाल उपाध्याय नगर, हीरापुर, टाटीबंध और डंगनिया में पानी की पाइप लाइन बिछाने के कार्यों की प्रगति की जानकारी ली। बैठक में बताया गया कि 20 कि.मी. क्षेत्र में पाइप लाइन बिछाने के बाद अब गड्ढों को भरने व सड़कों के सुधार के कार्य शेष है। श्री उपाध्याय ने कहा है कि मिट्टी भरने व सड़कों को दुरूस्त करने का काम 15 दिवस के भीतर पूर्ण किए जाएं एवं दुर्घटना की आशंका एवं वर्षा ऋतु में जल भराव की स्थिति निर्मित न हो इसके लिए मलबा नालियों या सड़कों में न छोड़े जाएं। रायपुर स्मार्ट सिटी के कार्यालय में आयोजित इस बैठक में रायपुर स्मार्ट सिटी के जी.एम. (तकनीकी) एस.के. सुंदरानी, नगर निगम के अपर आयुक्त लोकेश्वर साहू, मुख्य अभियंता आर.के. चैबे, जोन कमिश्नर चंदन शर्मा, विनोद पांडे, अरूण ध्रुव, नेतराम चंद्राकर, मैनेजर (सिविल) संजय शर्मा, के.पी. गुप्ता, सहायक अभियंता अंशुल शर्मा, अतुल सिंह, अमित मिश्रा, अनुराग पाटकर भी शामिल हुए।

श्री उपाध्यान ने नागरिक सुविधाओं से सीधे तौर पर जुड़े कार्यों को सर्वोच्च प्राथमिकता से पूरे करने के निर्देश दिए। उन्होंने पश्चिम विधान सभा क्षेत्र के तालाबों, उद्यानों व मुक्तिधाम के बेहतर रख रखाव के साथ ही सौंदर्यीकरण के प्रोजेक्ट तैयार करने हेतु निर्देशित किया है। बैठक में अवगत कराया गया कि पश्चिम विधान सभा क्षेत्र में 9 तालाबों में से 6 तालाबों के सौंदर्यीकरण के लिए निविदा प्रक्रिया शुरू कर दी गई है एवं शीतला तालाब में शीघ्र ही सौंदर्यीकरण कार्य शुरू किया जा रहा है। कोरोना के संक्रमण की रोकथाम के लिए नगर निगम के प्रयासों की सराहना करते हुए श्री उपाध्याय ने नये कंटेनमेंट जोन में सघन सेनेटाईजेशन के नियमित प्रबंध सुनिश्चित करने निर्देशित किया है। बैठक में कमिश्नर सौरभ कुमार ने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि समय सीमा के अंतर्गत सभी निर्माण व सुधार कार्य पूरे किए जाएं। उन्होंने कार्य एजेंसियों से भी कहा है कि कार्य में अनावश्यक विलंब पर कड़ी कार्यवाही होगी।

बिक्री के लिए राजधानी रायपुर पहुंची बांस, गोबर व बीज से बनी आकर्षक एवं अनूठी राखियां

राजधानी के मॉल और इन्द्रावती भवन में भी बिक्री के लिए उपलब्ध

नव प्रदेश संवाददाता

रायपुर। छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों में बिहान समूह की महिलाओं द्वारा छत्तीसगढ़ी संस्कृति पर आधारित आकर्षक राखियां बनाई जा रही है । धमतरी जिले के ग्राम छाती स्थित मल्टी यूटिलिटी सेंटर में बांस, गोबर और बीज से बनी आकर्षक राखियां धमतरी जिले के बाद अब रायपुर स्थित बिहान बाजार शॉप में भी बिक्री के लिए रखी गई हैं।

जिला पंचायत धमतरी की मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती नम्रता गांधी ने बताया कि जिले में बिहान की 20 समूह की 165 महिलाओं द्वारा यहां आकर्षक राखियां तैयार की जा रही हैं। जिले में अब तक 15 हजार राखियां तैयार हो चुकी हैं । इनमें से 7,705 राखियों की बिक्री भी हो गई है। राखी बिक्री से समूह की महिलाओं को पांच लाख 26 हजार 840 रूपए मिली है। महिलाओं ने अब इन राखियों को राजधानी रायपुर के बिहान बाजार शॉप, मैग्नेटो मॉल एवं बिहान बाजार कैंटीन प्रथम तल, इंद्रावती भवन, नवा रायपुर में 16 जुलाई से बिक्री के लिए रखा गया है।



संपादकीय

पाक की नापाक हरकत

पड़ौसी देश पाकिस्तान ने एक बार फिर सीमा पर संघर्ष विराम का उल्लंघन करते हुए अकारण गोलीबारी की है, जिसका भारतीय सेना मंहुतोड़ जवाब दे रही है। पाकिस्तान लगातार सीमा पर तनाव बढ़ाने की कोशिश कर रहा है। इसकी वजह साफ है कि वह बड़ी संख्या में आतंकवादियों की कश्मीर में घुसपैठ कराने की फिराक में है। जम्मू कश्मीर में 370 के खत्मे का एक साल पूरा होने जा रहा है, इस अवसर पर पाकिस्तान कश्मीर में आतंकी घटना को अंजाम देने की योजना बना रहा है। दरअसल जब से कश्मीर में 370 का खत्मा हुआ है तब से वहां भारतीय सेना और सुरक्षा बलों ने आतंकवादियों के खिलाफ आपरेशन ऑलआउट को तेज कर दिया है। आतंकवादियों को चुन चुन कर जहन्नुम रसीद किया जा रहा है। अब वहां गिनती के ही आतंकवादी बचे है और वे भी सेना के डर से भागे भागे फिर रहे है। इधर कश्मीर के अलगाववादी नेताओं की भी कमर टूट गई है यही वजह है कि पाकिस्तान को कश्मीर में आतंक फैलाने के लिए किराए के टट्टू नहीं मिल रहे है, ऐसी स्थिति में उसके लिए अब आतंक की आग को हवा दे पाना मुश्किल हो गया है। पाकिस्तान ने सीमा पार सैकड़ों की संख्या में प्रशिक्षित आतंकवादियों का हुजूम तैयार कर रखा है जिसको वे भारत में भेजने की योजना बना रहे है ताकि कश्मीर में कोहराम मचाया जा सके लेकिन पाक के ये नापाक मंसूबे पूरे नहीं होंगे। भारतीय सेना ने आज ही कश्मीर में दो और आतंकवादियों को बहत्तर हूरों के पास रवाना कर दिया है। अब कश्मीर से आतंकवाद का खत्मा होकर ही रहेगा। बेहतर होगा कि पाक अपनी नापाक हरकतों से तौबा कर लें वरना भारत को पाकिस्तान के खिलाफ एक और बड़ी सर्जीकल स्ट्राईक करने के लिए बाध्य होना पड़ेगा। यदि इस बार सर्जिकल स्ट्राईक हुई तो पाकिस्तान के सभी आतंकी अड्डे तबाह कर दिए जाएंगे, पाक अधिकृत कश्मीर भी पाकिस्तान के कब्जे से मुक्त हो जाएगा। भारत का अगला कदम पीओके में तिरंगा फहराना ही है। पाकिस्तान यह न भूलें की लद्दाख में भारतीय सेना अपना पराक्रम दिखा रही है और उसने चीन को पीछे हटने पर मजबूर कर दिया है। यदि पाकिस्तान इसी तरह की नापाक हरकतें करता रहा तो भारतीय सेना के सब्र का पैमाना कभी भी छलक सकता है और पाकिस्तान को इसका भयानक दुष्परिणाम भुगतना पड़ा सकता है।

विचार

भारत में सच्चा लोकतंत्र कैसे लाएं ?

डॉ. वेदप्रताप वैदिक

कल के मेरे लेख हमारे 'ढोंगी लोकतंत्र' पर प्रतिक्रियाओं की बरसात हो गई। लोग पूछ रहे हैं कि भारत को सच्चा लोकतंत्र कैसे बनाएं ? कुछ सुझाव दीजिए। सबसे पहले देश की सभी पार्टियों में आंतरिक लोकतंत्र हो याने किसी भी पद पर कोई भी नेता बिना चुनाव के नियुक्त न किया जाए। पार्टी के अध्यक्ष तथा सभी पदाधिकारियों का सीधा चुनाव हो, गुप्त मतदान द्वारा। दूसरा, किसी को भी नगर निगम, विधानसभा या संसद का उम्मीदवार घोषित करने के पहले यह जरुरी हो कि वह पार्टी-सदस्य पहले अपनी पार्टी के आतंरिक चुनाव में बहुमत प्राप्त करे। नेताओं द्वारा नामजदगी एकदम बंद हो। तीसरा, यह भी किया जा सकता है कि पार्टी अध्यक्ष, महासचिव और सचिवों को दो बार से ज्यादा लगातार अपने पद पर न रहने दिया जाए। चौथा, पार्टी के आय और व्यय का पूरा हिसाब हर साल सार्वजनिक किया जाए। हमारी पार्टियों को रिश्वत और दलाली के पैसों से परहेज करना सिखाया जाए। पांचवां, अपराधियों को चुनावी उम्मीदवार बनाना तो दूर की बात है, ऐसे गंभीर आरोपियों को पार्टी सदस्यता भी न दी जाए और अगर पहले दी गई हो तो वह छीन ली जाए। छठा, ऐसा कानून बने कि कोई भी दल-बदलू अगले पांच साल तक न तो चुनाव लड़ सके और न ही किसी सरकारी पद पर रह सके। सातवां, जो भी व्यक्ति किसी दल का सदस्य बनना चाहे, उसके लिए कम से कम एक साल तक आत्म-प्रशिक्षण अनिवार्य होना चाहिए। वह दल के इतिहास, नेताओं के जीवन, दल के आदर्शों, सिद्धांतों, नीतियों और कार्यक्रमों से भली-भांति परिचित हो जाए, इसके लिए उसे बाकायदा एक परीक्षा पास करनी चाहिए। आठवां, थोक वोट या वोट बैंक की राजनीति पर प्रतिबंध होना चाहिए। किसी भी दल को जाति या संप्रदाय के आधार पर राजनीति नहीं करने दी जानी चाहिए। यदि इस नियम का कड़ाई से पालन हो तो देश के कई राजनीतिक दलों को अपना बिस्तर-बोरिया गोल करना पड़ेगा। नौवां, किसी भी दल के उच्च पदों पर एक परिवार का एक ही सदस्य रहे, उससे ज्यादा नहीं। इस प्रावधान के कारण हमारे राजनीतिक दल प्राइवेट लिमिटेड कंपनियां बनने से काफी हद तक बच सकेंगे। दसवां, सत्तारुढ़ दल जागरुक रहे और विरोधी दल रचनात्मक भूमिका निभाते रहें, इसके लिए जरुरी है कि सभी राजनीति दल अपने सभी कार्यकर्ताओं के लिए तीन-दिवसीय या पांच-दिवसीय प्रशिक्षण शिविर लगाएं, जिनमें उनके साथ विचारधारा, सिद्धांतों और नीतियों पर खुला विचार-विमर्श हो। ग्यारहवां, सभी दलों के पदाधिकारी और चुने गए नेताओं के लिए यह अनिवार्य होना चाहिए कि वे अपनी और अपने परिवार की चल-अचल संपत्ति का ब्यौरा हर साल सार्वजनिक करें। ताकि देश को पता चले कि:

राजनीति है सेवा का घर, खाला का घर नाय ।
जो सीस उतारे कर धरे, सो पैठे घर माय ।।

अभिव्यक्ति

शिक्षा प्रणाली के लिए नेल्सन मंडेला के विचारों की प्रासंगिकता

रमेश पोखरियाल 'निशंक'
केंद्रीय मानव संसाधन विकास मंत्री

> आज की दुनिया में उनके विचार और भी ज्यादा प्रासंगिक तब हो गए हैं जब ज्यादातर शिक्षा मिश्रित ई-लर्निंग की ओर बढ़ रही है। भारत सरकार ने प्रधानमंत्री ई-विद्या को शुरू किया है ताकि दीक्षा (एक राष्ट्र-एक डिजिटल प्लेटफॉर्म), टीवी (एक कक्षा-एक चैनल), स्वयम, सामुदायिक रेडियो और सीबीएसई शिक्षा वाणी पॉडकास्ट और दिव्यांग बच्चों के लिए अध्ययन सामग्री आदि के माध्यम से शिक्षा तक एक बहु-मोडल पहुंच प्रदान की जा सके। ये सब सार्वजनिक दायरे में गुणवत्ता भरी ई-सामग्री की उपलब्धता का युग लेकर आएंगे और इस प्रकार प्रौद्योगिकी, शिक्षा में समानता का अग्रदूत बन जाएगी। नेल्सन मंडेला के विज़न में शिक्षा के लिए एक परिवर्तनकारी शक्ति है।भारत में शिक्षा का रास्ता उपलब्धता, समानता, गुणवत्ता, सामर्थ्य और जवाबदेही के आधारभूत स्तंभों पर स्थापित है जैसा कि हमारी नई शिक्षा नीति में उल्लेखित है और यही सब मंडेला के दिल के बहुत करीब थे। यकीनन हम उनसे प्रेरणा लेते हैं क्योंकि हम प्रत्येक शिक्षार्थी की रचनात्मक क्षमता का दोहन करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। इसके साथ ही वे सामाजिक, आर्थिक और दार्शनिक रूप से स्वतंत्र बन सकें इसके लिए उन्हें सशक्त बनाने को भी हम प्रतिबद्ध हैं ताकि भारत को वैश्विक ज्ञान के केंद्र में बदलने के लिए समानता के दृष्टिकोण से वे योगदान कर सकें।

18 जुलाई को पूरी दुनिया में 'अंतर्राष्ट्रीय नेल्सन मंडेला दिवस' के रूप में मनाया जाता है।माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्रा मोदी ने उन्हेंस श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा, 'अतिप्रिय मदीबा के उत्कृ्ष्टर कार्य, आदर्श और सिद्धांत हमें निरंतर प्रेरित करते रहते हैं। उन्होंने शांति, समानता और सेवा भाव की जीत को सही मायनों में अभिव्य क्तन किया।' आजइस स्तंभ के माध्यम सेमैं शिक्षा के क्षेत्र में उनके अनमोल विचारों और राय को साझा कर रहा हूं। इसके तहत उनके अनमोल विचारों को भारतीय शिक्षा प्रणाली के गुणात्मक विकास की व्याापक गुंजाइश और संभावनाओं से जोड़ने का प्रयास किया गया है। मंडेला ने अपनी आत्मकथा 'लॉन्गम वॉक टू फ्रीडम' में बताया है कि किस तरह से शिक्षा ने उनके जीवन के विभिन्न दौर को सकारात्म क रूप से प्रभावित किया। जेल में रहने के बावजूदउन्होंने पत्राचार पाठ्यक्रम के माध्यम से अपनी कानूनी शिक्षा प्राप्त की।शिक्षा के विषय में मंडेला काअत्यें‍त महत्वपूर्ण प्रश्नसदैव 'शिक्षा के उद्देश्य' से संबंधित होता था। उनकी राय यह थी कि शिक्षा बड़ी अनमोल है क्योंशकि इससे कई उद्देश्यों की पूर्ति होती है।

व्यक्तिगत विकास के साधन के साथ-साथ अवसर की समानता के एक उपयुक्ता वाहकया साधन के रूप में शिक्षा पर विशेष जोर देते हुए उन्होंने यह राय व्यनक्त की थी: 'शिक्षा व्यक्तिगत विकास का सर्वोत्तेम इंजन है। यह शिक्षा ही है जिसके माध्यमम से किसान की बेटी डॉक्टर बन सकती है, खदान कर्मचारी का बेटा खदान का प्रमुख बन सकता है, खेतिहर मजदूर का बेटा एक महान राष्ट्र का राष्ट्रीपति बन सकता है।' इस प्रकार उनका यह स्पूष्टस मानना था कि शिक्षा में किसी भी व्यक्ति को 'सामाजिक, आर्थिक और दार्शनिक रूप से'बंधनों से मुक्त करने की अपार क्षमता है।

मदीबा की यह स्पथष्टि राय थी किशिक्षा केवल औपचारिक संस्थानों तक ही सीमित नहीं है। उनके ही शब्दों में: ''संकीर्ण सोच वाले व्यक्ति कोयह समझाना कठिन है कि'शिक्षित' होने का मतलब यह नहीं है कि संबंधित व्यक्ति साक्षर हो और उसके पास बीए की डिग्री हो। सच तो यह है कि एक अनपढ़ आदमी ऊंची डिग्रीपाने वाले किसी व्यक्ति की तुलना में कहीं अधिक 'शिक्षित' मतदाताहो सकता है।'' उनके उत्कृाष्टकविचार भारत की नई शिक्षा नीति के मसौदे में स्पष्ट रूप से परिलक्षित होते हैं।इस नीति में किसी व्य?क्ति को अपने कार्य-क्षेत्र (फील्ड) में विशेषज्ञों से प्राप्तक विशिष्ट ज्ञान के मूल्य के साथ-साथ कौशल को भी सहज रूप से मान्याता दी गई है, भले ही उसके पास कोई प्रोफेशनल डिग्री न हो।नीति में यह बात रेखांकित की गई है कि विभिन्न क्षेत्रों के स्थानीय विशेषज्ञों या जानकारों जैसे कि बढ़ई, राजमिस्त्री, इत्या दि को कौशल शिक्षा प्रदान करने के लिए स्कूलों में औपचारिक रूप से बुलाया जाएगा।यही नहीं, इससे भी कई और कदम आगे बढ़ते हुएनीति में यह भी कहा गया है कि उच्च प्राथमिक

कक्षाओं के विद्यार्थियों की स्थानीय शिल्पकारों और विभिन्नं क्षेत्रों के विशेषज्ञों या जानकारों के साथ दस-दिवसीय इंटर्नशिप होगी। इसका उद्देश्य न केवल इन विशेषज्ञों या जानकारों से उनके विशिष्ट कौशल या ज्ञान को सीखना है, बल्कि समाज की प्रगति और विकास में इन स्वयं-निपुण विशेषज्ञों और कुशल व्यक्तियों के बहुमूल्यन योगदान से विद्यार्थियों को अवगत करानाभी है।

मदीबाका यह स्पष्ष मानना था कि शिक्षा सशक्तिकरण और व्यायपक बदलावों का एक अहम साधन है।हालांकि, इस उद्देश्य को पूरा करने के लिएशिक्षा को प्रासंगिक बनाने की नितांत आवश्यकता है।शिक्षा से संबंधित उनके प्रसिद्ध उद्धरणों में से एक यह है- 'शिक्षासबसे शक्तिशाली हथियार है जिसका उपयोग आप दुनिया को बदलने के लिए कर सकते हैं।' शिक्षा को पूर्वाग्रह के दुश्मन के रूप में भी देखा जाता था। इसे ध्योन में रखते हुए मंडेला ने कहा, 'शिक्षा की ताकत उन कौशलों के विकास से भी काफी परे है जो हमें आर्थिक कामयाबी के लिए चाहिए। यह राष्ट्र निर्माण और सामंजस्य स्थाापित करने में भी अहम योगदान दे सकती है।' नेल्ससन मंडेला के अनमोल विचारों को प्रतिबिंबित करते हुए मानव संसाधन विकास मंत्रालय एक ऐसी नीति लेकर आ रहा हैजिसमें इस बात की परिकल्पना की गई है कि हमारे संस्थानों का पाठ्यक्रम और अध्यापननिश्चित तौर पर विद्यार्थियों में मौलिक कर्तव्यों एवं संवैधानिक मूल्यों के प्रति सम्मान की भावना, अपने देश के साथ जुड़ाव, औरबदलती दुनिया में अपनी भूमिकाओंएवं जिम्मेदारियों के प्रति जागरूकता विकसित करेगा।

आधुनिक शिक्षा की राह पर आगे बढ़ते हुए हमें अपने सांस्कृतिक इतिहास को कभी नहीं भूलना चाहिए। मंडेला ने कहा था कि इंसान को अपने सांस्कृतिक इतिहास को जानने और समझने की जरूरत है, जैसे कि संगीत, कला, नृत्य और स्थानीय भाषा। उन्होंने माना था कि अपने निजी जीवन में उन्होंने सांस्कृतिक अभिव्यक्तियों के माध्यम से अपने देश और वहां के लोगों के बारे में बहुत कुछ सीखा। भारत का सदियों पुराना एक समृद्ध सांस्कृतिक इतिहास है। हमारा मंत्रालय एक नई शिक्षा नीति लेकर आ रहा है। इस नीति का सपना, सीखने वालों में भारतीय होने का गहरा गौरव भरना है, केवल विचार के स्तर पर ही नहीं बल्कि मूल भावना, बुद्धिऔर कर्मों के स्तर पर भी। साथ ही उनमें ऐसे ज्ञान, कौशल, मूल्यों और रुचियों को विकसित करना है जो मानवाधिकारों, सतत विकास, जीवन और वैश्विक भलाई के लिए जिम्मेदारी भरी प्रतिबद्धता को समर्थन करते हों जिससे सच्चे अर्थों में उनमें एक वैश्विक नागरिक प्रतिबिंबित हो सके। मंडेला ने हमेशा अनुशासन, कड़ी मेहनत और शारीरिक तंदुरुस्ती पर जोर दिया और उन्होंने बड़ी ईमानदारी से अपने खुद के जीवन में इन चीजों का अभ्यास किया। उन्होंने कहा: ÷मैंने पाया है कि जब मैं अच्छी शारीरिक स्थिति में था तब मैंने बेहतर काम किया और अधिक स्पष्ट रूप से सोच सका। और इसलिए कसरत मेरे जीवन के दृढ़ विषयों में से एक बन गई÷। जब वे छिपकर रहा करते थे उन अवधियों के दौरान भी उसी जगह पर जॉगिंग के लिए समय निकाल लेते थे। व्यायाम और शारीरिक तंदुरुस्ती न केवल निजी जीवन में उनके लिए महत्वपूर्ण थे, बल्कि वे उनके शैक्षिक दर्शन का भी एक अनिवार्य हिस्सा बन गए। जब भारत सरकार ने नागरिकों के दैनिक जीवन में शारीरिक गतिविधि / खेल को बढ़ाने के लिए 29 अगस्त 2019 को 'फिट इंडिया मूवमेंट' की शुरुआत की तो उसने शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक कल्याण को एक ही निरंतरता की तरह लेने की सदियों पुरानी भारतीय संस्कृति को दोहराया, जैसा कि मंडेला ने किया था। कंप्यूटर साक्षरता पर मदीबा के विचारों को देखना बहुत प्रसन्न करने वाला है। वास्तव में वे विचार काफी आधुनिक थे। मंडेला ने शिक्षकों से यह सुनिश्चित करने का आग्रह किया कि ग्रेड 1 से ही शिक्षार्थी कंप्यूटर में साक्षर हों।

पीरूसिंह के शौर्य से हार गया था पाकिस्तान

रमेश सर्राफ

> *राजस्थान में झुंझुनू जिले के बेरी गांव में 20 मई 1918 को ठाकुर लालसिंह शेखावत के घर जन्मे पीरूसिंह चार भाईयों में सबसे छोटे थे। पीरूसिंह राजपूताना राईफल्स की छठी बटालियन की डी कम्पनी में हवलदार मेजर थे। 1947 के भारत- पाक विभाजन के बाद जब कश्मीर पर कबालियों ने हमला कर हमारी मातृभूमि का कुछ हिस्सा दबा बैठे तो कश्मीर नरेश ने अपनी रियासत को भारत में विलय की घोषणा कर दी। इस पर भारत सरकर ने अपनी भूमि की रक्षार्थ वहां सेना भेजी। इसी सिलसिले में राजपूताना राईफल्स की छठी बटालियन की डी कम्पनी को भी टिथवाला के दक्षिण में तैनात किया गया था। 5 नवम्बर 1947 को भयंकर सर्दी के मौसम में यह बटालियन हवाई जहाज से वहां पहुंची। श्रीनगर की रक्षा करने के बाद उरी सेक्टर से पाक कबायली हमलावरों को खदेड़ने में इस बटालियन ने बड़ा साहसी कार्य किया था।*

भारत चीन सीमा पर इस वक्त भारी तनाव बना हुआ है। दोनों देशों की सेना आमने सामने डटी हुई है। पिछली 15 जून की रात को दोनों देशों के सैनिकों में हिंसक झड़प भी हो चुकी है। जिसमें भारत के बीस वीर जवान शहीद हुए थे। वहीं चीन के भी कई दर्जन सैनिक मारे गए थे। सीमा पर युद्ध के हालात में दोनों देशों के सैन्य कमांडर आपसी वार्ता कर शांति बनाए रखने का प्रयास कर रहे हैं। इधर पाकिस्तान भी सीमा पर सैन्य गतिविधियां बढ़ा रहा है। ऐसे में हमें याद आते हैं 1948 में भारत-पाक युद्ध में शहीद हुए हवलदार मेजर पीरूसिंह शेखावत। जिन्हे युद्ध में अदम्य बहादुरी के लिए भारत सरकार ने मरणोपरांत परमवीर चक्र से सम्मानित किया था। मौजूदा हालात में परमवीर पीरूसिंह जैसे सैनिको की वीरता की कहानियां सीमा पर डटे हमारे सैनिकों में एक नए जोश का संचार करती है। उन्हें भारत माता की सीमा की रक्षा करते हुए मर मिटने की प्रेरणा देती है। रणबाकुरों की धरती का झुंझुनू जिला राजस्थान में ही नहीं अपितु पूरे देश में वीरता के क्षेत्र में अपना अलग ही स्थान रखता है। पूरे देश में सर्वाधिक सैनिक देने वाले इस जिले की मिट्टी के कण-कण से वीरता टपकती है। देश के खातिर स्वयं को उत्सर्ग कर देने की परम्परा यहां सदियों पुरानी है। मातृभूमि के लिए हंसते-हंसते मिट जाना यहां गर्व की बात है। देश के लिये मिट जाने की परम्परा में नये आयाम स्थापित किये 1947-48 में पाक समर्थित कबालियों से युद्ध में हवलदार मेजर पीरूसिंह शेखावत ने। जब उन्होने देश हित में स्वयं को कुर्बान कर देश की आजादी की रक्षा की थी।

राजस्थान में झुंझुनू जिले के बेरी गांव में 20 मई 1918 को ठाकुर लालसिंह शेखावत के घर जन्मे पीरूसिंह चार भाईयों में सबसे छोटे थे। पीरूसिंह राजपूताना राईफल्स की छठी बटालियन की डी कम्पनी में हवलदार मेजर थे। 1947 के भारत- पाक विभाजन के बाद जब कश्मीर पर कबालियों ने हमला कर हमारी मातृभूमि का कुछ हिस्सा दबा बैठे तो कश्मीर नरेश ने अपनी रियासत को भारत में विलय की घोषणा कर दी। इस पर भारत सरकर ने अपनी भूमि की रक्षार्थ वहां सेना भेजी। इसी सिलसिले में राजपूताना राईफल्स की छठी बटालियन की डी कम्पनी को भी टिथवाला के दक्षिण में तैनात किया गया था। 5 नवम्बर 1947 को भयंकर सर्दी के मौसम में यह बटालियन हवाई जहाज से वहां पहुंची। श्रीनगर की रक्षा करने के बाद उरी सेक्टर से

18 जुलाई शहादत दिवस पर विशेष

पाक कबायली हमलावरों को खदेड़ने में इस बटालियन ने बड़ा साहसी कार्य किया था। मई 1948 में छठी राजपूत बटालियन ने उरी और टिथवाल क्षेत्र में झेलम नदी के दक्षिण में पीरखण्डी और लेडीगली जैसी प्रमुख पहाडियों पर कब्जा करने में विशेष योगदान दिया। इन सभी कार्यवाहियों के दौरान पीरूसिंह ने अद्भुत नेतृत्त्व और साहस का परिचय दिया। जुलाई 1948 के दूसरे सप्ताह में जब दुश्मन का दबाव टिथवाल क्षेत्र में बढने लगा तो छठी बटालियन को उरी क्षेत्र से टिथवाल क्षेत्र में भेजा गया। टिथवाल क्षेत्र की सुरक्षा का मुख्य केन्द्र दक्षिण में 9 किलोमीटर पर रिछमार गली था। जहां की सुरक्षा को निरन्तर खतरा बढ़ता जा रहा था। अतः टिथवाल पहुंचते ही राजपूताना राईफल्स को दारापाड़ी पहाड़ी की बन्नेवाल दारारिज पर से दुश्मन को हटाने का आदेश दिया गया था। यह स्थान पूर्णतः सुरक्षित था और ऊंची-ऊंची चट्टानों के कारण यहां तक पहुंचना कठिन था। जगह तंग होने से काफी कम संख्या में जवानों को यह कार्य सौंपा गया। 18 जुलाई को छठी राज राईफल्स ने सुबह हमला किया जिसका नेतृत्त्व हवलदार मेजर पीरूसिंह कर रहे थे। पीरूसिंह की प्लाटून आगे बढ़ती गई। उस पर दुश्मन की दोनों तरफ से लगातार गोलियां बरस रही थी। अपनी प्लाटून के आधे से अधिक साथियों के मारे जाने पर भी पीरूसिंह ने हिम्मत नहीं हारी। वे लगातार अपने साथियों को आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करते रहे एवं स्वयं अपने प्राणों की परवाह न कर आगे बढ़ते रहे। वे अन्त में उस स्थान पर पहुंच गये जहां मशीन गन से गोले बरसाये जा रहे थे। उन्होंने अपनी स्टेनगन से दुश्मन के सभी सैनिकों को भून दिया जिससे दुश्मन के गोले बरसने बन्द हो गये। जब पीरूसिंह को यह अहसास हुआ कि उनके सभी साथी मारे गये तो वे अकेले ही आगे बढ़ चले। रक्त से लहू-लुहान पीरूसिंह अपने हथगोलों से दुश्मन का सफाया कर रहे थे। इतने में दुश्मन की एक गोली आकर उनके माथे पर लगी और गिरते- गिरते भी उन्होंने दुश्मन की दो खंदके नष्ट कर दी। अपनी जान पर खेलकर पीरूसिंह ने जिस अपूर्व वीरता एवं कर्तव्य परायणता का परिचय दिया था। वह भारतीय सेना के इतिहास में शौर्य का एक महत्त्वपूर्ण अध्याय है। देश हित में पीरूसिंह ने अपनी विलक्षण वीरता का प्रदर्शन करते हुये अपने अन्य साथियों के समक्ष अपनी वीरता, दृढ़ता व मजबूती का उदाहरण प्रस्तुत किया। इस कारनामे को विश्व के अब तक के सबसे साहसिक कारनामो में से एक माना जाता है। तत्कालीन प्रधानमंत्री पण्डित जवाहर लाल नेहरू ने उस समय उनकी माता श्रीमती तारावती देवी को लिखे पत्र में लिखा था कि देश कम्पनी हवलदार मेजर पीरू सिंह का मातृभूमि की सेवा में किए गए उनके बलिदान के प्रति कृतज्ञ है।

पाठकों की बात
पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

सब तेरे हैं सब का


सब तेरे हैं सब का तू है उपवन तू ही तू ही खुशबू है तू ही सृष्टि हैहर प्राण में तू है तू ही सार है है रिक्त तो तू है रचे शब्द हैं तेरे हर भाषा तू हैजड़ है तू ही चेतन मैं तू है हर राग है तेरा हर ताल में तू हैहर रस तेरा है हर भाव में तू है सभी प्यास तेरी हैंवर्षा में तू है नदियाँ है तेरी सागर भी तू है उपचार भी तू है उपहार में तू है संहार दिया तेरा पालनहार जब तू है। - मुनेश शर्मा

काबर गोठ चटराही करथस तैं ह जी

काबर गोठ चटराही करथस तैं ह जी बिन सुल के आ संगी जोर खांध म खांध रहिबोन सब मिल जुल के बैरी ननजतिया तो रचथेच चाल हमला छरियाए के आ एक ले एक मिल ग्यारा हो जाइन दिन बितही मुसकुल के
- कवि सुशील भोले

खास पाती | एक बिरवा उगा था तुलसी

एक बिरवा उगा था तुलसी का कितनें उगे थे वन मन में छितरा उठती थी धूप सुबह से चांदनीं छत से उतरती दबे पाँव चाँद सूरज सितारे सब अपनें थे कितना बेफिक्र था मेरा अपना गाँव घेर रक्खा है उन्होंने बस ये कहकर मेरे संग होगे तुम्हारी शोहरत होगी जब भी उतरा एक कतरा धूप का बचते बचाते शर्म से मेरे आँगन में झपट लिया झट बुलंद बिल्डिंगों नें मेरी आँगन की सारी शोखियाँ गुम हैं जब से शहरों से उसनें दोस्ती की है। - प्रतिमा शर्मा

ऐ बनारस! मुझे बस इतना बता

ऐ बनारस! मुझे बस इतना बता दे कि मुझमें तू है कि नहीं... ऐ बनारस! तेरी जुस्तजू सदियों से है, कि तू ज़िंदा रहे मुझमें मेरी आखिरी साँसों तक, ऐ बनारस! तेरी खुशबू फूलों सी है, तू बिखर जाए मुझमें समा जाए मेरी रूह में, साँस लूँ तो खुशबू तेरी ही आए, ऐ बनारस! जब आखिरी साँस मैं लूँ तेरी मिट्टी मुझसे लिपट जाये ग़ंगा तू समा लेना मुझको खुद में बाद मरने के ये रूह बनारस हो जाये।
-- शिल्पी अग्रवाल

भूख से ये तड़फती रही जिन्दगी पी

भूख से ये तड़फती रही जिन्दगी पी कर पानी सदा मैं बुझाता रहा दाल रोटी कभी चैन की ना मिली जिन्दगी भर सदा मैं कमाता रहा छंद गीतों का' मुझको नहीं ज्ञान है लिख दिया जो उसे गुनगुनाता रहा नेह विस्वास का दीप दिल में जला हर घडी प्रेम के गीत गाता रहा !!
- संजय कुमार गिरि

कुछ लोग ऐसे होते हैं जिन्हे आप

कुछ लोग ऐसे होते हैं जिन्हे आप याद करो ना करो वो हमेशा आपको याद करते रहते हैं, टोकते रहते हैं।वास्तव में रिस्ते ऐसे ही लोग बचाकर रखते है। बिन बुलाए कभी भी घर आने वाले,युं ही कभी भी चाय के समय आकर खूब गप्पे मारने वाले,आधे आधे कप चाय में भी मस्त रहने वाले,वास्तव में रिस्ते ये ही लोग बचाते आए हैं। - प्रीती श्रीवास्तव

भारत एकमात्र देश है जहाँ दूल्हा और

भारत एकमात्र देश है जहाँ दूल्हा और विधायक पशु मंडी में खरीदफरोख्त की तर्ज़ पर खरीदे बेचे जा सकते हैं,फर्क यह है कि मंडी में पशुओं की कीमत का बिल्ला उनके गले पर चमकते हुए लटका रहता है जबकि विधायक और दूल्हे की अनमोल कीमत का बिल्ला सदैव अदृश्य होता है। - कुणाल शुक्ला

यक़ीन करना सीखो.. शक तो

यक़ीन करना सीखो.. शक तो सारी दुनिया करती है...! जिन्दगी जब देती है, तो एहसान नहीं करती और जब लेती है तो, लिहाज नहीं करती दुनिया में दो 'पौधे' ऐसे हैं जो कभी मुरझाते नहीं और अगर जो मुरझा गए तो उसका कोई इलाज नहीं। पहला निःस्वार्थ प्रेम' और दूसरा अटूट विश्वास।
- पी एल श्रीवास्तव

सुधियों के पल गिनते- गिनते मैं

सुधियों के पल गिनते- गिनते मैं तो सब कुछ हार गयी, प्रियतम तेरे दर्शन को जाने मैं कितनी बार गयी, तेरे मीठे बोल मुझे मुझसे वंचित कर देते हैं। मैं बहती ऐसे जग में ज्यों गंगा सागर पार गयी। - चंद्रकांता अग्नीहोत्री

QUIZ TIME

1) हाल ही में सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीशों की संख्या कितनी की गई है?
(क) 31 (ख) 32 (ग) 34 (घ) 38

2) प्रयोगशाला उपकरण बनाने के लिए किस काँच का प्रयोग होता है?

3) ताल छापर अभ्यारण्य किस राज्य में अवस्थित है? (राजस्थान / महाराष्ट्र)

4) किस व्यक्ति की मृत्यु के उपरान्त उसकी संपति के हस्तान्तरण के समय लगाए जाने वाले कर को क्या कहते हैं?

5) कोप25 का आयोजन कहाँ किया गया?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) 34 (2) पाइरेक्स काँच (3) राजस्थान (4) एस्टेट ड्यूटी (5) स्पेन

आज का इतिहास

नई दिल्ली (वार्ता)। 1872- ब्रिटेन में गुप्त मतदान प्रक्रिया की शुरूआत हुई। 1918- नोबेल पुरस्कार से सम्मानित दक्षिण अफ्रीका के पूर्व राष्ट्रपति नेल्सन मंडेला का जन्मदिन। 1927- गजल सम्राट मेह्दी हसन का जन्मदिन। 1943- ब्रिटेन की सेना ने इटली के कटानिया शहर पर हमला किया। 1947- भारतीय स्वाधीनता अधिनियम को ब्रिटेन की संसद में स्वीकृति मिली। 2002- तेल अवीव में बम विस्फोट में छह मरे, 40 घायल। 2012- फिल्म जगत के सुपरस्टार राजेश खन्ना का निधन।

■ न्यूज गैलरी

नजूल जमीन की होगी नीलामी

दुर्ग। राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग दुर्ग द्वारा सदर बाजार दुर्ग स्थित 334.634 वर्गमीटर अर्थात 3602 वर्गफीट नजूल भूमि की नीलामी 31 जुलाई को तहसील कार्यालय दुर्ग में दोपहर 2 बजे से होगी। नीलामी में भाग लेने के इच्छुक व्यक्ति अथवा संस्था कलेक्ट्रेट कार्यालय के नजूल शाखा अथवा दुर्ग जिले की वेबसाइट डब्ल्यू डब्ल्यू डब्ल्यू डॉट दुर्ग डॉट जीओवी डॉट इन में विस्तृत सूचना का अवलोकन कर सकते हैं। नीलामी में भाग लेने के लिए आवेदन एवं निर्धारित अमानत राशि 25.14 लाख का क्रॉस चेक अथवा डिमांड ड्राफ्ट 30 जुलाई तक जमा करना होगा।

निविदा निरस्त

दुर्ग। निगम द्वारा रुचि की अभिव्यक्ति के संबंध में जारी पत्र के अनुसार मिशन क्लीन सिटी के तहत् कार्यरत अंशकालीन स्वच्छता मित्रों का डोर टू डोर कचरा कलेक्शन व सेग्रीकेशन कार्य हेतु निविदा आमंत्रित किया। जिसे निगम के वेबसाईड में भी अपलोड किया था। उक्त रुचि की अभिव्यक्ति निविदा द्वारा डोर टू डोर टेंडर का नियम न होने के कारण टेंडर निरस्त किया है।

आवेदन 28 तक

दुर्ग। प्रतिष्ठित पद्म पुरस्कार श्रृंखला के तहत पद्म विभूषणए पद्म भूषण एवं पद्म श्री पुरस्कारों हेतु नामांकन प्रस्ताव ऑनलाइन माध्यम से आमंत्रित किया गया है। इच्छुक ऑनलाइन माध्यम से 28 जुलाई तक आवेदन कर सकते हैं।

हरेली से होगी गोधन न्याय योजना की शुरूआत

नवप्रदेश संवाददाता

दुर्ग। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में देश की अपनी तरह की अनूठी गोधन न्याय योजना छत्तीसगढ़ में हरेली पर्व से 20 जुलाई को प्रारंभ हो रही है। पशुपालकों से गोबर खरीदी की इस महत्वाकांक्षी योजना के क्रियान्वयन के संबंध में आवश्यक निर्देश जारी किए गए हैं। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेंद्र भूरे ने भी इस संबंध में जिला स्तरीय अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

स्थापना के साथ होगा विस्तार

गोबर का क्रय एवं भुगतान की प्रक्रिया के अनुसार गौठान समितियों द्वारा गोबर क्रय किया जाएगा। गौठान समिति गोबर खरीदी के लिए समय का निर्धारण करेगी। गौठान में गोवंशीय एवं भैंसवंशीय पशुपालक से गोबर का क्रय शासन द्वारा निर्धारित दर से किया जाएगा। वर्तमान में शासन द्वारा 2 रूपए किलोग्राम ;परिवहन व्यय सहितद्ध की दर निर्धारित की गई है। पशुपालक गोबर का विक्रय स्वैच्छिक रूप से कर सकेंगे। गोबर की गुणवत्ता हाथ में उठाये जाने लायक अर्धठोस प्रकृति की होगी। गोबर में कांचए मिट्टीए प्लास्टिक इत्यादि नही होना चाहिए।

तैनात होंगे नोडल अधिकारी

वर्मी कम्पोस्ट तैयार करने हेतु प्रशिक्षण के संबंध में जारी निर्देशो के अनुसार कलेक्टर द्वारा ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में प्रत्येक गौठान के लिए एक नोडल अधिकारी की नियुक्ति की जाएगी। वर्मी कम्पोस्ट तैयार करने के लिए चिन्हांकित स्व.सहायता समूह को दो चक्रों में विस्तृत प्रशिक्षण कृषि विज्ञान केन्द्र तथा राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन अंतर्गत प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। समस्त गौठानों में वर्मीकम्पोस्ट निर्माण के लिए पूर्व प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित सुनिश्चित किया जाएगा।

वर्मी कम्पोस्ट टांका निर्माण

प्रत्येक गौठान में गोबर की उपलब्धता के अनुसार वर्मी टांका बनाया जाएगा। वर्मी टांका का निर्माण मनरेगा के माध्यम से पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा द्वारा किया जाएगा। नगरीय क्षेत्र में वर्मी टांका का निर्माण संबंधित नगरीय निकायों द्वारा किया जाएगा। जिलावार भौगोलिक स्थिति को ध्यान में रखते हुए वर्मी टांका निर्धारित मापदण्ड के अनुसार बनाया जाएगा, ताकि केंचुआ की जीवितता प्रभावित न हो, साथ ही वर्मी वॉश इत्यादि का एकत्रीकरण हो सके।

कलेक्ट्रेट परिसर की दुर्दशा पर भाजयुमो ने सौंपा ज्ञापन

नवप्रदेश संवाददाता

दुर्ग। जिला मुख्यालय कलेक्ट्रेट परिसर में व्याप्त दुर्दशा को लेकर आज जिला भारतीय जनता युवा मोर्चा ने जिलाधीश के नाम एसडीएम एके वर्मा को ज्ञापन सौंपकर कलेक्ट्रेरोट परिसर के मुख्य गेट में स्थित खाली ढांचा में जिला कलेक्ट्रेट कार्यालय उल्लेखित बोर्ड लगाने व पोर्च परिसर बिल्डिंग में ऊपर से गिर रहे लेंटर से आम जनों को खतरा होने सहित केंपस में निर्मित जीर्ण शीर्ण शताब्दी गार्डन दुरुस्त करने की मांग लेकर प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कराते हुए इस दिशा में शीघ्र व्यवस्था दुरुस्त करने की मांग की। भाजयुमो जिलाध्यक्ष दिनेश देवांगन ने कहा है कि मुख्यमंत्री बघेल के गृह जिला होने के बावजूद दुर्ग जिला का प्रसाशनिक मुख्यालय अपने दुर्दशा पर आंसू बहा रहा है कलेक्ट्रेट परिसर न केवल जिला मुख्यालय के दृष्टि से महत्वपूर्ण है बल्कि यह संभाग मुख्यालय का भी जिला है। कलेक्ट्रेट परिसर में जर्जर व दुर्दशा का आलम है। ज्ञापन देने के दौरान जिला उपाध्यक्ष राहुल पंडित, मंत्री राहुल दीवान, गौरव शर्मा, उत्तम साहू, जिला पंचायत सदस्य मोरध्वज साहू, मंडल अध्यक्ष निलेश अग्रवाल, तेखन सिन्हा, मनीष साहू, बंटी चौहान, गोलू पांडे, हिमांशु झा, दीपक सिन्हा, संतोष कोसरे, देवेंद्र टंडन, कुंदन साहू सहित अन्य उपस्थित थे।

चेयरमेन वोरा को बधाई देने लगा तांता

नवप्रदेश संवाददाता

दुर्ग। विधायक अरुण वोरा को छत्तीसगढ़ स्टेट वेयर हाउस कार्पोरेशन का अध्यक्ष बनाए जाने से कांग्रेसजनों के अलावा शहर की जनता में भारी उत्साह का माहौल है। फलस्वरुप श्री वोरा को शुक्रवार को दिनभर बधाईयों का तांता लगा रहा। कांग्रेसजनों व सैकड़ों लोगों ने जहां उनके पद्मनाभपुर स्थित आवास पहुंचकर उन्हे बधाई दी। वहीं दूरभाष पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं के बधाई भी मिले है। जिससे वोरा निवास दिनभर खुशियों से गुलजार रहा। कई कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जहां श्री वोरा को फूलमालाओं व गुलदस्ता भेंटकर अध्यक्ष बनने की बधाई दी। वहीं कई लोगों ने केक काटकर व मिठाइयां बांटकर अपनी खुशियां जाहिर की। बधाई देने कुछ समर्थक रैली की शक्ल में पहुंचे थे।

निगम महापौर धीरज बाकलीवाल, सभापति राजेश यादव, लोककर्म विभाग प्रभारी अब्दुल गनी, एमआईसी सदस्य ऋषभ जैन, हमीद खोखर, दीपक साहू, संजय कोहले, भोला महोबिया, शंकर सिंह ठाकुर, जमुना साहू, सत्यवती वर्मा, मनदीप सिंह भाटिया, अनुप चंदानिया, कमल रुंगटा, श्री सांई मंदिर समिति के अध्यक्ष श्रीकांत समर्थ, गया पटेल, अलताफ अहमद, दक्षिण ब्लाक अध्यक्ष अजय मिश्रा, पप्पू श्रीवास्तव, रत्ना नारमदेव समेत अन्य कांग्रेसजनों ने श्री वोरा को उनके निवास पहुंचकर बधाई दी है।

भंडार गृह में बेहतर सुविधाएं देने का रहेगा प्रयास.वोरा

श्री वोरा ने नियुक्ति पर मुख्यमंत्री का आभार जताते हुए कहा कि कृषि उत्पादों को साइंटिफिक तरीके से स्टोर करने की सुविधा बढ़ाने ज्यादा से ज्यादा गोदाम बनाने पर फोकस किया जाएगा। पेस्ट फ्री व सुरक्षित गोदाम किराये पर देने के लिए व्यापारिक संस्थानों को बेहतर सुविधा दी जाएगी। ताकि वेयर हाउस में रखी सामग्री का रखरखाव बेहतर गुणवत्ता से हो सके। श्री वोरा ने कहा कि छग कृषि प्रधान राज्य है। मेहनत से पैदा किए उत्पाद सुरक्षित ढंग से रखे जा सकें इसके लिए हरसंभव उपाय किए जाएंगे।

अपर कलेक्टर सर्वे ने किया निरीक्षण

नवप्रदेश संवाददाता

रिसाली। मुख्यमंत्री के मंशानुरूप नरवा, गरूवा, घुरवा व बाड़ी योजनांतर्गत निगम क्षेत्र में भी नेवई भाठा मुरूम खदान के सामने युद्धस्तर पर गोठान का निर्माण पूर्णता की ओर है जंहा महत्वाकांक्षी योजना अब साकार रूप लेने लगी है। ज्ञातव्य है कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था सहित नगरीय निकायों के वार्डो में पालतु, आवारा मवेशियों के रख रखाव हेतु पारम्परिक एवं प्रचलित अर्थ व्यवस्था को बरकरार रखने तथा गौधन का सुरक्षात्मक व्यवस्थापन के साथ.साथ जैविक खाद निर्माण व बायो गैस उत्पादन का कार्य भी गौठान में किये जा सकेंगे। इसी दिशा में निगम प्रशासन भी उल्लेखित कार्यो को शीघ्रताशीघ्र पूर्ण करने के बीच आज अपर कलेक्टर व निगम आयुक्त प्रकाश कुमार सर्वे ने मातहतों के साथ नेवईभाठा स्थित गौठान का सघन निरीक्षण कर किये जा रहे कार्यो का जायजा लिया एवं मातहतों को उचित दिशा निर्देश दिए। गौठान के चारों ओर बाउण्ड्रीवाल तथा पशुओं एवं चारा संग्रहण हेतु शेड निर्माण का भी जानकारी प्राप्त कर निर्धारित समय के भीतर कार्यो को पूर्ण करने के निर्देश दिये। आयुक्त ने गौठान में पेयजल की समुचित व्यवस्था हेतु मवेशियों के लिए पानी के ट्रंप ;कोटनाद्ध सतही जल स्त्रोत हेतु लघु तालाब ;डबरीद्ध का भी निर्माण किये जाने का निर्देश निगम के उपअभियंता अखिलेश गुप्ता को दिये। निर्मित गौठान को रोजगारोन्मुख बनाने वर्मी कम्पोष्ट और नाडेप टंकी से जैविक खाद का निर्माण हेतु कार्ययोजना बनाकर अतिशीघ्र क्रियान्वित करने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

रंगीन रोप लाइट्स बनी लुभावनी

नवप्रदेश संवाददाता

भिलाई। शहर की प्रमुख सड़कों पर अब लोगों को रंगीन रोशनी का नजारा देखने को मिलेगा। रंग बिरंगी प्रकाश व्यवस्था से शहर की सुंदरता बढ़ाने के लिए महापौर व विधायक देवेन्द्र यादव और निगम आयुक्त ऋतुराज रघुवंशी ने निगम क्षेत्र की प्रमुख सड़कों के ट्यूबलर पोल पर एलईडी के साथ कलरफूल रोपलाइट लगाने का निर्णय लिया है। जोन स्तर के अधिकारियों को मुख्य सड़कों के पोल को चिन्हित कर रंगीन रोपलाइट्स लगाने के आदेश दिए हैं। जिससे कि दिन ढलने के बाद सड़कों पर पर्याप्त रोशनी हो और सफर भी आराम दायक लगे। श्री रघुवंशी के आदेश के मुताबिक निगम मद से जोन 1, 2, 3, 4 व 5 के प्रमुख सड़कों के ट्यूबलर पोल पर रंगीन रोप लाइट लगाया जाएगा। साथ ही ट्यूबलर पोल को पेंट किया जाएगा। इसी कड़ी में वायशेप ब्रिज के ट्यूबलर पर लाइट लगाने का काम चल रहा था। 54 ट्यूबलर पोल के साथ लाइट लगाने का काम पूरा हो गया है। अब दिन ढलने के बाद रंगीन रोशनी से ब्रिज सुंदर दिखाई देने लगी है। रोप लाइट की रंगीन रोशनी मनमोहक लग रही है। जोन 1 के आयुक्त सुनील अग्रहरि ने बताया कि जोन 1 क्षेत्र के प्रमुख सड़कों के 270 ट्यूबलर पोल पर 3.24 लाख की लागत से रोप लाइट लगाया जाना है। पोल सौंदर्यीकरण का काम चल रहा है।

फोरम ने हाउसिंग बोर्ड पर लगाया 1.54 लाख का जुर्माना

नवप्रदेश संवाददाता

दुर्ग। मकान की बुकिंग कराने के बाद निर्माण कार्य में विलंब होने से मकान की लागत में अत्यधिक वृद्धि हुई। जिसके कारण ग्राहक ने मकान की बुकिंग कैंसिल करवाई। जिसके बाद नियमानुसार जमा राशि पर ब्याज दिया जाना था परंतु छत्तीसगढ़ हाउसिंग बोर्ड ने कम ब्याज का भुगतान किया और बकाया ब्याज की मांग करने पर कोई कार्यवाही नहीं की। इसे सेवा में निम्नता ठहराते हुए जिला उपभोक्ता फोरम के अध्यक्ष लवकेश प्रताप सिंह बघेल, सदस्य राजेन्द्र पाध्ये व लता चंद्राकर ने छग गृह निर्माण मंडल पर 1.54 लाख हर्जाना लगाया। बालोद शासकीय आदर्श उच्चतर माध्यमिक शाला में उप प्राचार्य राजेश्वर राव कृदत्त ने बालोद के ग्राम सिवनी स्थित अटल विहार योजना अंतर्गत विकसित की जाने वाली छत्तीसगढ़ हाउसिंग बोर्ड की आवासीय कॉलोनी में एमआईजी 1 श्रेणी के मकान हेतु दिनांक 28 फरवरी 2013 को 3.38 लाख भुगतान कर बुकिंग कराई थी परंतु हाउसिंग बोर्ड ने परिवादी की बुकिंग को एमआईजी 2 श्रेणी में बदल दिया फिर भी परिवादी ने इसकी सहमति दे दी और बैंक से ऋण लेकर 13 अगस्त 2015 को 11.71 लाख भुगतान किया। मकान की बुकिंग निरस्त करने के बाद भी राशि नहीं लौटाई बल्कि ब्याज का भुगतान भी पूरा नहीं किया। फोरम अध्यक्ष ने संयुक्त रूप से फैसला सुनाते हुए छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल के दुर्ग प्रक्षेत्र के संपदा अधिकारी धमतरी प्रक्षेत्र के संपदा अधिकारी एवं रायपुर के मुख्य संपदा अधिकारी पर 1.54 लाख हर्जाना लगाया। जिसके तहत कम भुगतान किए गए ब्याज की राशि 127939 मानसिक पीड़ा की क्षतिपूर्ति स्वरूप 25 हजार तथा वाद व्यय के रुप में 1 हजार देना होगा।

वित्तीय बजट... गढ़बो नवा कुम्हारी के तहत विकास कार्यो की दिशा में उठे कदम...

28 करोड़ के विकास कार्यों का शुभारंभ

नवप्रदेश संवाददाता

कुम्हारी। नगर पालिका परिषद अध्यक्ष राजेश्वर सोनकर ने नगर के विकास कार्यो हेतु प्राप्त 28 करोड़ 11 लाख 98 हजार रूपयों की जानकारी प्रदान करते हुए कहा कि वित्तीय बजट में ''गढ़बो नवा कुम्हारी'' के तहत किए गए वादे को गति प्रदान करने का अवसर आ गया है। वर्तमान वित्तीय बजट में अरबों रुपयों की कार्य योजना में स्वास्थ्य, सफाई, शिक्षा, बिजली, पानी, भवन, खेलकूद मैदान, उद्यान सहित पाईप लाईन विस्तारीकरण को भी शामिल किया गया था। जनोपयोगी कार्य योजना को मुख्यमंत्री के आदेशानुसार साकार किया जा रहा है। लगभग 29 विकास कार्यो को समस्त जनप्रतिनिधियों के सहयोग से प्रारम्भ किया जाएगा जिनकी स्वीकृति हो चुकी है। आधुनिकतम सुविधा उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वाकांक्षी योजना के अन्तर्गत छात्रावास, मध्य भारत का सर्व सुविधा युक्त प्रथम जूडो एकेडमी, इनडोर बैडमिंटन कोर्ट, नवीन नगर पालिका भवन, उद्यानों का निर्माण शीघ्रातिशीघ्र पूर्ण कर नगरवासियों को सौगात प्रदान किया जाएगा। अंग्रेजी माध्यम के विद्यालय में शासन द्वारा आबंटित 40 से बढ़ाकर 80 सीट किया गया है। शिक्षा के क्षेत्र में विशेष रूप से अध्यक्ष सोनकर ने एक नई पहल करते हुए जानकारी दी कि गरीब निर्धन वर्ग के उन बच्चों को जो उच्चतर माध्यमिक शिक्षा के लिए 11 वीं, 12वीं कक्षा में पढ़ रहे हैं, उन्हें अध्यक्ष, पार्षद निधि से कापी, पुस्तकें, बैग जैसी उपयोगी सामग्रियॉ निःशुल्क उपलब्ध कराई जाएँगी इस बाबत योजना बना कर उपरोक्त सामग्री क्रय करने की अनुमति भी प्राप्त कर ली गई है। इन योजनाओं की प्रशंसा मुख्यमंत्री ने भी की। जूडो एकेडमी, छात्रावास भवन निर्माण हेतु 7.8 करोड़, विश्राम गृह भवन निर्माण 79.98 लाख, डीएमसी तालाब सौंदर्यीकरण 3.73 करोड़ सहित अन्य शामिल हैं।

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

पंजी. 202007100400328

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक रमेश कुमार विश्वकर्मा आ. श्री गंगाप्रसाद विश्वकर्मा निवासी इस्पात नगर रिसाली भिलाई द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम धनोरा प.ह.न. 39 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 390/9 रकबा 0.030 हें/ 3212 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 15.07.2020 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — **अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)**

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

पंजी. 202007100400335

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक हरिसिंह सोलंकी आ. श्री सौदान सिंह सोलंकी निवासी शांतिकुंज रिसाली द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम उमरपोटी प.ह.न. 42 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 204/4 रकबा 0.017 हें/ 1915 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 15.07.2020 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — **अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)**

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

पंजी. 202007100400354

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदिका श्रीमती तिननी खंडाईत पति विनोद खंडाईत निवासी तितुरडीह दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम बघेरा प.ह.न. 07 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 272/152 रकबा 0.007 हें/ 810 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 16.07.2020 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — **अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)**

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

पंजी. 202007100400269

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदिका श्रीमती चन्द्रकला देवांगन पति श्री संजू देवांगन निवासी उतई तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम उतई प.ह.न. 42 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 494/2 रकबा 0.020 हें/ 2207.7 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 14.07.2020 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — **अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)**

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

पंजी. 202007100400329

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदिका श्रीमती हेमिन बाई यादव पति श्री अश्वनी कुमार यादव निवासी धनोरा द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम धनोरा प.ह.न. 39 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 47/10 रकबा 0.014 हें/ 1521 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 15.07.2020 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — **अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)**

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./1183/अ-06/वर्ष 2019-20
ई-कोर्ट क्रं....

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक भरत लाल सिंगरौल आ. स्व. रामकुमार सिंगरौल निवासी गवलीपारा आपापुरा वार्ड दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 568/11/ट/1 (568/11/ड/1) रकबा 0.009 हे. भूमि जो कि आवेदक के पिता रामकुमार पिता लक्ष्मीनारायण के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। उक्त भूमि निजी रास्ता व रिक्त है को भूमि स्वामी/ पिता रामकुमार के मृत्यु हो जाने पर उनके एक मात्र हो जाने पर उनके एक मात्र वारिसान होने से उक्त भूमि को स्वयं के नाम पर नामांतरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 11.08.2020 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 15.07.2020 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — **तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)**

न्यायालय नजूल जांच अधिकारी दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र.//अ/वर्ष 2019-20

आवेदक शेख इकबाल आ. शेख अय्युब साकिन पचरीपारा हास्पिटल वार्ड दुर्ग द्वारा इस आशय का आवेदन प्रस्तुत किया है कि दुर्ग नगर में स्थित नजूल शीट क्रमांक 45 डी भूंखड क्र 110 क्षेत्रफल 57.00 वर्गमीटर को छ.ग. शासन राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग मंत्रालय महानदी भवन मंत्रालय रायपुर के पत्र क्रमांक एफ 04-07/7-1/2019 दिनांक 11.09.2019 एवं 26.10.2019 में जारी निर्देशों के अनुक्रम में आवासीय/ व्यवसायिक प्रयोजन हेतु स्थायी पट्टो पर आबंटन किए जाने एवं शासन की शर्तो के अनुरुप उक्त भूखण्ड का भूमिस्वामी अधिकार प्रदान करने हेतु आवेदन मय शपथ पत्र प्रस्तुत किया है। जिसका प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतएव एतद् द्वारा सर्वसाधारण एवं आम जनता को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति/ संस्था को आपत्ति हो तो प्रकरण की सुनवाई दिनांक 22.07.2020 या इसके पुर्व इस न्यायालय में स्वतःया किसी अधिकृत व्यक्ति अथवा अधिवक्ता के द्वारा जिसे भूखण्ड संबंधी जानकारी हो प्रस्तुत किया जावे अथवा करवाया जावे। इसके पश्चात् प्राप्त आक्षेप/आपत्ति पर कोई कार्यवाही नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 06.07.2020 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर — **नजूल जांच अधिकारी दुर्ग (छ.ग.)**

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र.	पक्षकार का नाम	ऑनलाईन
ई-कोर्ट	श्री मन्नूलाल भुआर्य	रजिस्ट्रेशन नं. 202006100400711

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक श्री मन्नूलाल भुआर्य आ. श्री जोहनलाल भुआर्य निवासी ब्लाक नं. 5 ए सड़क 35 सेक्टर 7 भिलाई तहसील व जिला दुर्ग छ.ग. द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2)(5) तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
ग्राम रिसाली प.ह.न. 22 तह.व जिला दुर्ग	650/18	0.030 हें 3280 वर्गफीट	आवासीय

अतएव उपरोक्त वर्णित आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, शासकीय विभाग, सार्वजनिक या अर्धसार्वजनिक उपक्रम को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वे इस उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस के भीतर अपनी लिखित आपत्ति/दावा स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत कालावधि के बाद प्राप्त आपत्ति/दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 19.06.2020 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की पदमुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — **अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग, जिला दुर्ग**

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

पंजी. 202007100400315

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक श्री संतोष विश्वकर्मा आ. श्री छटकी विश्वकर्मा निवासी हरीनगर रजत काम्पलेक्स द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम उरला प.ह.न. 17/7 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 193/20 रकबा 46.46 हें/ 500 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 14.07.2020 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — **अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)**

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

पंजी. 202007100400225

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदिका श्रीमती प्रियंका सिंह पति लोकश सिंह निवासी पुलिस लाईन कवर्धा द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम उमरपोटी प.ह.न. 42 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 746/4 रकबा 0.020 हें/ 2201 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 09.07.2020 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — **अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)**

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

पंजी. 202007100400226

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदिका श्रीमती एन.व्ही. पद्मा पति एन. गुरुनादम निवासी सेक्टर 06 भिलाई द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम उमरपोटी प.ह.न. 42 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 836/3 रकबा 0.020 हें/ 2500 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 09.07.2020 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — **अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)**

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

पंजी. 202007100400224

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदिका श्रीमती सुषमा देवी पति प्रकाश निवासी सुपेला भिलाई द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम उमरपोटी प.ह.न. 42 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 745/3 रकबा 0.130 हें/ 1500 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 09.07.2020 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — **अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)**

न्यूज गैलरी

चिंगरापगार जलप्रपात में दो गुटों में झड़प

गरियाबंद। गुरुवार को मुख्यालय से 15 किमी दूर स्थित चिंगरापगार जलप्रपात में महासमुंद से आए सैलानियों और स्थानीय लोगों के बीच झड़प हो गई। इसमे तीन लोग घायल हो गए। पुलिस के बीच बचाव के बाद मामला शांत हुआ। मामले मे पुलिस ने महासमुंद से आए 18 लोगों के विरुद्ध धारा 151 के तहत प्रकरण दर्ज किया है। थाना प्रभारी विकास बघेल ने बताया कि महासमुंद जिले के 18 लोग एक पीक अप वाहन में चिंगरापगार जलप्रपात आए हुए थे इस दौरान किसी बात को लेकर उनका और ग्राम बारूका के तीन लोगों के कहासुनी हो गई, बात बढ़ी तो आपस मे हाथापाई होने लगी। ग्रामीणों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। जिसके बाद तत्काल मौके पर पहुँची पुलिस ने मामला शांत कराया और सभी को थाना ले आई जहां आरोपियों के विरूद्ध प्रकरण दर्ज कर लिया है। उन्होंने बताया कि चिंगरापगार जलप्रपात मनोरम प्राकृतिक सुंदरता से परिपूर्ण वातावरण होने के कारण यहां बाहरी लोगों की आवाजाही बड़ गई है। इसे देखते हुए यहां पुलिस वयवस्था की जा रही है ताकि अप्रिय घटना ना घटे।

हत्या के मामले में मृतक का पिता और भाई गिरफ्तार

भाटापारा। 14 जुलाई की रात्रि साढे 10 बजे केसदा के एक फार्म हाउस में घर घुसकर रॉड और डंडे से वॉर कर रितेश वर्मा की इलाज के दौरान हुई मौत के मामले में सिमगा पुलिस ने इस मामले में मृतक के पिता और भाई को गिरफ्तार कर लिया है। घटना की वजह मृतक का शराब के नशे में आये दिन विवाद करना बताया जाता है।

उपरोक्त सम्बन्ध में आयोजित प्रेस वार्ता में उक्त मामले का खुलासा किया गया।विदित हो की प्रार्थी हरीश वर्मा पिता स्व. मेघनाथ वर्मा ने दिनांक 15.07.2020 को 14.30 बजे थाना सिमगा में रिपोर्ट दर्ज कराया कि दिनांक 14.07.2020 को रात्रि करीब 10.30 बजे 04 अज्ञात नकाबपोश व्यक्तियों द्वारा घर अंदर घुसकर मृतक रितेश वर्मा को राड एवं डण्डा से माकर गंभीर चोंट पहुंचाया। उसकी मां शुकन बाई बीच-बचाव करने पहुंची तो उसे भी आरोपियों द्वारा चोंट पहुंचाने के बाद सभी आरोपी घटनास्थल से भाग गये। तत्पश्चात दोनों को उचित ईलाज हेतु सीएचसी सिमगा एवं रायपुर ले जाया गया। जहां रितेश वर्मा की प्रातः 04.30 बजे मृत्यु हो गई। कि प्रकरण में थाना सिमगा में अपराध क्रमांक 218/2020 धारा 458,307,302, 34 भादवि. पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

प्रकरण की गंभीरता को देखते हुये पुलिस अधीक्षक ने अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमति निवेदिता पाल के नेतृत्व में टीम गठित कर आरोपियों को तत्काल पकड़ने हेंतु ग्राम केसदा रवाना किया गया। संपूर्ण प्रकरण में प्रारंभ से ही मृतक परिवार के सदस्यों के बयान विरोधाभासी थे तथा घटना की स्थिति से आरोपियों में किसी परिचित के ही शामिल होने की प्रबल शंका थी। मृतक शराब एवं गांजा पीने का आदी था तथा नशे में वह कई बार अपने माता पिता के सांथ मारपीट भी कर चुका था। इस आधार पर पुलिस टीम द्वारा मृतक परिवार के सभी सदस्यों से पृथक-पृथक पूछताछ किया गया, जिसमें घटना दिनांक को भी मृतक रितेश वर्मा द्वारा शराब के नशे में पिता रामकृष्ण वर्मा को मारने लगा तथा बीच-बचाव करने आये घर के अन्य सदस्यों से भी मारपीट करने लगा। इस दौरान गुस्से में आकर मृतक के पिता एवं भाई अमर सिंह वर्मा ने घर के दूसरे कमरे में रखे ट्रैक्टर के लोहे का टाप पिन से रितेश वर्मा के सिर में 05-06 बार वार किये जिससे वह जमीन पर गिर पड़ा और उसे 108 की मदद से अस्पताल ले जाया गया था।आरोपियों ने इस मामले में पुलिस को गुमराह करने गलत सुचना दी गई।

हत्याकांड की गुत्थी सुलझाने में के.बी.द्विवेदी एसडीओपी भाटापारा, निरीक्षक नरेश चैहान उपनिरी आर.एस.सिंह थाना प्रभारी सिमगा, उपनिरी रोशन सिंह थाना प्रभारी सुहेला, सउनि ईश्वर टोप्पो, प्रआर रामकृष्ण शर्मा, रूपेन्द्र वर्मा, संघर्ष तिवारी, धनंजय यादव म.प्रआर पुष्पा राठौर, पिंकी कुर्रे, आर. भरत भूषण पठारी, सत्यप्रकाश खरे, राहुल खूंटे, प्रदीप शुक्ला, भीषम वर्मा, धर्मेन्द्र यादव, खूमलाल साहू, जीयन वर्मा, जगदीश कंवर, बिरेन्द्र सिन्हा एवं सायबर सेल से कुमार जायसवाल का सराहनीय योगदान रहा।

पीड़िता के घर घुसकर छेड़छाड़ करने वाला आरोपी गिरफ्तार

भाटापारा। अपने घर पर अपने पति के साथ सो रही महिला के घर की दीवाल फांदकर पीड़िता के साथ छेड़छाड़ करने व् गालीगलौच कर पीडिता के पति के साथ झूमा झटकी करने वाले आरोपी को ग्रामीण पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय के निर्देश पर जेल दाखिला कर आगे की कार्यवाही कर रही है। उपरोक्त सम्बन्ध में ग्रामीण थाना से प्रदत्त जानकारी अनुसार स्थानीय लालबहादुर शास्त्री वार्ड निवासी प्रार्थिया अपने घर में रात्रि में सो रही थी तो रात्रि करीबन एक बजे जितेन्द्र जांगड़े दिवाल फांदकर छत के सहारे कमरे में घूसकर पीड़िता के हाथ बाह को पकडने लगा तभी पिड़िता जाग गई तथा जोर से चिल्लाई तो उसका पति उठा और आरोपी जितेन्द्र जांगड़े को पकड़ लिया दोनों में झुमा झपटी हुआ, बाद आरोपी वहां से भाग गया।पुलिस ने बताया की आरोपी ने पूर्व में पीड़िता को शारीरिक संबंध बनाने तथा जान से खत्म कर देने की धमकी भी दिया था।पीड़िता की रिपोर्ट पर अपराध क्र. 221/2020 धारा 354,456,506 भादवि पंजीबध्द कर जाँच में जुटी हुई थी। प्रकरण की विवेचना के बाद पर्यास साक्ष्य सबूत पाये जाने से आरोपी के घर में दबिश देकर आरोपी जितेन्द्र जांगड़े लाल बहादुर वार्ड निवासी को पकडकर थाना लाया गया। पूछताछ करने पर जुर्म स्वीकार करने पर उसे गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड में लिया गया है।

पाल ने दरबानटोला के गौठान का किया भूमि पूजन

गंडई पंडारिया। ग्राम पंचायत दरबानटोला में छत्तीसगढ़ के मुखिया भूपेश सरकार के महत्वकांक्षी योजना नरवा, गरवा, घुरवा, बाड़ी योजना के अंतर्गत बनाया जाने वाले गौठान निर्माण के लिए भूमि पूजन क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों के हाथों किया गया,गौठान के भूमिपूजन से ग्रामीणों के चेहरों में खुशी छायी हुई है। 16 जुलाई दिन गुरुवार को ग्राम पंचायत दरबानटोला में गौठान का भूमि पूजन ज़िला पंचायत सदस्य ममता राजेश पाल के मुख्य आतिथ्य में किया गया। इस दौरान गाँव की महिलायें, ग्राम के ही बुजुर्ग सहित गाँव के सभी वॉर्ड के पंच उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान मुख्यअतिथि के द्वारा लोगों को संबोधित भी किया गया। अपने संबोधन में ममता राजेश पाल के द्वारा नये निर्माण गौठान की भूमि पूजन के लिए ग्रामवासियों को बधाई और शुभकामनाएं दी। गौठान के निर्माण,

रख रखाव, समिति के बारे में, पशुओं को सुरक्षित रखने, उनकी चारे की व्यवस्था आदि इससे होने वाले लाभ पर जानकारी दी गई। इससे ग्रामवासियों मे खुशी का महोल दिखने को मिल रहा हैं।

श्री मति ममता राजेश पाल ने बताया की ग्राम पंचायत दरबानटोला में गौठान का भूमिपूजन कर मुनगा के पौधे का वृक्षारोपण किया साथ ही मुनगा से होने वाले फायदे के बारे में बताया। श्री मति पाल ने बताया मुनगा की खेती करने से पहला फसल 1 साल के बाद मिलेगी उसके बाद प्रत्येक 6 माह में मुनगे की फसल ले सकते है मुनगा की ज्यादा पैदावार बढ़ाने के लिए फूल पर दवे का छिड़काव करना चाहिए ताकी फूल न गिरे और ज्यादा से ज्यादा पैदावार हो सके। सब्जी मंडी में मुनगे की बहुत मांग हैं। मुनगा की खेती से लाखो रूपये की आमदनी कमाई जा सकती हैं एक मुनगा पौधा से सालाना दस से पन्द्रह हजार रुपया तक की कमाई किया जा सकता है। महिलाओं के लिए मुनगा अमृत के समान हैं डॉक्टर भी डिलीवरी उपरांत मुनगा का सेवन करने की सलाह देते है इसके अलावा औषधि के रूप में भी प्रयोग किया जाता है। वृक्षारोपण कार्यक्रम में प्रमुख रूप से जिला महासचिव कांग्रेस कमेटी राजेश पाल, जनपद सदस्य मोतीलाल मंडावी, ग्राम सरपंच कुम्भलाल मेरावी, सुरेश धुर्वे, रोहित सिह पुलस्त्य, देवलाल पुलस्त्य, राधा मोहन दास वैष्णव, घूरेलाल नागवंशी, दिलीप नागवंशी, शेर सिंह मंडावी, सुखनंदन साहू, मनहरण साहू, शुभम शर्मा, भारत, कुम्भलाल धुर्वे, भानु यादव, गौकरण, दिनेश बोरकर, ढालेश्वर देवांगन, रिंकू पाण्डे, मनीष दुबे, मोहित वर्मा, वीर सिंह साहू, टीकम धुर्वे, भोंगलु वर्मा व वरिष्ठ कार्यकर्ता एवं भारी संख्या मे ग्रामवासी उपस्थित रहे।

5 नए कोरोना मरीजों की पुष्टि

छुरा। गरियाबंद जिले में लगातार कोरोना की संख्या में बढ़ रहा है। जिले में फिर से 5 कोरोना वायरस मरीजों की पुष्टि हुई है। मिली जानकारी के अनुसार गरियाबंद शहर में एक मरीज मिला है। इसके साथ ही छुरा क्षेत्र से 4 मरीजों की पुष्टि हुई है। बताया जा रहा है कि छुरा में एक मेडिकल संचालक, एक स्वास्थ्य कर्मी एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता पॉजिटिव पाए गए हैं। जिला चिकित्सा अधिकारी एनआर नवरत्ने ने पुष्टि करते हुए बताया कि आज जिले में 5 कोरोना वायरस के मरीज पाए गए हैं। जिनमे गरियाबंद के एक तथा छुरा क्षेत्र के 4 मरीजों की पुष्टि हुई है। जिसमें मेडिकल स्टोर संचालक है और समीप के गांव का एक स्वास्थ्य कर्मी कोरोना संक्रमित पाया गया है। इसके साथ ही आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सारागांव से एक मरीज भी पॉजिटिव आया है।

विभिन्न लम्बित मांगों के सम्बंध में गरियाबंद सचिव संघ ने विधायक से की मुलाकात

छुरा। जिला गरियाबंद सचिव संघ के युवा एवम ऊर्जावान अध्यक्ष प्रवीण साहू ने बिन्द्रानवागढ़ विधायक श्री डमरूधर पुजारी जी से एवम जिला पंचायत के उपाध्यक्ष श्री संजय नेताम जी से सचिव संघ के विभिन्न लम्बित मांगों के सम्बंध में मुलाकात कर अपनी बात रखी।

प्रमुख माँगेः 2 वर्ष की परीक्षा अवधि पश्चात समस्त सचिव साथियों का शासकीयकरण हो -जिससे विगत 25 वर्षों से पंचायतों में अपनी सेवा दे रहे पंचायत सचिवों को उनका अधिकार मिले। पंचायत कर्मी / शिक्षाकर्मी की भर्ती 500-500 के मानदेय में शुरू हुई थी ,आज शिक्षक साथियों का संविलियन कर उन्हें तमाम शासकीय सुविधाएं प्रदान की जा रही है ,इसी भांति समस्त सचिवों को शासकीयकरण कर सभी सुविधाओं का लाभ दिया जाए । जिला गरियाबंद अंतर्गत समस्त ब्लाक- छुरा,फिंगेश्वर ,मैनपुर,देवभोग,गरियाबंद के सचिवों का एरियर्स राशि विगत 1 वर्ष 6 माह से लंबित है। जिला पंचायत के माध्यम से बार बार पत्राचार करने और राशि मांग के बाद भी आज पर्यंत तक एरियर्स राशि भुगतान नही हुआ है। उक्त राशि तत्काल भुगतान कराया जावे । उपरोक्त मांगों को लेकर विधायक बिन्द्रानवागढ़ एवम जिला पंचायत के उपाध्यक्ष श्री संजय नेताम जी से मुलाकात की जिस पर उन्होंने लम्बित मांगो के निराकरण करने एवं आदरणीय मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ शासन भूपेश बघेल जी से संविलियन /शासकीयकरण करने अनुशंसा सहित पत्र भेजने एवम सकारात्मक निर्णय लेने की बात कही।

नगरपालिका ने भी 600 पौधे रोपे

भाटापारा। महानदी हरियर बलौदाबाज़ार-भाटापारा वृक्षारोपण महा अभियान के तहत शुक्रवार को नगर पालिका द्वारा पालिका परिसर, नाका चौक डिवाइडर, लिंक रोड डिवाइडर, एवं श्मशान गृह में 600 नग विभिन्न प्रकार के पौधोंको नगर के गणमान्य नागरिकों, जन प्रतिनिधि गण, नगर पालिका स्टाफद्वारा रोपित कर 1 वर्ष तक उनकी सुरक्षा की शपथ ली गई।

नपा में वर्षो से काम कर रहे कर्मचारी को कार्यमुक्त करना अनुचित : मयूर हथेल

डोंगरगढ़ । महादलित परिसंघ के प्रदेश अध्यक्ष मयूर हथेल ने नगर पालिका में कार्यरत रहे मनीष श्रीवास्तव को पुनः कार्य में लिए जाने को लेकर अनुविभागीय अधिकारी एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी डोंगरगढ़ को ज्ञापन सौंपा। मनीष श्रीवास्तव विगत सन 2011 से नगर पालिका परिषद डोंगरगढ़ में कार्यरत थे सन 2011 से 2016 तक नगर पालिका परिषद कार्यालय में आवक जावक और जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र में अपनी सेवा दे रहे थे और 2017 में 3 से 4 महीना स्वच्छता कमांडो के सुपरवाइजर थे और 2018 से मिशन क्लीन सिटी में घर घर जाकर रसीद काट के अपनी सेवा दे रहे थे । नगर पालिका में कार्यरत मनीष के माता जी की अचानक तबियत खराब होने पर अपनी मां के उपचार हेतु कुछ दिनों की छुट्टी की सूचना नगर पालिका प्रभारी को देकर गए थे लेकिन अपनी मां के इलाज करा कर वापस अपने कार्य पर आने पर प्रभारी द्वारा उन्हें कार्य पर नहीं लिया जा रहा है और उन्हें गुमराह किया जा रहा है । वर्षो तक नगर पालिका सेवाएं देने के बावजूद भी उन्हें ऐसे वैश्विक महामारी के समय कार्य से निकाला जाना अत्यंत विचारनिय विषय है संबंधित प्रभारी को इस विषय पर विचार करना चाहिए । मयूर हथेल ने कहा कि कोई भी कर्मचारी यदि चिकित्सा जैसे महत्वपूर्ण कार्य के लिए सूचना देकर जाता है तो उसे कार्यमुक्त करना अनुचित है वहीं कोरोना महामारी के बीच किसी भी कर्मचारी को काम से अचानक निकलना न्याय संगत नही होगा ।

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2019-20

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक राजेश बुरड आ. सोहनराज बुरड साकिन अंजोरा द्वारा ग्राम अंजोरा प.ह.न. 28 रा.नि.मं. दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि स्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 485/145 रकबा 0.32, 0.27, 0.32 हे. में पूर्व भूमिस्वामी एस साजन आ. के सुधाकरण का एवं आशीष पालीवाल का नाम विलोपित करने के संबंध में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। जिस पर प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः उपरोक्त भूमि का नाम विलोपित किए किये जाने पर जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति या उजर दावा हो तो सुनवाई तिथि दिनांक 06.03.2020 तक या उसके पुर्व स्वयं या अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद में प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 13.02.2020 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर — **अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)**

कार्यालय कलेक्टर (परिवर्तित भूमि) शाखा दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा-पत्र

क्र./अ.भू.अ./परि.भूमि दुर्ग/2020

प्रति,

हल्का पटवरी नं. 23 अ ग्राम पोटियाकला तहसील व जिला दुर्ग

विषय : भूमि व्यपपर्तन के प्रकरण में जांच रिपोर्ट देने बाबत्।

संदर्भ : माननीय न्यायालय अपर कलेक्टर दुर्ग का ज्ञापन क्र. 404/प्र.अ.क्र./2012 दिनांक 31.08.2012

ग्राम पोटियाकला प.ह.न. 23 अ रा.नि.मं. कसारीडीह तह. व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नं. 80/143 रकबा 0.014 हे. के व्यपवर्तन हेतु आवेदिका अर्चना जैन (लोढा) ध.प. रावलमल लोढा का प्रकरण विचाराधीन है। अतः संदर्भित आदेश निम्न बिन्दुओं पर रिपोर्ट प्रस्तुत करें।

1. आवेदिक भूमि पूर्व में अनुसार जनजाति वर्ग के व्यक्ति की रही है या नहीं। 2. आवेदित भूमि शासकीय पट्टे की भूमि, भूदान, नजूल या सिलिंग से प्राप्त भूमि तो नही है। 3. आवेदित भूमि सार्वजनिक प्रयोजनार्थ भू-अर्जन हेतु प्रस्तावित तो नहीं है। 4. वर्तमान का नक्शा, खसरा एवं बी-1 संलग्न करें। 5. आवेदित भूमि शामिलात चारागाह की भूमि तो नहीं है। 6. यदि जानकारी हो तो।

मुहर — **राजस्व निरीक्षक परिवर्तित भूमि जिला दुर्ग (छ.ग.)**

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई नगर जिला दुर्ग (छ.ग.)

मामले की श्रेणी-राजस्व

ईश्तहार

मा.क्रं. 202007101000067/182

विषयः अ-06 वर्ष 2019-20

कोहका प.ह.न. 00019(3790/2(0.0300 हे.)

पक्षकारों का विवरण : आवेदक पक्षकार-देवकुवर गोड़ अनावेदक पक्षकार-

आवेदक देवकुवर पति स्व. जगन्नाथ गोड़ निवासी ग्राम कोहका तह. व जिला दुर्ग द्वारा अपने भूमिस्वामी हक की भूमि ग्राम कोहका प.ह.न. 19 तह. व जिला दुर्ग में स्थित भूमि खसरा नं. 3790/2 रकबा 0.30 हे भूमि का प्राप्त ऋणपुस्तिका गुम हो जाने के कारण नया ऋण पुस्तिका मिलने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 29.05.2019 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 30.04.19 को जारी किया जाता है।

मुहर — **अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई नगर (छ.ग.)**

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई नगर जिला दुर्ग (छ.ग.)

मामले की श्रेणी-राजस्व

ईश्तहार

मा.क्रं. 202007101000043/67

विषयः अ-06 वर्ष 2019-20

कुरुद प.ह.न. 00050(1561/1(0.4900 हे.)

पक्षकारों का विवरण : आवेदक पक्षकार- श्रीमती प्रीती उर्फ जुली अग्रवाल

अनावेदक पक्षकार-

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती प्रीती उर्फ जुली अग्रवाल पति मनोज अग्रवाल निवासी पावर हाउस भिलाई ग्राम कुरुद प.ह.न. 19 अ रा.नि.म. कोहका तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि स्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 1561/1638/17 रकबा 0.04 हें अर्थात 4800 वर्गफीट भूमि श्रीमती प्रीती अग्रवाल पति मनोज अग्रवाल के नाम पर दर्ज है। जो कि गलत दर्ज हो गया है। सही नाम श्रीमती प्रीती उर्फ जुली अग्रवाल पति मनोज अग्रवाल दर्ज किए जाने बाबत् आवेदन पत्र मय बी-1, बी-2 नक्शा खसरा, ऋण पुस्तिका की छायाप्रति प्रस्तुत किया गया है।

उपरोक्त भूमि का नामांतरण किए जाने पर जिस किसी भी व्यक्ति संस्था को उजर या दावा हो तो सुनवाई तिथि दिनांक 28.07.2020 तक या उसके पूर्व स्वयं या अपने अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपनाा आपत्ति पेश कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 09.06.2020 को जारी किया गया है।

मुहर — **अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई नगर (छ.ग.)**

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई नगर जिला दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र./570/अ-06/वर्ष 2019-20

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक जगदीश गुप्ता आ. हरिप्रसाद निवासी कचांदुर द्वारा ग्राम कचांदुर प.ह.न.17 रा.नि.मं. कोहका तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 387/3 रकबा 0.18 हे. भूमि को रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर विक्रेता टोपूराम व अन्य आ. बलदेव निवासी कचांदुर से क्रय किया है कि नामांतरण किए जाने के संबंध में आवेदन पत्र मय बैनामा की छायाप्रति इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतः उपरोक्त भूमि को नामांतरण किए किये जाने पर जिस किसी भी व्यक्ति को उजर दावा आपत्ति पेश करना हो तो सुनवाई तिथि दिनांक 10.08.2020 तक या उसके पुर्व स्वयं या अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। बाद में प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 09.07.2020 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर के साथ जारी किया गया।

अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई नगर (छ.ग.) — मुहर

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र. ई-कोर्ट	पक्षकार का नाम	ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन नं.
	श्री ईश्वरी लाल देवांगन	202007100400179

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक श्री ईश्वरी लाल देवांगन आ. श्री स्व. जनकलाल देवांगन निवासी 12ए/14/7 सेक्टर 04 भिलाई तहसील व जिला दुर्ग छ.ग. द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2)(5) तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
ग्राम रिसाली प.ह.न. 22 तह.व जिला दुर्ग	640/23	0.018 हें 2016 वर्गफीट	आवासीय

अतएव उपरोक्त वर्णित आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, शासकीय विभाग, सार्वजनिक या अर्धसार्वजनिक उपक्रम को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वे इस उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस के भीतर अपनी लिखित आपत्ति/दावा स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत कालावधि के बाद प्राप्त आपत्ति/दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 07.07.2020 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की पदमुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — **अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग, जिला दुर्ग**

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./29/अ-27/वर्ष 2019-20

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती ललिता देवी अन्य 1 पति रामाशीष चौहान निवासी ग्राम हुडको तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम बोरसी तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 349/10 रकबा 0.021 हे. भूमि जो कि आवेदक एवं अन्य सहखातेदार के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदित भूमि के आपसी सहमति के आधार पर खाता विभाजन किए जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 11.08.2020 तक स्वयं अथवा अपने विघिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 15.07.2020 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — **तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)**

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./1186/अ-06/वर्ष 2019-20

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक रवि यादव पिता बिसाहू राम यादव निवासी ग्राम राजीव नगर तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 737/94 रकबा 0.010 वर्गफीट भूमि जो कि आवेदक/शामिलात सहखातेदार के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदित भूमि के खातेदार बिसाहूराम यादव आ. जीवराखन लाल की मृत्यु हो जाने पर फौती दर्ज कर मृतक खातेदार के सभी विधिक वारिसानों का नाम राजस्व अभिलेख में दर्ज किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 07.08.2020 तक स्वयं अथवा अपने विघिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 15.07.2020 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — **तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)**

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र./अ-06/वर्ष 2019-20

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक योगेन्द्र कुमार साहू पिता स्व. गोविंद राम साकिन डुण्डेरा तह. व जिला दुर्ग के द्वारा आवेदक एवं अन्य शामिलात नाम से मौजा ग्राम डुण्डेरा प.ह.न. 57 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 287, 355, 656, 670, 856, 857 कुल रकबा 0.800 हे. भूमि राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदक के सहखातेदार बहन दुलारी बाई पिता स्व. गोविंद राम की मृत्यु दिनांक 07.02.2019 को हो चुकी है। जिससे उनकी फौती वारिसान नीरज साहू पुत्र, नीलम पुत्री का नाम दर्ज किए जाने एवं शेषखातेदारों का नाम यथावत् रखे जाने आवेदन प्रस्तुत किया है।

अतएव उपरोक्त भूमि को आवेदक के नाम पर फौती दर्ज किए जाने पर जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति या उजर दावा हो तो सुनवाई तिथि दिनांक 24.07.2020 तक या उसके पूर्व स्वयं या अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 10.07.2020 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर — **नायब तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)**

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग-1 (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2019-20

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है आवेदिका एम गौरम्मा आ./ पति एम यरैया साकिन सेक्टर 2 भिलाई के द्वारा ग्राम कोड़िया प.ह.न. 38 रा.नि.मं. अण्डा तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 518/1 रकबा 1.05 हे. भूमि विक्रेता पूरनलाल आ. लखन लाल से रजिस्टर्ड बैनामा दिनांक 27.06.2020 को क्रय किया गया है। उक्त आवेदित भूमि को क्रेता के नाम पर प्रमाणीकरण किए जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय मे प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर दावा हो तो व नियत पेशी दिनांक 20.01.2020 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम ये इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा

आज दिनांक 30.07.2020 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया है।

मुहर — **नायब तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)**

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./अ-06/ वर्ष 2019-20

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक आनंद कुमार निर्मलकर पिता स्व. मथीर लाल निर्मलकर निवासी कसारीडीह मौजा चिगरी प.ह.नं. 27 रा.नि.मं. अण्डा तह. व जिला दुर्ग में स्थित भूमि खसरा नंबर 300/1, 843/2 रकबा 0.320, 0.03 हे. भूमि को मंथीर लाल के नाम पर दर्ज है। भूमिस्वामी के द्वारा आवेदक के नाम वसीयत किया गया है। भूमिस्वामी की मृत्यु दिनांक 07.08.2015 को हो जाने के कारण आवेदक का नाम दर्ज करने हेतु आवेदन पेश किया है।

अतएव उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा/आपत्ति करना हो तो नियत पेशी दिनांक 30.07.2020 अथवा प्रकाशन तिथि से 15 दिवस तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से कार्यालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 13.07.2020 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर — **नायब तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)**

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा-पत्र

मा.क्र./अ-06/ वर्ष 2019-20

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक वी. केंवट राव पिता वी. आचारी निवासी शिवपारा तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा अपने हक की क्रय शुदा भूमि ग्राम मोहलई प.ह.नं. 06 तह. व जिला दुर्ग में स्थित भूमि खसरा नं. 776 एवं 779/1 रकबा 0.1000, 0.0700 कुल 17000 हे. भूमि को विक्रय पत्र के आधार पर विक्रेता कमल पिता सुमेरी के नाम से पृथक कर आवेदक का नाम पटवारी अभिलेख में दर्ज करने हेतु आवेदन पेश किया है। जिसका प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था को इस संबंध में आपत्ति दावा या उजर पेश करना हो तो दिनांक 06.08.2020 तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति दावा या उजर प्रस्तुत कर सकते है। बाद में प्राप्त आपत्ति आवेदन पर कोई कार्यवाही नही किया जावेगा।

आज दिनांक 16.07.2020 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पद मुद्रा से प्रकाशन हेतु जारी किया जाता है।

मुहर — **नायब तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)**

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा-पत्र

मा.क्र./अ-06/ वर्ष 2019-20

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक वी. केंवट राव पिता वी. आचारी निवासी शिवपारा तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा अपने हक की क्रय शुदा भूमि ग्राम मोहलई प.ह.नं. 06 तह. व जिला दुर्ग में स्थित भूमि खसरा नं. 751/1, 751/2 रकबा 0.1500, 0.0100 कुल 0.1600 हे. भूमि को विक्रय पत्र के आधार पर विक्रेता श्रीराम पिता स्व. श्री सुमेरी के नाम से पृथक कर आवेदक का नाम पटवारी अभिलेख में दर्ज करने हेतु आवेदन पेश किया है। जिसका प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था को इस संबंध में आपत्ति दावा या उजर पेश करना हो तो दिनांक 06.08.2020 तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति दावा या उजर प्रस्तुत कर सकते है। बाद में प्राप्त आपत्ति आवेदन पर कोई कार्यवाही नही किया जावेगा।

आज दिनांक 15.07.2020 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पद मुद्रा से प्रकाशन हेतु जारी किया जाता है।

मुहर — **नायब तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)**

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा-पत्र

मा.क्र./अ-06/ वर्ष 2019-20

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक वी. केंवट राव पिता वी. आचारी निवासी शिवपारा तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा अपने हक की क्रय शुदा भूमि ग्राम मोहलई प.ह.नं. 06 तह. व जिला दुर्ग में स्थित भूमि खसरा नं. 779/3 रकबा कुल 0.1700 हे. भूमि को विक्रय पत्र के आधार पर विक्रेता नोहर पिता सीताराम के नाम से पृथक कर आवेदक का नाम पटवारी अभिलेख में दर्ज करने हेतु आवेदन पेश किया है। जिसका प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था को इस संबंध में आपत्ति दावा या उजर पेश करना हो तो दिनांक 06.08.2020 तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति दावा या उजर प्रस्तुत कर सकते है। बाद में प्राप्त आपत्ति आवेदन पर कोई कार्यवाही नही किया जावेगा।

आज दिनांक 16.07.2020 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पद मुद्रा से प्रकाशन हेतु जारी किया जाता है।

मुहर — **नायब तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)**

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा-पत्र

मा.क्र./अ-06/ वर्ष 2019-20

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक वी. केंवट राव पिता वी. आचारी निवासी शिवपारा तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा अपने हक की क्रय शुदा भूमि ग्राम मोहलई प.ह.नं. 06 तह. व जिला दुर्ग में स्थित भूमि खसरा नं. 751/3 रकबा कुल 0.1600 हे. भूमि को विक्रय पत्र के आधार पर विक्रेता शीतल पिता सुमेरी के नाम से पृथक कर आवेदक का नाम पटवारी अभिलेख में दर्ज करने हेतु आवेदन पेश किया है। जिसका प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था को इस संबंध में आपत्ति दावा या उजर पेश करना हो तो दिनांक 06.08.2020 तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति दावा या उजर प्रस्तुत कर सकते है। बाद में प्राप्त आपत्ति आवेदन पर कोई कार्यवाही नही किया जावेगा।

आज दिनांक 16.07.2020 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पद मुद्रा से प्रकाशन हेतु जारी किया जाता है।

मुहर — **नायब तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)**

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र.// वर्ष 2019-20

उद्घोषणा-पत्र

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक ढालसिंह पिता स्व. करिया निवासी अंजोरा (ढाबा) तहसील व जिला दुर्ग द्वारा मौजा ग्राम अंजोरा प.ह.नं. 01 में अपने नाम पर स्थित भूमि खसरा नंबर 451, 217, 305, 428, 750, 768, 851, 1047, 1154, 1257, 2177 कुल रकबा 8.1900 हे. भूमि दर्ज है। जिसमें त्रुटिवश किसी अन्य व्यक्ति का नाम दर्ज हो गया है जिसे विलोपित किए जाने आवेदन पेश किया गया है।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था को इस संबंध में आपत्ति दावा या उजर पेश करना हो तो दिनांक 30.07.2020 तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति दावा या उजर प्रस्तुत कर सकते है। बाद में प्राप्त आपत्ति आवेदन पर कोई कार्यवाही नही किया जावेगा।

आज दिनांक 15.07.2020 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पद मुद्रा से प्रकाशन हेतु जारी किया जाता है।

मुहर — **नायब तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)**

गरियाबंद पुलिस निगरानीशुदा और गुंडा बदमाशों की तैयार कर रही डिजिटल कुंडली

■ अपराध करने के बाद बच निकलना अपराधियों के लिए होगा मुश्किल

गरियाबंद। जिले के गुंडा बदमाशों के लिए बुरी खबर है, अपराध को अंजाम देने के बाद पुलिस की पहुंच से दूर भाग जाना अब गुंडा बदमाशों के लिए मुश्किल हो जायेगा, क्योंकि पुलिस जिले के सभी निगरानीशुदा गुंडा बदमाशों की डिजिटल कुंडली तैयार कर रही है, जिसके माध्यम से पुलिस एक क्लिक पर किसी भी गुंडा बदमाश का पुरा बही खाता निकाल कर सामने रख सकती है।

पुलिस विभाग से मिली जानकारी के अनुसार 117 लोगो की डिजिटल जानकारी इक्ट्ठा की जा रही है, इनमें 50 निगरानीशुदा बदमाश है जिसमें से 36 पुराने अपराधी है और 14 नये शामिल किए गये है, इसी प्रकार कुल 67 गुंडा बदमाशों की कुडंली तैयार हो रही है जिसमें 53 पुराने और 14 नये शामिल किये गये है, इस प्रकार जिला पुलिस विभाग दावारा 117 निगरानीशुदा और गुंडा बदमाशों की पुरी जानकारी डिजिटल तरीके से तैयार की जा रही है।

5 डिटेल होगी डिजिटल

पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल ने ताजा खबर को जानकारी देते हुए बताया कि अपराधियों पर नकेल कसने के लिए उनकी तमाम जानकारी डिजिटल की जा रही है ताकि जरुरत पडने पर अपराधियों को कहीं भी दबोचा जा सके, उन्होंने बताया कि जिले के सभी निगरानी शुदा और गुंडा बदमाश से जुडे अपराधियों की पांच जानकारियों को डिजिटल किया जा रहा है जिसमें अपराधियों के फींगर प्रिंटस, आधारकार्ड, पैनकार्ड, स्थायी निवास प्रमाणपत्र और उनकी वर्तमान फोटो शामिल है।

वीसीएनबी का लिया गया सहारा

उनूहोंने बताया कि इसके लिए पुलिस द्वारा एक टीम गठित की गयी थी, जिसने जिले के सभी थाना में पहुंचकर वीसीएनबी के आधार पर पुरी लिस्ट तैयार की है, टीम में एक एसआई और दो कांस्टेबल शामिल थे, जिनकी मॉनिटरिंग, एसडीओपी और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक द्वारा की गयी।

हर महीने कुंडली की होगी समीक्षा, बदमाशों को लगानी होगी हाजरी

पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल ने बताया कि जो कुंडली तैयार की गई है उसकी प्रतिमाह समीक्षा की जायेगी, जिनका आचरण अच्छा होगा उन्हें कुंडली से बाहर निकाल दिया जाएगा और जो नये बदमाश सामने आएंगे उन्हें इस कुंडली मे शामिल किया जाएगा, इसके अलावा कुंडली मे शामिल सभी निगरानी शुदा और गुंडा बदमाशों को रेंडमली 15 दिन में अपने नजदीकी थाना में अनिवार्य रूप से उपस्थित होना होगा।

3 श्रेणियों के आधार पर बनी लिस्ट

पुलिस अधीक्षक ने बताया कि 3 श्रेणीयों के आधार पर 117 अपराधियों की लिस्ट तैयार की गयी है, पहले वे अपराधी जिनके खिलाफ3 से ज्यादा अपराध दर्ज है, दुसरे वे अपराधी जिनके खिलाफ3 साल पहले कोई अपराध दर्ज हुआ है और उसके बाद अपराध तो दर्ज नही हुआ लेकिन उसके खिलाफशिकायतें लगातार आती रही, तीसरे वे अपराधी जिनके खिलाफअपराध तो दर्ज नही है लेकिन उनकी शिकायतें लगातार पुलिस को प्राप्त होती रही है।

अपराधो पर लगेगा लगाम

पुलिस अधीक्षक ने भरोसा जताया कि डिजिटल जानकारी उपलब्ध हो जाने के बाद अपराधों में कमी आयेगी, उन्होंने बताया कि इसके बाद अपराधियों का बचना मुश्किल हो जायेगा और पुलिस के लिए अपराधियों को ढुंढ निकालना आसान हो जायेगा, यहीं नही अपराधों को हल करने में भी पुलिस को डिजिटल कुंडली से काफी फायदा मिलेगा।

■ न्यूज गैलरी

सार्वजनिक स्थानों में बिना मास्क के पाए जाने पर जुर्माना

महासमुंद। बागबाहरा अनुविभाग क्षेत्र बागबाहरा नगर और कोमाखान, खल्लारी, तेंदूकोना क्षेत्र में बिना मास्क पहने घर से बाहर निकलने वाले लोगों को समझाइश एवं जुर्माना की कार्रवाई की गई। अनुविभागीय अधिकारी राजस्व ने बताया कि पुलिस, राजस्व, स्वास्थ्य एवं चिकित्सा एवं नगरीय निकाय के संयुक्त टीम ने गुरूवार को 126 लोगों पर सार्वजनिक स्थानों पर बिना मास्क के पाए गए लोगों पर जुर्माना लगाया। साथ ही उन्होंने और दुकानदारों को भी मास्क के उपयोग करने की सलाह दी।

लापता युवक-युवती की मिली लाश

महासमुंद। बागबाहरा थान क्षेत्र के ग्राम बसुलाडबरी के पुराने ग्राम पंचायत भवन में गुरुवार को युवक-युवती की लाश फांसी पर लटकती मिली। युवती समीप के गांव की है और सोमवार शाम से लापता थी। वहीं युवक भी इसी दिन से लापता था। युवक- युवती के लापता होने की सूचना परिजनों ने पुलिस को दे दी थी। इन दोनों के लाश मिलने के बाद पुलिस जांच में जुट गई है। जानकारी के मुताबिक युवक संजय चंद्राकर पिता लोकेश चंद्राकर (21) और भालुचुंवा निवासी 18 वर्षीय युवती बीते 13 जुलाई से घर से लापता थे। दोनों के परिजनों ने काफी खोजबीन की नहीं मिलने पर इसकी सूचना पुलिस को दी। इस बीच ग्रामीणों को पंचायत के पुराने भवन से बदबू आने से शक हुआ और देखा गया तो लड़की रोशनदान में लगे लोहे के रॉड के सहारे दुपट्टे से लटकती मिली। वहीं, युवक की लाश गले में गमछा लिपटे नीचे फर्श पर पड़ी थी।

टायर फटने से एक ट्रैक्टर चालक की मौत

महासमुंद। कोमाखान थाना के टूहलु चौकी के ग्राम परसुली भाठा संकुल कार्यालय के सामने जनता आटो सेंटर में ट्रेक्टर टॉली का टायर फटने से एक युवक की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार खट्टी निवासी नोकेश पिता विशाल मांझी (22) आनंद चक्रधारी के ट्रेक्टर का चालक था। वह परसुलीभांठा संकुल कार्यालय के पास ट्राली का पिछ्ला पहिया पंचर होने के बाद ऑटो सेंटर में खोलने की कोशिश कर रहा था। लेकिन, टायर डिक्स से अलग नहीं कर पा रहा था। इस दौरान वह कटर मशीन से बोल्ट को काट रहा था कि इस दरम्यान टयूब अचानक फट गया और पहिया छत से टकराकर वापस उसी के सिर पर गिर गया, जिससे वह बुरी तरह घायल हो गया और मौके पर ही उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में ले लिया है।

स्कार्पियो की ठोकर से मोपेड सवार चोटिल

महासमुंद। घोड़ारी ओवरब्रिज के ऊपर एक स्कार्पियो ने मोपेड सवार को टक्कर मार दी। घटना में मोपेड सवार महिला को चोटें आई है। ग्राम कोसमखुंटा थाना राजिम निवासी नेतराम सिन्हा ग्राम निसदा दशगात्र कार्यक्रम में शामिल होने आया था। बुधवार को वह वापस अपने गांव कोसमखुंटा आ रहे थे। पीछे से आ रही स्कार्पियो-ने टक्कर मार दी। इससे मोपेड में सवार नेतराम व दुकलहीन बाई गिर गए। दोनों को चोट आई है।

बाइक से गांजा ले जाते चार पकड़ाए

महासमुंद। बसना पुलिस ने बुधवार को पलसापानी जांच नाका एवं पदमपुर रोड परसकोल चौक बंसुला के पास घेराबंदी कर चार लोगों को गांजा तस्करी के आरोप में गिरफ्तार किया है। इन तस्करों के कब्जे से पुलिस ने 11 किलो गांजा जब्त की है। पदमपुर रोड परसकोल चौक बंसुला के पास बिना नंबर की बाइक में दो लोग सवार थे। तलाशी के दौरान सीट के नीचे से 5.197 किलो गांजा मिला।

बाल-बाल बचा रिटायर्ड स्वास्थ्यकर्मी

महासमुंद। वर्धमान नगर सतनाम भवन के पास रिटायर्ड स्वास्थ्यकर्मी ने भागकर अपनी जान बचाई। मैजिक चालक कट मारकर तेज एवं लापरवाहीपूर्वक चला रहा था, उसी दौरान उसने भाग कर अपनी जान बचाई। पुलिस ने आरोपी मैजिक वाहन चालक के खिलाफ 279 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार वर्धमान नगर गोरेलाल नवरंगे पिता झग्गर नवरंगे ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह प्रतिदिन सुबह छह बजे मॉर्निंग वॉक पर जाते हैं। गुरुवार को भी वह वॉक पर जाने के लिए निकले थे। उसी समय मैजिक क्रमांक सीजी 06 जीए 8285 के चालक ने तेज एवं लापरवाहीपूर्वक चलाते हुए कट मारने लगा तो, भागकर उसने अपनी जान बचाई।

एसबीआई ने अस्पताल को उपलब्ध कराया वेंटिलेटर

महासमुंद। भारतीय स्टेट बैंक महासमुंद ने जिला अस्पताल को एक पोर्टेबल वेंटिलेटर कलेक्टर कार्तिकेया गोयल के हाथों उपलब्ध कराया। पोर्टेबल वेंटिलेटर को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डा. एसपी वारे और सिविल सर्जन डा. आरके परदल ने प्राप्त किया। स्टेट बैंक के शाखा प्रबंधक अनूप कुमार वासवानी ने बताया कि पूरे देश के सभी जिला चिकित्सालयों में भारतीय स्टेट बैंक द्वारा जनहित में जीवनरक्षक चिकित्सा उपकरण सहयोग के रूप में उपलब्ध कराया जा रहा है। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डा. रवि मित्तल मौजूद थे। कलेक्टर गोयल ने वेंटिलेटर को प्रदान करते हुए कहा कि यह जाहिर है कि कोरोना संक्रमण से पीड़ित गंभीर मरीजों को वेंटिलेटर की सख्त जरूरत है।

ग्रामवासियों के साथ मिलकर विकास की योजना बनाने और काम करने की जरूरत

महासंमुद। अनुसूचित जनजाति परम्परागत निवासी वन अधिकार अधिनियम 2006 एवं यथा संशोधित नियम 2012 के तहत गत बुधवार को यहां वन विद्यालय में संभाग स्तरीय एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यशाला सामुदायिक वन अधिकार एवं सामुदायिक वन संसाधन विषय पर आधारित था। अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक के मुरूगन ने दीप प्रज्जवलित कर कार्यशाला का शुभारंभ किया। उन्होंने कार्यशाला को सम्बोधित करते हुए कहा कि वनांचल क्षेत्रों में माडल सामुदायिक वन अधिकार क्षेत्र विकसित करने पर बल दिया। उन्होंने पारंपरिक सीमा के अन्तर्गत वनों का संरक्षण, पुर्नजीवन एवं प्रबंधन करने की बात कही। मुरूगन ने इस बात पर विशेष जोर दिया कि अब गांव और वन के विकास के लिए सरकारी विभागों और ग्रामवासियों के साथ मिलकर विकास की योजना बनाने एवं काम करने की जरूरत हैं।

कांग्रेस में संगठन फेरबदल की प्रक्रिया शुरू

■ अवसरवादी के बदले संघर्ष करने वाले जमीनी कार्यकर्ताओ तवज्जो देने की मांग

गरियाबंद। चुनावी कार्यक्रम के बाद अब कांग्रेस में संगठन फेरबदल की प्रक्रिया शुरू हो गई है। जिले में नए ब्लाक अध्यक्ष के चयन को लेकर मंथन का दौर जारी है। ऐसे में कांग्रेस के नेताओ और वरिष्ठ सदस्यो के बीच से ब्लाक अध्यक्ष को लेकर कई प्रकार सुगबुगाहट सामने आ रही है। पार्टी में अवसरवादी नेताओ के बदले जमीनी कार्यकर्ताओ को स्थान देने की मांग उठने लगी है। पार्टी के वरिष्ठ नेता चाहते है कि संगठन की रचना आगामी चुनाव के दृष्टि को नजर रख कर की जाए जिसमे विपक्ष के दौर में संघर्ष कर पार्टी को सत्ता के शिखर तक पहुचाने वाले सदस्यो की अपेक्षा भी ना हो और नए लोगो को अवसर भी मिले। पार्टी सुत्रो के मुताबिक प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने ब्लाक अध्यक्ष के चयन को लेकर अंतरिम फैसले की जिम्मेदारी संबंधित क्षेत्र के विधायको और छाया विधायक को ही दी है। इधर जैसे जैसे चयन की तिथि नजदीक आते जा रही है कि कांग्रेस के भीतरी गलियारे में जबर्दस्त उठापठक बढ़ने लगी है। संगठन के लिए संघर्षशील सदस्यो का स्थान देने के साथ ही नए चेहरो को अवसर देने तथा पूरे कमेटी में समन्वय और तालमेल बैठाने को लेकर चुनौती की स्थिति निर्मित हो गई है।

सत्ता लोलुप्ता में आए अवसरवादी नेताओ को ना मिले तवज्जो: पार्टी संगठन में अवसरवादी नेताओ को तवज्जो देने के बजाय जमीनी स्तर पर संघर्ष करने वालो महत्व दिया जाने की मांग उठने लगी है। कांग्रेस नेताओ का कहना है कि सत्ता के लालच में आकर सक्रिय हुए अवसरवादी लोगो को स्थान दिया जाता है तो इससे जमीनी कार्यकर्ता की नाराजगी का खामियाजा पार्टी को भुगतना पड़ सकता है। इसके चलते एक ओर जहां 15 साल विपक्ष के संघर्षकाल में कांग्रेस के लिए कड़ी मेहतन करने वालो सदस्यो की भावनाए आघात होगी वही उनमें नाराजगी भी फैलेगी। पार्टी में असंतोष की स्थिति उत्पन्न हो जाएगी ऐसी स्थिति में कांग्रेस में फुट भी पड़ सकती है और समर्पित और निष्ठावान सदस्य पार्टी से दूरी भी बना सकते है।

कांग्रेस वरिष्ठ नेताओ और सदस्यो का कहना है कि कांग्रेस को अगर दुबारा सत्ता चाहिए तो उसे 15 साल संघर्ष किए सदस्यो की अनदेखी से बचना चाहिए। उनका मानना है कि अनुभवी और कांग्रेस को मजबुत प्रदान करने वाले वरिष्ठ सदस्यो पर ही विश्वास किया जाए ताकि आने वाले चुनाव में भी पार्टी को इसका लाभ मिल सकें।

6 नए ब्लाक बनाने को लेकर प्रस्ताव पारित किया गया

जिले में दो विधानसभा है, इसमें वर्तमान में राजिम विस में तीन ब्लाक है गरियाबंद, फिंगेश्वर और छुरा वही छ नए ब्लाक बनाने को लेकर प्रस्ताव पारित किया गया है। इसमें राजिम शहर व ग्रामीण, फिंगेश्वर शहर व ग्रामीण तथा छुरा ग्रामीण और पांडुका नया संगठन ब्लाक बनाने की मांग की है। इसी प्रकार बिन्द्रानवागढ विधानसभा में तीन संगठन ब्लाक है मैनपुर देवभोग और अमलीपदर। इसमें झाखरपारा, बिन्द्रानवागढ और पीपरछेड़ी संगठन ब्लाक बनाने को लेकर प्रस्ताव तैयार किया गया है। इसी के अनुरूप में संगठन की संरचना तैयार होनी है।

ब्लाक अध्यक्ष और वरिष्ठ नेताओ से हो रायशुमारी

सत्ता आने के बाद कांग्रेस में पद लोलुप्ता की भावना बढ़ गई है और यह जायज भी सत्ता के दौर में हर कोई आगे आना चाहता है इस स्थिति में पिछले चुनाव में महती भूमिका निभाए ब्लाक अध्यक्षो और वरिष्ठ पदाधिकारियो जिन्होने कांग्रेस को आज सत्ता के सुख तक पहुचाया है वह भी पार्टी आलाकमान से आश लगाए बैठे है कि विपक्ष के संघर्ष के समय जिस तरह पार्टी ने उन पर भरोसा जताया था वह सत्ता आने के बाद भी बरकरार रहे। जीत की दहजील लांघने के बाद उन्हे दरकिनार ना किया जाए। उनकी भी सोच है कि पार्टी एक और मौका उन्हे दे या फिर पदाधिकारी के चयन मे उनकी भी पुछ परख हो ताकि वे पार्टी के लिए समर्पित, निष्ठावान और कर्मठ उत्तराधिकारी पार्टी को दे जो आगे भी संगठन को मजबुत कर नए ऊचाईयो तक ले जाने में समक्ष हो।

विधायक और जिला पंचायत के जनप्रतिनिधियों ने किया पौधरोपण

गरियाबंद। वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम के तहत गुरूवार को जिला पंचायत के संसाधन केन्द्र बिन्द्रानवागढ़ विधायक डमरूधर पुजारी, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती स्मृति नीरज ठाकुर, उपाध्यक्ष संजय नेताम सहित जिला पंचायत के सदस्यों ने पौधे रोपे। मौके पर कलेक्टर डेहरे और जिप सीईओ विनय लंगेह भी मौजुद थे। इस दौरान अतिथियों ने रोपे गये पौधे की सुरक्षा के लिए ट्रीगार्ड लगाने और नियमित रूप से पानी देने के निर्देश दिए। मौके पर आम, ईमली, करंज, अमरूद और अन्य छायेदार नीम, अर्जुन के 200 वृक्ष लगाये गये। इस दौरान जिला पंचायत सदस्य श्रीमती लोकेश्वरी नेताम, श्रीमती लक्ष्मी साहू, रोहित साहू, चन्द्रशेखर साहू, श्रीमती मधुलबाला रात्रे, श्रीमती धनमति यादव, श्रीमती केशरी ध्रुव एवं अतिरिक्त कार्य पालन अधिकारी एच.आर सिदार, सहित अन्य अधिकारी कर्मचारीगण मौजूद थे।

महिला स्व समुह ने नवाचार करते हुए गोबर के गमले बनाकर उसमें पौधा रोपण किया

वृहद वृक्षारोपण के अभियान के दौरान फिंगेश्वर ब्लाक के ग्राम रावड़ की महिला स्व समुह ने नवाचार करते हुए गोबर के गमले बनाकर उसमें पौधा रोपण किया है। गोबर के गमले में रोपे पौधो को लेकर वे गुरूवार को गरियाबंद पहुची थे। जिला पंचायत के संसाधन केन्द्र पौधे रोपण के दौरान समुह द्वारा बनाए गए पौधे भी रोपे गए। इस दौरान कलेक्टर डेहरे ने गोबर के गमले में उगाये गये पौधों की सराहना करते हुए कहा कि गोबर का गमला बनाकर पौधों को उगाना एक अच्छा उदाहरण बन सकता है। सीईओ लंगेह ने बताया कि फिंगेश्वर ब्लाक के ग्राम रावड़ में बिहान की जागृति महिला समूह द्वारा यह गमला बनाया गया है। पौधों की सुरक्षा के लिए बांस के ट्रीगार्ड लगाकर सुरक्षा प्रदान किया गया। ट्रीगार्ड भी छिंदौला की महिला समूह द्वारा निर्मित किया गया है।

विद्यार्थियों की आर्थिक मदद करेगा सोनार समाज

महासमुंद। छत्तीसगढिया सोनार समाज की बैठक मंगलवार को गुड़रु पारा स्थित राधेश्याम भवन में आहूत की गई। बैठक में सामाजिक विषयों पर चर्चा हुई। इस दौरान समाज के होनहार बच्चों के लिए निबंध एवं चित्रकला प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। जिसमें प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय आने वालों को पुरस्कृत किया गया। बैठक में चर्चा के दौरान बोर्ड परीक्षाओं में प्रवीण्य सूची में आने वाले समाज के बच्चों का सम्मान समारोह एवं निर्धन बालक-बालिकाओं की शिक्षा पर समाज की ओर से विशेष सहयोग का प्रस्ताव रखा गया। बैठक में संस्थापक सदस्य नीलेश सोनी, संगठन के सचिव जीवन सोनी, मेघा ब्लॉक प्रतिनिधि रीना सोनी, सितेश सोनी, घनश्याम सोनी, अभिमन्यु सोनी, ममता सोनी, प्रीति सोनी, बसंत सोनी, वीना सोनी, दीपिका सोनी, गिरीश सोनी, रत्नेश सोनी मीडिया प्रभारी उपस्थित रहे। बच्चों को पुरस्कार वितरण प्रदेश अध्यक्ष भारती सोनी ने किया।

मुंडा गांव के नर्सरी में किया गया वृक्षारोपण

लवन । वृक्षा रोपण महाअभियान के तहत जनपद पंचायत बलौदा बाजार क्षेत्र अंतर्गत आदर्श ग्राम पंचायत मुंडा के नर्सरी में 17 जुलाई दिन शुक्रवार को वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें नीम आंवला गुलमोहर जामुन नींबू कदम का पौधा रोपित किया गया। वृक्षारोपण कार्यक्रम में सरपंच प्रतिनिधि संतोष वर्मा सचिव तीरथ कुमार पाठक तकनीकी सहायक रजनी कश्यप रोजगार सहायक दिनेश वर्मा बीएफ्टी सनत कुमार वर्मा पंच टिकेश्वर फेकर प्रवीण पांडे श्रीमती रनिया बाई ध्रुव पंच प्रतिनिधि व झेरिया रजक समाज के युवा जिला अध्यक्ष कमलेश रजक ल, डॉ परमेश्वर साहू, धर्मेंद्र यादव अनिल यादव, हर्ष वर्मा, नारायण फेकर, ईश्वर वर्मा, चंद्रशेखर वर्मा, पंचराम विश्वकर्मा, सुदामा ध्रुव सहित बड़ी संख्या में ग्राम वासी उपस्थित थे।

कलेक्टर व सीईओ ने किया वृद्धाश्रम का निरीक्षण

गरियाबंद। गुरूवार को कलेक्टर छतर सिंह डेहरे व जिप सीईओ विनय लंगेह ने ग्राम भिलाई स्थित सियान सेवा सदन वृद्धाश्रम का आकस्मिक निरीक्षण किया और वृद्धजनों से आत्मीय मुलाकात की। उन्होंने कहा कि वृद्धजनो से चर्चा कर उनका हाल चाल जाना। अफसरो ने कहा कि वृध्दजन माता-पिता के समान है, वे अपने आप को बेसहारा न समझे। उन्होंने संचालक को उनके सभी सुविधाओं एवं स्वास्थ्य का विशेष रूप से ध्यान रखने के निर्देश दिये है। ज्ञात हो कि कुछ दिन पहले सीएम भूपेश बघेल ने भी वीडियो कांफ्रेसिंग के माध्यम से सदन के वृद्धजनों का हाल जाना था। इस दौरान अफसरो ने वृद्धजनों का सम्मान करते हुए पुष्पगुच्छ और गमछा भेंट किये। शयन कक्ष, हॉल और आश्रम के बरामदा का मुआयना किया और परिसर में मुनगा का पौधरोपण किया गया। जिसके बाद कोरोना से बचने के उपाय को लेकर संस्था द्वारा निर्मित पोस्टर का विमोचन भी किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत के सदस्य रोहित साहू, चन्द्रशेखर साहू, समाज कल्याण विभाग उप संचालक नरेन्द्र देवागंन, सियान सेवा सदन एवं प्रेरक संस्था के संचालक श्री रामगुलाम सिन्हा एवं उनके कर्मचारी मौजूद थे।

नया रास्ता संसदीय सचिव चंद्राकर ने किया भूमिपूजन

साढ़े सात करोड़ की लागत से बनेगी सड़क

महासमुंद। महासमुंद से कनेकेरा मार्ग में 9.21 किमी तक 770.39 लाख की लागत से सड़क निर्माण किया जाएगा। सड़क निर्माण के लिए गुरुवार को संसदीय सचिव विनोद सेवनलाल चंद्राकर के मुख्य आतिथ्य में भूमिपूजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जपं अध्यक्ष भागीरथी चंद्राकर ने की। विशेष अतिथि के रूप में जिला पंचायत सदस्य जागेश्वर चन्द्राकर, जनपद सदस्य सरिता राकेश चंद्राकर, नीता तुलाराम साहू, किशन देवांगन, सरपंच टेमिन टिकेश्वर साहू, नीलकंठ साहू, खिलावन साहू, राजेन्द्र चन्द्राकर, संजय शर्मा, विजय साव, हरबंश मक्कड़ मौजूद थे। इस अवसर पर संसदीय सचिव श्री चंद्राकर ने कहा कि प्रदेश सरकार ने उन्हें एक और नई जिम्मेदारी दी है। जिस पर खरा उतरने हरसंभव प्रयास करेंगे। संसदीय सचिव की जिम्मेदारी मिलने से क्षेत्र में और तेजी से चहुंमुखी विकास हो सकेगा। उन्होंने कहा कि महासमुंद-कनेकेरा मार्ग में सड़क बनने से आवागमन में सहुलित होगी।

यूनानी औषधालय भवन के लिए भूमिपूजन

संसदीय सचिव श्री चन्द्राकर ने गुरुवार शाम 15 लाख की लागत से वार्ड 26 में शासकीय यूनानी औषधालय भवन के लिए भूमिपूजन किया। अध्यक्षता नागपालिका अध्यक्षता प्रकाश चन्द्राकर ने की। विशेष अतिथि के रूप में जपं अध्यक्ष भागीरथी चंद्राकर, मनीष शर्मा, संजय शर्मा, विजय साव, राजेन्द्र चन्द्राकर, खिलावन साहू, योजना सिंह, निरंजना शर्मा, हरबंश मक्कड़, द्रोण चन्द्राकर, किशन देवांगन, खिलावन बघेल, मीना वर्मा, शुभ्रा शर्मा, संतोष वर्मा मौजूद थे।

अपनी ही बेटी पर गलत निगाह रखने वाला कलयुगी पिता गिरफ्तार

भाटापारा। पिता पुत्री के रिश्ते को कलंकित करने के मामले में शहर पुलिस ने बेटी की शिकायत पर आरोपी पिता को धारा 354,376, 511 और 8, 18 पास्को एक्ट के तहत कलयुगी पिता को गिरफ्तार कर न्यायालय के निर्देश पर जेल भेज कर आगे की विवेचना कर रही है। उपरोक्त सम्बन्ध में शहर थाना प्रभारी महेश कुमार ध्रुव ने बताया है की स्थानीय पंचशील नगर गुरुनानक वार्ड भाटापारा में रहने वाली पीड़िता ने अपनी माँ के साथ गुरुवार को थाना उपस्थित आकर लिखित आवेदन प्रस्तुत कर रिपोर्ट दर्ज कराई कि इसके पिता नवत ध्रुव पिता रोहन ध्रुव उम्र 38 वर्ष साकिन पंचशील नगर गुरूनानक वार्ड भाटापारा निवासी द्वारा के द्वारा आज दिनाक से एक वर्ष पूर्व भी 2-3 बार व दिनांक 8 जुलाई से लगातार इसके कमरे मे आकर पीडिता के साथ बलात्कार करने का प्रयास करता है जो पीडिता के द्वारा डरकर भय से उक्त कमरे से बाहर चली जाती है पीड़िता की इस लिखित आवेदन पर अपराध क्रमांक 305/2020 धारा 354,376 , 511 भादवि , व 8.18 पॉक्सो एक्ट का पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया है । विवेचना के दौरान आरोपी नवत ध्रुव पिता रोहन ध्रुव उम 38 वर्ष साकिन पंचशील नगर गुरूनानक वार्ड भाटापारा को उसके घर से पुलिस ने गिरफ्तार कर अभिरक्षा में लेकर पुछताछ करने पर अपराध घटित करना स्वीकार किया।आरोपी के द्वारा अपराध घटित करना पाये जाने से गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर जेल भेजा गया है । उक्त कार्यवाही मे सउनि ओम साहू .प्र.आर , नरेन्द्र निषाद , आरक्षक द्वारिका साहू , गौरी शकर कश्यप का विशेष योगदान रहा ।

गौधन न्याय योजना की तैयारी जोरों पर

■ **हरेली के दिन होगी गोधन न्याय योजना की शुरुवात**

भाटापारा। राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजना गोधन न्याय योजना की तैयारियों को लेकर आज जिला कलेक्टर सुनील कुमार जैन ने सभी जनपद पंचायत सीईओ,नगरीय निकाय सीएमओ एवं उद्यानिकी,कृषि एवं पशुधन विकास विभाग के जिला अधिकारियों के साथ बैठक कर तैयारियों का जायज़ा लिया। आने वाले 20 जुलाई हरेली के दिन इस योजना की शुभारंभ किया जायेगा। कोई भी व्यक्ति एवं पशुपालक गोबर को गौठान में लाकर बेच सकता हैं। गौठान में यह गोबर खरीदने का कार्य गौठान प्रबंधन समिति के माध्यम से क्रियान्वित किया जायेगा। इसके लिए हर गौठान में पशु पालकों की रजिस्टर बनाकर अग्रिम रजिस्ट्रेशन भी करवाना होगा। गोबर को प्रति 2 रुपये किलो ग्राम की दर से खरीदने की योजना हैं। पशुपालक को गोबर की राशि 15 दिनों के भीतर गाँव के नजदीकी सहकारी बैंक के माध्यम से भुगतान किया जायेगा। साथ ही इस गोबर को गौठान में कार्यरत स्व सहायता समूहों के माध्यम से उसे वर्मी कम्पोस्ट खाद में बदला जायेगा जिसका व्यापक रूप से विक्रय करने की योजना हैं। जिला के सभी गौठानो में गौठान प्रबंधन समिति का गठन प्रभारी मंत्री के अनुशंसा पर आने वाले 2 दिनों के भीतर कर दिया जायेगा। सभी गौठान के समिति में अनिवार्य रूप से चरवाहो को शामिल किया जाना हैं। इस योजना का मूल उद्देश्य पशुपालकों की आय में वृद्धि करना,जैविक खेती को बढ़ावा देना,रोजगार के नये अवसर तैयार स्व सहायता समूहों को आत्मनिर्भर बनाना हैं। साथ ही इससे पशुधन विचरण एवं खुली चराई पर भी काफी हद तक रोक लगायी जा सकती हैं। जिला पंचायत सीईओ डॉ फ़रिहा आलम सिद्दकी के बताया कि जिले में कुल 159 गौठान हैं। जिसमें प्रथम चरण के तैयार हुए 87 गौठान में से 61 गौठानो में हरेली के दिन गोधन न्याय योजना की शुरुआत किया जायेगा। जिमसें पलारी जनपद के 11गौठान, बलौदाबाजार 9,कसडोल 10,भाटापारा 9 बिलाईगढ़ 12,सिमगा के 10 गौठानो से शुरुआत होगा। बाकी बचें 72 गौठान में 31जुलाई तक खरीदी प्रारंभ किया जायेगा। जिला कलेक्टर सुनील कुमार जैन ने इस योजना को सफलतापूर्वक संचालन हेतु विभिन्न जनपदों पंचायत क्षेत्रों के लिए नोडल अधिकारी की नियुक्ति कर दिया गया हैं।बलौदाबाजार जनपद पंचायत क्षेत्र के लिए एडीएम जोगेंद्र नायक,कसडोल अपर कलेक्टर राजेंद्र गुप्ता, पलारी सँयुक्त कलेक्टर इंदिरा देवहारी बिलाईगढ़ अतिरिक्त जिला पंचायत सीईओ हरिशंकर चौहान,भाटपारा कृषि सहायक संचालक सन्त राम पैकरा एवं सिमगा जनपद पंचायत के लिए सहायक पंजीयक उमेश गुप्ता को बनाया गया हैं। इस बैठक दौरान एडीएम जोगेंद्र नायक,अपर कलेक्टर राजेन्द्र गुप्ता,जिला पंचायत सीईओ डॉ फ़रिहा आलम सिद्की,जिला पंचायत एडिशनल सीईओ हरिशंकर चौहान कृषि विभाग उपसंचालक वी के चौबे, उपसंचालक पशुधन डॉ सी के पांडेय,उद्यानिकी सहायक संचालक के के साहू,सहकारिता डी आर ठाकुर,सहकारिता बैंक पुराबिया समेत सभी जनपद पंचायत सीईओ एवं सभी नगरीय निकाय के सीएमओ उपस्थित थे।

गौठान में फलदार पौधे का वृक्षारोपण

खरोरा। ग्राम पंचायत अर्जुनी में हरिहर महानदी वृक्षरोपण कार्यक्रम के तहत ग्राम गौठान में वृहद पैमाने पर फलदार वृक्षारोपण किया गया। जिसमे जिला पंचायत अध्यक्ष राकेश वर्मा , पूर्व विधायक समन जांगड़े, जनपद अध्यक्ष सुमन वर्मा, उपाध्यक्ष ईशम वैष्णव, अर्जुनी सरपंच प्रमोद जैन, सचिव परमानंद निषाद , महिला समूह की भुनेश्वरी नायक एवं समूह के दीदियों एवम गांव के नागरिक शामिल हुए

रिटेनिंग वॉल कंक्रीट कार्य में घटिया मटेरियल का इस्तेमाल

गुंडरदेही। गुंडरदेही के अंतर्गत सिकोसा ग्राम पंचायत जहां पर मनरेगा के तहत पंचायत में शीतला मैं रिटेनिंग वॉल कंक्रीट का कार्य किया जा रहा है जो ठेके पर ठेकेदार साकेत साहू गुंडरदेही वाले के द्वारा किया जा रहा है जिसमें ठेकेदार द्वारा घटिया मटेरियल का इस्तेमाल किया जा रहा है मटेरियल की मात्रा एक बैग सीमेंट पर 11th गाड़ी गिट्टी 12th गाड़ी रेत का इस्तेमाल किया जा रहा है ग्रामीणों से पता चला कि ठेकेदार द्वारा सरपंच को अधिक कमीशन देना पड़ रहा है जिसके कारण मैं मटेरियल की मात्रा कम किया गया है इस मनरेगा के कार्य प्रारंभ से अभी तक किसी भी उच्च अधिकारी जांच नहीं की गई नाक इंजीनियर द्वारा इस पर किसी भी प्रकार की कार्यवाही की गई ग्रामीणों का कहना है कि हमारी मवेशी उस तालाब में पानी पीने जाते हैं ग्रामीणों का अभी उस तालाब में निस्तारित करते हैं रिटेनिंग वॉल कंक्रीट द्वारा जो बनाई जा रही है वह कहीं बारिश में गिरने से कोई बड़ी घटना होने की संभावना बनी रहेगी ग्रामीणों का कहना है कि सरपंच द्वारा मनमानी एवं ठेकेदार द्वारा मनमानी क्या जा रहा है सरपंच की मनमानी ग्राम पंचायत के अंदर छोटे-मोटे गोमटी एवं छोटी हर्ट्री बाजार छोटे छोटे व्यवसाई जो कि हर रोज अपने जीवन यापन के लिए रोड पर एवं बाजार के अंदर लगाते हैं जिसमें सरपंच द्वारा शासन के विरुद्ध कार्य करते हुए रोज उन व्यवसाई एवं सब्जी वालों से ठेले वाले को प्रताड़ित कर अपनी पंचायत की पर्ची पर सील लगाकर मनचाही वसूली करता है जो शासन के नियमों के विरुद्ध है अभी तक शासन द्वारा किसी भी बाजार को नीलामी नहीं कराई गई है जो सरपंच द्वारा शासन के नियमों द्वारा मनमानी कर रहा है सरपंच द्वारा मनचाही हरकत सिकोसा आश्रित ग्राम मनोहर ग्राम में शासकीय कार्य के नाम पर पंचायत द्वारा पर्ची बनाकर अपने फायदे के लिए ऐसे लोगों को पर्ची दिया जा रहा है जो दुगुनी रेट पर आमजन ग्रामीणों तक पहुंचाई जा रही है जिससे आम जान ग्रामीण बहुत दुखी हैं जिससे सरपंच द्वारा मोटी रकम कमाई की जा रही है सिकोसा पंचायत आर्वेद ग्राम पंचायत के नाम से जानी जाती है जा प्रशासन द्वारा हमेशा स्वच्छता अभियान के तहत कार्य किया गया।

नगर पंचायत साजा में बजट प्रस्तुत किया गया, करों में कोई वृद्धि नहीं

साजा। नगर पंचायत साजा में आज दिनांक 16 जुलाई 2020 कों परिषद् के बैठक में आम बजट प्रस्तुत किया गया जिसमें वर्ष 2020-21 हेतु कोई नयाकर का प्रावधान नही की गई है। वर्षो सें निवासरत साजा आम नागरिकों कों आबादी पट्टा वितरण प्रावधान एवं परिषद् बैठक में सर्वसम्मति सें लाभ का बजट अंगिकृत किया गया हैं, एवं विभिन्न विकास कार्य हेतु प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 10 करोड रू. का, सी.सी.रोड एवं नाली निर्माण (अधोसंरचना मद) हेतु 6 करोड रू. , सरोवर धरोहर योजना अंतर्गत वार्ड क्रं. 15 में स्थिति कईया तालाब के लिए एवं वार्ड क्रं. 13 तालाब हेतु 5 करोड, अध्यक्ष एवं पार्षद निधि सें निर्माण हेतु 45 लाख का , सोनी सामुदायिक भवन हेतु 3 लाख, सतनामी समाज संत भवन हेतु 3 लाख, केंवट समाज सामुदायिक भवन हेतु 5 लाख रू. , वार्ड क्रं. 01 में स्थित सामुदायिक भवन हेतु 5 लाख रू., गार्डन के सौदर्यीकरण हेतु 25 लाख रू. , मुक्तिधाम हेतु 50 लाख रू., खेल मैदान हेतु 20 लाख रू., बेरोजगार युवको के लिए शॉपिंग काम्पलेक्स हेतु 40 लाख रू. , भागीरथी नल जल योजना के तहत नल कनेक्शन कार्य हेतु 10 लाख रू. , कांजी हाउस हेतु 20 लाख रू. विभिन्न स्कूलो के निर्माण हेतु 1 करोड रू. विभिन्न वार्ड में यात्री प्रतिक्षालय एवं गार्डन हेतु 50 लाख रू. , नगर सीमा में पेयजल विस्तार कार्य हेतु 4 करोड रू. , नरूवा, गरूवा, घुरूवा, बाडी कें लिए 50 लाख , वार्ड क्रं. 15 में स्थित यादव भवन हेतु 5 लाख, विभिन्न वार्डो डामरीकरण के लिए 2 करोड, विभिन्न वार्ड में आगनबाडी भवन कें लिए 50 लाख , विभिन्न वार्डो में बिजली खम्भो के लिए 20 लाख तथा गरीबी रेखा कें नीचे आनें वालें कों मृतक अंतिम संस्कार हेतु पार्षद के अनुशंसा पर मुक्त पानी टेंकर की व्यवस्था जारी रहेगी, व मृतक अंतिम संस्कार , निर्धन कन्या विवाह योजना, एवं निर्धन कन्या जन्म योजना में 2000.00 रू. प्रदान करनें की योजना का प्रावधान रखा गया है , बजट अध्यक्ष नगर पंचायत साजा शालिनी मनोज जायसवाल द्वारा बजट प्रस्तुत किया गया, इस बैठक में विधायक प्रतिनिधि मनोज जायसवाल , मुख्य नगरपालिका अधिकारी आर.एल.सुधाकर, उपाध्यक्ष यूगेश्वर सोनी, पार्षदगण, लोकेश्वरी नारद साहू, बिसरू राम साहू, राजेश ठाकुर, मेनुका संजय सोनी, राधे वर्मा, ज्योति राठी, दुर्गा गोयल, पुष्पा प्रकाश सिन्हा, हंसा शर्मा, अवधेश गोयल, संतोष यादव (बाजीगर), नरेन्द्र यादव, खेमेश्वरी दिनेश साहू, एल्डरमैनगण जितेन्द जैन, रोहित वर्मा, शान्ता निर्मलकर ,सहित लोकेश शर्मा उप अभियंता, भारतभूषण ठाकुर, ठुबलू राम सिन्हा, नरेन्द्र सिंह ठाकुर, केशव राम साहू, चन्द्रप्रकाश वर्मा, दुकालू राम वर्मा, सुंदर लाल उपस्थित हुए ।

संतोष कोसरिया प्रगतिशील छत्तीसगढ़ सतनामी समाज के आजीवन सदस्यता ग्रहण किया

खरोरा। प्रगतिशील छत्तीसगढ़ सतनामी समाज के विभिन्न सामाजिक गतिविधियों, रचनात्मक कार्यों एवं उपलब्धियों को दृष्टिगत रखते हुए श्री एल. .एल कोसले प्रदेश अध्यक्ष के जन्मदिन के अवसर पर भोजराम मनहरे कार्यकारी अध्यक्ष रायपुर ग्रामीण से प्रभावित होकर संतोष कोसरिया (धनसूली आरंग) ने ग्यारह हजार नगद राशि जमा कर गुरु घासीदास सांस्कृतिक भवन ,न्यू राजेंद्र नगर रायपुर स्थित कार्यालय में आजीवन सदस्यता ग्रहण किया । इस तरह आजीवन सदस्यता ग्रहण करने वालों की संख्या 140 पहुंचने पर समाज के श्री एल. एल. कोसले प्रदेश अध्यक्ष ,श्री राजेंद्र भतपहरी प्रदेश महासचिव, श्री श्याम जी तांडे प्रदेश कोषाध्यक्ष ,श्री मोहन बंजारे प्रदेश अध्यक्ष यूथ, दिनेश बंजारे प्रदेश उपाध्यक्ष यूथ, विजय कुर्रे प्रदेश महासचिव यूथ, आदि ने आजीवन सदस्यता ग्रहण करने पर हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं दी हैं ।

प्रथम पृष्ठ का शेष...

रायपुर में कोरोना...

पाया गया था। प्रदेश में दोपहर तक कोरोना संक्रमण के 90 नए केस सामने आए हैं। हॉट स्पॉट बने रायपुर में 55 नए मरीज मिले हैं।

प्रदेश में अब तक 23 की मौत, रायपुर में 5: प्रदेश में कोरोना से अब तक 23 लोगों की मौत हो चुकी है। इनमें रायपुर से 5 शामिल हैं। अभी प्रदेश में एक्टिव केस 1344 हैं। हालांकि, इस बीच ठीक होने के चलते अस्पताल से 3541 लोगों को डिस्चार्ज भी किया जा चुका है।

2 पत्रकार व निगम के पूर्व अफसर भी पॉजिटिव

इसमें शांति नगर क्षेत्र स्थित एक ही परिवार के 18 लोग शामिल हैं। इसके बाद राजधानी में कोरोना के कुल मामलों का आंकड़ा एक हजार से ऊपर पहुंच गया है। रायपुर में 2 पत्रकार और निगम के पूर्व अफसर भी संक्रमित मिले हैं। इनके परिवार की ट्रैवल हिस्ट्री के बारे में अभी जानकारी जुटाई जा रही है।

एसपी ऑफिस के साथ...

एक प्रधान आरक्षक के कोरोना संक्रमित होने की जानकारी सामने आई है। बताया जाता है कि प्रधान आरक्षक की जांच रिपोर्ट पॉजिटिव आने के बाद से ही पुलिस अधीक्षक कार्यालय में हड़कंप मच गया। आनन-फानन में पूरे ऑफिस को सेनेटाइज कर सील करने की कार्रवाई जारी है। वहीं सूत्रों ने बताया कि कबीरनगर थाने में पदस्थ एक एएसआई की कोरोना जांच रिपोर्ट पॉजिटिव आने के बाद से ही हड़कंप मच गया। सुरक्षा के लिहाज से थाना स्टॉफ को क्वारंटाइन में भेज दिया गया है, वहीं थाना परिसर को सेनेटाइज करते हुए सील कर दिया गया है।

24 जुलाई या इसके बाद...

यदि बाद में यात्रा की तारीख में बदलाव किया जाता है या टिकट रद्द कराया जाता है तो इसके लिए दोनों सीटों के अनुसार शुल्क देना होगा।

एक को साधे सब सधे...

दिया है। इन नियुक्तियों में भूपेश बघेल ने बड़ी कुशलता से वर्तमान के साथ भविष्य की योजना भी बना ली है। अलग-अलग समीकरणों जातिगत समीकरण, क्षेत्रीय समीकरण, गुटीय राजनीति और परफॉर्मेंस के बीच संतुलन स्थापित किया है। संसदीय सचिवों की नियुक्तियों में भूपेश ने क्षेत्र और जाति के संतुलन को तरजीह दी है. कांग्रेस बंपर जीत के साथ सत्ता पर काबिज हुई थी. लेकिन मंत्रियों की संख्या सीमित रखने की अनिवार्यता के चलते हर क्षेत्र को मंत्रीमंडल में जगह नहीं मिल पायी. कई जिलों से सभी सीटें कांग्रेस ने जीतीं लेकिन वहां से किसी को मंत्रीमंडल में जगह नहीं मिल पाई। संसदीय सचिवों की नियुक्ति में उस कमी को दूर करने की कोशिश की गई है। संसदीय सचिवों की नियुक्ति में भूपेश बघेल ने उन युवा नेताओं को ज़्यादा मौका दिया है जो राजनीति में छत्तीसगढ़ का भविष्य हो सकते हैं।

कोई भी ताकत नहीं...

कि बातचीत से विवाद को सुलझा लिया जाता है तो इससे बेहतर कुछ नहीं हो सकता है। बता दें कि

चीन और पाकिस्तान के साथ सीमा पर तनाव के बीच रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह लद्दाख और जम्मू-कश्मीर की दो दिवसीय यात्रा पर हैं। शुक्रवार को वे पहले चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल विपिन रावत, सेना प्रमुख जनरल एमएम नरवणे के साथ लेह पहुंचे। इसके बाद लद्दाख गए। लद्दाख में रक्षा मंत्री ने सेना के जवानों के साथ बात की। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने लुकांग में बिपिन रावत और सेना प्रमुख जनरल एमएम नरवणे के साथ भारतीय सेना और आईटीबीपी के जवानों के साथ बातचीत की। यहां उन्होंने जवानों को मिठाइयां भी खिलाई।

शहादत से दुःखी हूं

राजनाथ सिंह ने लद्दाख में जवानों को कहा, 'हाल ही में पेट्रोलिंग प्वाइंट

14 पर भारत और चीन के सैनिकों के बीच झड़प के दौरान हमारे कुछ जवान शहीद हो गए। मैं यहां आप सभी से मिलकर खुश हूं, लेकिन उनकी शहादत से दुःखी भी हूं। मैं उन्हें अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं।' रक्षा मंत्री पहले तीन जुलाई को लद्दाख जाने वाले थे, लेकिन उनका कार्यक्रम स्थगित हो गया था, हालांकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उसी दिन सभी को आश्चर्यचकित करते हुए देश की दृढ़ता का संकेत देने के लिए लद्दाख का दौरा किया था। उन्होंने सैनिकों को भी संबोधित किया।

और उन सैनिकों से मुलाकात की थी, जो गलवान घाटी में चीन के सैनिकों के साथ संघर्ष में घायल हो गए थे।

न्यायालय नायब तहसीलदार
दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा-पत्र

मा.क्र./अ-74/ वर्ष 2019-20

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक गंगाधर कुर्रे पिता स्व. शंभू कुर्रे निवासी बोरई तहसील व जिला दुर्ग द्वारा इस न्यायालय में आवेदन पेश किया गया है कि अपने भूमिस्वामी हक की भूमि ग्राम बोरई प.ह.नं. 03 तह. व जिला दुर्ग में स्थित भूमि खसरा नं. 1416/4, 1420/2, 1586 रकबा 0.07, 0.20, 0.21 हे. भूमि का प्राप्त ऋण पुस्तिका गुम हो जाने के कारण द्वितीय प्रति ऋण पुस्तिका बाबत् आवेदन इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था को इस संबंध में आपत्ति दावा या उजर पेश करना हो तो दिनांक 30.07.2020 तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति/ आक्षेप पेश कर सकते है। बाद में प्राप्त आपत्ति आवेदन पर कोई कार्यवाही नही किया जावेगा।

आज दिनांक 15.07.2020 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पद मुद्रा से प्रकाशन हेतु जारी किया जाता है।

मुहर

नायब तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार
दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा-पत्र

मा.क्र./अ-06/ वर्ष 2019-20

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक चितरंजन साहू पिता बिसनाथ निवासी कोड़िया तहसील व जिला दुर्ग द्वारा इस न्यायालय में आवेदन पेश किया गया है कि उनके दादी एवं अन्य के नाम पर ग्राम जुनवानी प.ह.नं. 53 तह. व जिला दुर्ग में स्थित भूमि खसरा नं. 635/3 रकबा 0.04 हे. भूमि शामिल खाता में दर्ज है। खातेदार सुखवंतीन की मृत्यु दिनांक 30.06.2020 को होने से उनका नाम विलोपित कर वारिसान हक में मृतक खातेदार के विधिक वारिसानों का नाम दर्ज करने हेतु आवेदन इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था को इस संबंध में आपत्ति दावा या उजर पेश करना हो तो दिनांक 30.07.2020 तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति दावा या उजर प्रस्तुत कर सकते है। बाद में प्राप्त आपत्ति आवेदन पर कोई कार्यवाही नही किया जावेगा।

आज दिनांक 15.07.2020 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पद मुद्रा से प्रकाशन हेतु जारी किया जाता है।

मुहर

नायब तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

कार्यालय अतिरिक्त तहसीलदार
भिलाई नगर जिला दुर्ग (छ.ग.)
व्यक्तिगत-सूचना

रा.प्र.क्र./26/अ-27/2019-20

पक्षकार : आवेदिका श्रीमती सरिता साहू पति स्व. रामलखन साहू निवासी खुर्सीपार भिलाई विरुद्ध-1. पुरनवासी आ. मिठठूराम निवासी तिफरा बस्ती बिलासपुर, 2. किरण बेवा विजय साहू।

एतद् द्वारा आपको सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती सरिता साहू पति स्व. रामलखन साहू निवासी खुर्सीपार भिलाई द्वारा ग्राम कोहका प.ह.न 19 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 7459 रकबा 0.020 हे. भूमि शामिलात खाते की भूमि का आवेदक एवं अनावेदकगण के मध्य खाता विभाजन किए जाने बाबत् न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

अतः आपको इस संबंध में आपत्ति एवं दावा/ उजर पेश करना हो तो पेशी दिनांक 30.07.2020 तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर अपना लिखित में आपत्ति दावा या उजर प्रस्तुत कर सकते है। बाद में प्राप्त आपत्ति आवेदन पर कोई कार्यवाही नही किया जावेगा।

आज दिनांक 17.06.2020 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से प्रकाशन हेतु जारी किया गया।

मुहर

अतिरिक्त तहसीलदार
भिलाई नगर (छ.ग.)

भारतीय समुद्री विश्वविद्यालय (आई एम यू)
(जहाजरानी मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन एक केंद्रीय विश्वविद्यालय)
2008 में संसद के एक अधिनियम द्वारा स्थापित
www.imu.edu.in

शैक्षणिक वर्ष 2020-21
स्नातक, स्नातकोत्तर एवं रिसर्च प्रोग्राम में प्रवेश हेतु
ऑनलाइन कॉमन एंट्रेंस टेस्ट (आईएमयू-सीईटी)#

1 बी.टेक (मरीन इंजीनियरिंग)
2 बी.टेक (नवल आर्किटेक्चर एवं ओशन इंजीनियरिंग)
3 बी.एस.सी (नॉटिकल साइंस)
4 बी.एस.सी (शिप बिल्डिंग एवं रिपेर) केवल संबद्ध संस्थान में संचालित
5 डी.एन.एस. (डिप्लोमा इन नॉटिकल साइंस)
6 बी.बी.ए. (लॉजिस्टिक्स, रिटेलिंग एवं ई-कॉमर्स)*
7 एम.बी.ए. (पोर्ट एवं शिपिंग मैनेजमेंट)
8 एम.बी.ए. (इंटरनेशनल ट्रांसपोर्ट एवं लॉजिस्टिक्स मैनेजमेंट)
9 एम.एस.सी. (कमर्शियल शिपिंग एवं लॉजिस्टिक्स)
10 एम.टेक (नवल आर्किटेक्चर एवं ओशन इंजीनियरिंग)
11 एम.टेक (ड्रेजिंग एवं हार्बर इंजीनियरिंग)
12 एम.टेक (मरीन इंजीनियरिंग एवं मैनेजमेंट)
13 एम.एस. (रिसर्च द्वारा)
14 पी.एच.डी.

ऑनलाइन पंजीकरण प्रारंभ दिनांक	: 01.07.2020
मूल ऑनलाइन पंजीकरण और फीस के भुगतान करने की अंतिम तिथि	: 03.08.2020
भरा हुआ फॉर्म जमा करने की अंतिम तिथि	: 03.08.2020
ऑनलाइन सीईटी की तिथि (बीबीए को छोड़कर)	: रविवार, 30 अगस्त 2020**
कक्षाओं का प्रारंभ (सारे आईएमयू परिसर एवं संबद्ध संस्थान)	: 05.10.2020 (बीबीए को छोड़कर)
कक्षाओं का प्रारंभ - बीबीए कार्यक्रम*	: 01.09.2020

उपरोक्त तिथियां संभावित हैं। अधिक जानकारी के लिए कृपया www.imu.edu.in पर उपलब्ध आईएमयू का शैक्षणिक ब्रोचर 2020-21 देखें

IMU-CET 2020 प्रक्रियाओं पर LIVE WEBINAR 18.07.2020 को आयोजित किया गया है। पंजीकरण के लिए कृपया www.imu.edu.in पर जाएं।

भारत में सभी समुद्री प्रशिक्षण संस्थानों में नौवहन महानिदेशालय द्वारा अनुमोदित पूर्व समुद्री पाठ्यक्रमों [डिप्लोमा इन नॉटिकल साइंस, बी.एससी (नॉटिकल साइंस), बी.टेक (मरीन इंजीनियरिंग)] में प्रवेश प्राप्त करने के लिए आईएमयू-सीईटी अनिवार्य है।

* बीबीए (लॉजिस्टिक्स, रिटेलिंग एवं ई-कॉमर्स) में प्रवेश आईएमयू-सीईटी के माध्यम से नहीं है, इसलिए उम्मीदवारों (बीबीए में रुचि रखने वाले) को अलग से पंजीकरण करने की आवश्यकता है। बीबीए कार्यक्रम के बारे में अधिक जानकारी के लिए कृपया शैक्षणिक ब्रोचर 2020-21 देखें।
# ध्यान दें: अंडमान एवं निकोबार द्वीप के मूल निवासी या कम से कम 5 वर्षों के लिए वहां अधिवासित उम्मीदवारों के लिए, आईएमयू की ओर से अंडमान और निकोबार प्रशासन द्वारा यूजी कार्यक्रमों के लिए एक अलग सीईटी आयोजित किया जाएगा।
** सी.ई.टी. की परीक्षा तिथि (COVID-19) महामारी की वजह से बदल सकती है। अतः उम्मीदवारों से निवेदन है कि वे आई.एम.यू की वेबसाइट का निरंतर अनुसरण करें।
# प्रचलित महामारी (COVID-19) के मद्देनज़र आइ.एम.यू के पास सी.ई.टी. आयोजित कराने का या किसी अन्य वैकल्पिक विधि को अपनाने का अधिकार निहित है।

DAVP/37208/11/0006/2021

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक यशवंत धोटे* द्वारा बंसल स्कूल कैम्पस, अशोक विहार कॉलोनी, पण्डरी से मुद्रित कर ब्रिस्टल चौक छोटापारा रायपुर से प्रकाशित,
RNI NO.CHHHIN/2012/41806/ डाक पंजीयन क्रमांक सी.जी./आर.वाई.पी. डीएन/40/2019-2021 email: navpradesh@gmail.com, फोन व फैक्स : 0771-4035602,

51 वर्ष के हुये रवि किशन



मुबई (वार्ता)। भोजपुरी सिनेमा के मेगास्टार रवि किशन आज 51 वर्ष के हो गये। 17 जुलाई 1969 को उत्तर प्रदेश के जौनपुर जिले के केराकत तहलीस के छोटे से गांव वराई विसुई में पंडित श्याम नारायण शुक्ला और श्रीमती जड़ावती देवी के घर जन्में रविन्द्र नाथ शुक्ला उर्फ रवि किशन को बचपन से अभिनय का शौक था। उन्हें अभिनय का शौक कब हुआ उन्हें खुद याद नहीं है लेकिन रेडियो में गाने की आवाज इन्हें थिरकने पर मजबूर कर देती थी। शादी के बैंड की आवाज रवि के कानों में गई तो वो खुद को कंट्रोल नही कर पाते थे। रवि किशन ने गांव के रामलीला में माता सीता की भूमिका से अपने अभिनय यात्रा की शुरुआत हुई । उनके पिताजी पंडित श्यामनारायण शुक्ला को यह कतई पसंद नहीं था कि उनके बेटे को लोग नचनिया गवैया कहे , इसीलिए उन्हें मार भी खानी पड़ी लेकिन रविन्द्र के सपनों पर इसका कोई असर नही पड़ा। माँ ने रविन्द्र के सपनों को पूरा करने का फैसला किया और कुछ पैसे दिए। इस तरह अपने सपनों को साकार करने के लिए रविन्द्र नाथ शुक्ला मायानगरी मुम्बई पहुंच गए। मुंबई आने के बाद रवि किशन को काफी संघर्ष का सामना करना पड़ा।

मजदूरों की मदद के अनुभव पर किताब लिखेंगे सोनू सूद

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड अभिनेता सोनू सूद कोरोना वायरस महामारी में प्रवासी मजदूरों की मदद करने के अपने अनुभव पर किताब लिखने जा रहे हैं। सोनू सूद कोरोना काल में लगातार प्रवासी मजदूरों की मदद कर रहे हैं। सोनू कोरोना काल के अनुभवों पर एक किताब लिखने जा रहे हैं। सोनू सूद इस किताब को पेंगुइन प्रकाशित करने वाला है।

सोनू सूद ने कहा, मैं भगवान का शुक्रगुजार हूं कि उसने मुझे इन लोगों की मदद करने का जरिया बनाया। मेरा दिल यूं तो मुंबई के लिए धड़कता है लेकिन इस मूवमेंट के बाद मुझे ऐसा लगता है कि मेरी जिंदगी का कुछ हिस्सा यूपी, बिहार, झारखंड, असम, उत्तराखंड और ऐसे ही कई राज्यों में भी बस गया है जहां मैंने नए दोस्त बनाए हैं। मैं वादा करता हूं कि मैं तब तक काम करता रहूंगा, जब तक आखिरी माइग्रेंट्स अपने घर और प्रियजनों के पास नहीं पहुंच जाता। अभिनेता ने कहा, मैंने अपने अनुभवों और कहानियों को एक किताब की शक्ल देने का फैसला किया है।

राजेश खन्ना बॉलीवुड के पहले सुपरस्टार थे

..पुण्यतिथि के अवसर पर विशेष



मुंबई (वार्ता)। हिंदी फिल्म जगत में अपने अभिनय से लोगों को दीवाना बनाने वाले अभिनेता तो कई हुये और दर्शकों ने उन्हें स्टार कलाकार माना लेकिन सत्तर के दशक में राजेश खन्ना पहले ऐसे अभिनेता के तौर पर अवतरित हुये जिन्हें दर्शको ने सुपरस्टार की उपाधि दी। पंजाब के अमृतसर में 29 दिसंबर 1942 को जन्में जतिन खन्ना उर्फ राजेश खन्ना का रूझान बचपन से ही फिल्मों की ओर था और वह अभिनेता बनना चाहते थे। हांलाकि उनके पिता इस बात के सख्त खिलाफ थे। राजेश खन्ना अपने करियर के शुरूआती दौर में रंगमंच से जुड़े और बाद में यूनाईटेड प्रोड्यूसर ऐसोसियेशन द्वारा आयोजित ऑल इंडिया टैलेंट कान्टेस्ट में भाग लिया जिसमें वह प्रथम चुने गये। राजेश खन्ना ने अपने सिने करियर की शुरूआत 1966 में चेतन आंनद की फिल्म .आखिरी खत ..से की।

वर्ष 1966 से 1969 तक राजेश खन्ना फिल्म इंडस्ट्री में अपनी जगह बनाने के लिये संघर्ष करते रहे। राजेश खन्ना के अभिनय का सितारा निर्माता-निर्देशक शक्ति सामंत की क्लासिकल फिल्म 'अराधना' से चमका। बेहतरीन गीत-संगीत और अभिनय से सजी इस फिल्म की 'गोल्डन जुबली' कामयाबी ने राजेश खन्ना को 'स्टार' के रूप में स्थापित कर दिया। फिल्म की सफलता के बाद राजेश खन्ना शक्ति सामंत के प्रिय अभिनेता बन गये। बाद में उन्होंने राजेश खन्ना को कई फिल्मों में काम करने का मौका दिया। इनमें कटी पतंग, अमर प्रेम, अनुराग, अजनबी, अनुरोध और आवाज आदि शामिल है। फिल्म अराधना की सफलता के बाद राजेश खन्ना की छवि रोमांटिक हीरो के रूप में बन गयी ।इस फिल्म के बाद निर्माता -निर्देशकों ने अधिकतर फिल्मों में उनकी रूमानी छवि को भुनाया।

सत्तर के दशक में राजेश खन्ना लोकप्रियता के शिखर पर जा पहुंचे और उन्हें हिंदी फिल्म जगत के पहले सुपरस्टार होने का गौरव प्राप्त हुआ।

सोनू सूद ने महाराष्ट्र पुलिस को डोनेट किए 25 हजार फेस शील्ड्स

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड अभिनेता सोनू सूद ने कोरोना के खिलाफ जारी जंग में फ्रंट लाइन वारियर्स की भूमिका निभा रहे महाराष्ट्र पुलिस के जवानों के लिए 25 हजार फेस शील्ड्स डोनेट किया हैं।

देश में कोरोना वायरस संकट काल में सोनू सूद लगातार जरूरतमंदों की हरसंभव मदद कर रहे हैं। अब सोनू ने महाराष्ट्र पुलिस के जवानों के लिए 25 हजार फेस शील्ड डोनेट किए हैं। इस बात की जानकारी महाराष्ट्र के गृहमंत्री अनिल देशमुख ने सोशल मीडिया पर दी है।

अनिल देशमुख ने ट्विटर अकाउंट पर सोनू सूद के साथ अपनी एक तस्वीर साझा की है। उन्होंने लिखा, 'मैं हमारे पुलिस कर्मियों को 25,000 फेस शील्ड देने के लिए सोनसूद जी को धन्यवाद देता हूं।'

गौरतलब है कि सोनू सूद ने लॉकडाउन में फंसे प्रवासी मजदूरों को उनके घर पहुंचाने के लिए एक अभियान शुरू किया है। सोनू अभी तक हजारों मजदूरों को मुफ्त में उनके घर सुरक्षित पहुंचा चुके हैं।

श्रद्धा कपूर के इंस्टाग्राम पर पांच करोड़ फॉलोअर्स

मुंबई (वार्ता)। सोशल नेटवर्किंग साईट इंस्टाग्राम पर बॉलीवुड अभिनेत्री श्रद्धा कपूर के प्रशंसकों की संख्या पांच करोड़ के जादुई आंकड़े को पार कर गयी है। श्रद्धा कपूर ने हाल ही में इंस्टाग्राम पर पांच करोड़ फॉलोअर्स का आंकड़ा पार कर लिया है। श्रद्धा ने हिंदी, अंग्रेजी और मराठी, तीनों भाषाओं में एक हस्तलिखित नोट साझा कर अपने प्रशंसकों का शुक्रिया अदा किया है।

श्रद्धा ने लिखा है, ÷मेरे सभी प्यारे जेम्स, फैन क्लब और शुभचिंतक, मैंने आपके बनाए हुए सारे वीडियो और पोस्ट देखे। आप सबके प्यार से मैं बहुत अभिभूत हूं। आज मैं जो कुछ भी हूं, आपकी बदौलत हूं। मैं आप सभी को ढेर सारा प्यार और खुशी और शांति की शुभकामना देती हूं। कृपया अपने आप का बहुत अच्छे से ख्याल रखें और एक दूसरे के साथ प्रेम भाव से रहें। शुक्रिया, शुक्रिया, शुक्रिया, 50 मिलियन पार÷ श्रद्धा ने अपनी इसी बात को मराठी और अंग्रेजी में भी दोहराया है।

अमिताभ ने दी छह प्रकार की प्रवृति वाले लोगों से बच कर रहने की नसीहत

मुंबई (वार्ता)। मेगास्टार अमिताभ बच्चन ने छह प्रकार के प्रवृति वाले लोगों से बच कर रहने की अपील है और कहा है कि ईष्या, क्रोधी और सदा शंका करने समेत छह प्रकार के मनुष्य हमेशा दुखी रहते हैं। बिग बी कोरोना वायरस से संक्रमित होने और उपचार के लिये भर्ती होने के बावजूद सोशल मीडिया पर निरंतर सक्रिय रहते हैं और इसी सिलसिले में उन्होंने ट्वीट कर यह नसीहत दी है। सत्तहतर वर्षीय सदी के महानायक और उनके पुत्र अभिनेता अभिषेक बच्चन कोरोना संक्रमित हैं और दोनों को शनिवार रात यहां के नानावती अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उनकी पुत्रवधू अभिनेत्री ऐश्वर्या राय बच्चन और पोती आराध्य बच्चन भी कोरोना संक्रमित हैं और इन दोनों का घर पर ही आइशोलेशन में उपचार चल रहा है।

गांगुली और धोनी के बीच तुलना से सहमत नहीं: आकाश

नई दिल्ली (वार्ता)। भारत के पूर्व बल्लेबाज आकाश चोपड़ा ने कहा कि वह टीम के पूर्व सलामी बल्लेबाज गौतम गंभीर के पूर्व कप्तान सौरभ गांगुली और महेंद्र सिंह धोनी के बीच किए तुलना से सहमत नहीं है। आकाश ने कहा कि वह गंभीर की इस बात से इत्तेफाक नहीं रखते कि गांगुली ने धोनी की तुलना में टीम में ज्यादा मैच जिताने वाले खिलाड़ी तैयार किए थे। उन्होंने कहा कि धोनी ने बेहतरीन तरीके से टीम बनायी और 2017 में कप्तानी छोड़ने के बाद उस टीम को कप्तान विराट कोहली को सौंपी। आकाश ने कहा कि धोनी को कप्तान बनने के बाद अलग तरह की चुनौती का सामना करना पड़ा था। गौरतलब है कि गंभीर ने हाल ही में गांगुली और धोनी की कप्तानी की तुलना करते हुए कहा था कि गांगुली ने अपनी कप्तानी में धोनी की तुलना में टीम में कई मैच जिताने वाले खिलाड़ी तैयार किए थे।

उन्होंने कहा कि गंभीर का यह दावा गलत है। उन्होंने कहा कि धोनी की कप्तानी में सुरैश रैना, भुवनेश्वर कुमार, मोहम्मद शमी, रविचंद्रन अश्विन, रवींद्र जडेजा, इशांत शर्मा, शिखर धवन, अजिंक्या रहाणे, हार्दिक पांड्या, युजवेंद्र चहल, रोहित शर्मा, जसप्रीत बुमराह और विराट जैसे खिलाड़ी ने अपनी करियर में मुकाम हासिल किया और टीम को मैच जिताने वाले खिलाड़ी बने। आकाश ने कहा, धोनी एक अभूतपूर्व कप्तान रहे हैं। टीम को संभालना मुश्किल है और धोनी ने यह काम बखूबी किया है। धोनी के लिए बड़ी चुनौती ऐसी टीम तैयार करना थी जिसमें कई लीजेंड खिलाड़ी हो और इसके लिए टीम में युवा खिलाड़ी की जरुरत थी। पूर्व बल्लेबाज ने कहा, ÷धोनी की कप्तानी में ही विराट ने करियर शुरु किया था। अगर धोनी की जगह कोई और कप्तान होता तो इंग्लैंड दौरे के बाद उन्हें टीम से बाहर कर दिया होता लेकिन धोनी विराट के साथ खड़े रहे। रोहित ने भी धोनी के नेतृत्व में बुलंदियों को छुआ। उन्होंने कहा, ÷बुमराह ने करियर उस समय शुरु किया जब धोनी कप्तानी छोड़ने के करीब थे और कप्तानी छोड़ने से पहले बुमराह ने मुकाम हासिल कर लिया। इसकी सूची लंबी है। ऐसा नहीं है कि धोनी ने बेहतर टीम तैयार नहीं की या मैच जिताने वाले खिलाड़ी नहीं दिए।

फुटबॉल शिविर बहुत जल्द शुरु करेंगे: कुशल दास

नई दिल्ली (वार्ता)। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) के महासचिव कुशल दास का कहना है कि वह विभिन्न राज्य सरकारों के साथ चर्चा कर अलग-अलग उम्र वर्ग के राष्ट्रीय शिविर जल्द से जल्द शुरु करने का प्रयास कर रहे हैं। कोरोना वायरस के कारण देशभर में खेल गतिविधियां ठप्प पड़ी हुई है और ऐसे में राष्ट्रीय शिविर शुरु नहीं हो पा रहे हैं। कुशल दास ने कहा, ÷पहला महत्वपूर्ण शिविर पुरुष अंडर-16 खिलाड़ियों का है जिन्हें अगले तीन महीने में एएफसी अंडर-16 चैंपियनशिप में भाग लेना है। हम महिला अंडर-17 खिलाड़ियों के लिए भी जल्द से जल्द शिविर शुरु करना चाहते हैं। कुशल दास ने कहा, ÷हम इसके लिए विभिन्न राज्य सरकारों और भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) से भी बात कर रहे हैं। हर राज्य सरकार का इस महामारी से निपटने के लिए एक अलग प्रोटोकॉल है। हमें उम्मीद है कि हम जल्द ही दोनों शिविर शुरु करेंगे। हम इसके लिए प्रयासरत हैं। महासचिव ने कहा, ÷कुछ राज्यों में कठिन प्रोटोकॉल का पालन हो रहा है और ऐसे हालात में हमें अलग राज्य में शिविर आयोजित कराना पड़ सकता है।

कप्तानी और बल्लेबाजी में धोनी के नक्शेकदम पर चलता हूं: प्रियम

नई दिल्ली (वार्ता)। भारतीय अंडर-19 टीम के खिलाड़ी प्रियम गर्ग का कहना है कि कप्तानी और बल्लेबाजी में वह टीम इंडिया के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी के नक्शेकदम पर चलते हैं।

भारत को विश्व विजेता बनाने वाले धोनी को कई युवा क्रिकेटर अपना रोल मॉडल मानते हैं। टीम के साथी खिलाड़ी भी धोनी के मैदान में संयम रखने के कायल हैं। प्रियम की कप्तानी में भारतीय टीम इस साल जनवरी में अंडर-19 विश्वकप के फाइनल में पहुंची थी। प्रियम ने कहा, ÷मैं धोनी सर को फोलो करता हूं। वह मेरे प्रेरणास्त्रोत्र हैं। बल्लेबाजी या कप्तानी में मैं उनके नक्शेकदम पर चलता हूं। मैंने धोनी सर से विपरीत परिस्थिति में भी संयम रखना सीखा है। उन्होंने कहा, मैं धोनी सर के बल्लेबाजी वीडियो बहुत ध्यान से देखे हैं और उनसे काफी कुछ सीखा है। मैं हमेशा उनके मैच के वीडियो देखता हूं जिसमें वह अपनी कप्तानी, बल्लेबाजी और क्षेत्ररक्षण सजाने के कौशल से मैच का पासा पलट देते हैं।

आर्चर ने प्रोटोकॉल तोड़कर मूर्खतापूर्ण हरकत की: हुसैन

मैनचेस्टर (वार्ता)। इंग्लैंड के पूर्व कप्तान नासिर हुसैन ने कहा है कि टीम के तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर ने जैविक प्रोटोकॉल तोड़कर मूर्खतापूर्ण हरकत की है। आर्चर को कोरोना वायरस के कारण लगाए जैविक प्रोटोकॉल तोड़ने के कारण दूसरे टेस्ट मैच से बाहर कर दिया गया था। प्रोटोकॉल तोड़ने के कारण उन्हें अब पांच दिनों तक अलग-थलग रहना होगा जिसके दौरान उनका दो बार कोरोना वायरस का टेस्ट किया जाएगा। अगर दोनों बार उनकी रिपोर्ट नेगेटिव आती है तो उन्हें अलग-थलग नहीं रहना होगा। ईसीबी ने हालांकि इस बात की जानकारी नहीं दी है कि उन्होंने किस तरह जैविक प्रोटोकॉल नियम के उल्लंघन को तोड़ा है। कोरोना वायरस के कारण क्रिकेट गतिविधियां ठप्प होने के बाद इंग्लैंड और वेस्टइंडीज के बीच तीन मैचों की टेस्ट सीरीज शुरु हुई है।

इंग्लैंड में पाकिस्तानी टीम से जुड़ेंगे भाटी

लंदन (वार्ता)। पाकिस्तान के स्पिनर काशिफ भाटी कोरोना के दो टेस्ट नेगेटिव मिलने के बाद इंग्लैंड में अपनी शेष टीम के साथ जुड़ेंगे। भाटी जब इंग्लैंड पहुंचे थे तो उनका टेस्ट पॉजिटिव आया था और उन्हें वोरसेस्टर में अनिवार्य आइसोलेशन में रहना पड़ा था। वह पाकिस्तान में दो नेगेटिव टेस्ट आने के बाद इंग्लैंड के लिए रवाना हुए थे लेकिन इंग्लैंड पहुंचने पर उनका टेस्ट पॉजिटिव आ गया था।

सिब्ली और स्टोक्स के जांबाज अर्धशतकों ने इंग्लैंड को संभाला

मैनचेस्टर (वार्ता)। ओपनर डॉम सिबली (नाबाद 86) और दुनिया के नंबर दो आलराउंडर बेन स्टोक्स (नाबाद 59) के जांबाज अर्धशतकों तथा उनके बीच चौथे विकेट के लिए 126 रन की शानदार अविजित साझेदारी की बदौलत इंग्लैंड ने वेस्ट इंडीज के खिलाफ दूसरे क्रिकेट टेस्ट में लड़खड़ाती शुरुआत से उबरते हुए पहले दिन गुरूवार को पहली पारी में 82 ओवर में तीन विकेट पर 207 रन बना लिए।

टॉस हारने के बाद इंग्लैंड ने खराब शुरुआत करते हुए 29 रन पर दो विकेट और 81 रन पर तीन विकेट गंवा दिए थे लेकिन सिब्ली और स्टोक्स ने इसके बाद जमकर बल्लेबाजी करते हुए टीम को संकट से बाहर निकाल लिया। इंग्लैंड ने पहले टेस्ट की पहली पारी में 204 रन बनाये थे लेकिन यहां पहले दिन उसने तीन विकेट पर 207 रन बना लिए हैं।

सिब्ली ने अपना दूसरा और स्टोक्स ने 22वां अर्धशतक बनाया। सिब्ली 253 गेंदों में चार चौकों की मदद से नाबाद 86 और स्टोक्स 159 गेंदों में चार चौकों तथा एक छक्के की मदद से नाबाद 59 रन बना चुके हैं। दोनों के बीच चौथे विकेट के लिए 50.4 ओवर में 121 रन की साझेदारी हो चुकी है।

सुबह वेस्ट इंडीज के कप्तान जैसन होल्डर ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण करने का फैसला किया। बारिश के कारण मैदान गीला होने से टॉस में विलम्ब हुआ था। लंच तक 13.2 ओवर का खेल हुआ था जिसमें इंग्लैंड ने एक विकेट खोकर 29 रन बनाये थे। लंच से पहले इंग्लैंड का एकमात्र विकेट रोरी बर्न्स के रूप में गिरा था जिन्हे ऑफ स्पिनर रोस्टन चेज ने पगबाधा किया। बर्न्स ने 35 गेंदों पर 15 रन में एक चौका लगाया। बर्न्स के आउट होते ही लंच हो गया।

चेज ने लंच के बाद पहली ही गेंद पर जैक क्राउली को लेग स्लिप पर कप्तान जैसन होल्डर के हाथों कैच करा दिया। क्राउली का खाता भी नहीं खुला। डॉम सिब्ली ने एक छोर संभालकर खेलते हुए तीसरे विकेट के लिए कप्तान जो रुट के साथ 52 रन की महत्वपूर्ण साझेदारी की। रुट अपने दूसरे बच्चे के जन्म के कारण पहले टेस्ट में नहीं खेल पाए थे।

रुट ने अलजारी जोसफ की गेंद को कट करने की कोशिश की लेकिन गेंद बल्ले का किनारा लेते हुए स्लिप में होल्डर के हाथों में समा गयी। रुट ने 49 गेंदों पर 23 रन में दो चौके लगाए। इंग्लैंड का तीसरा विकेट 81 के स्कोर पर गिरा। सिब्ली ने चायकाल तक बेन स्टोक्स के साथ इंग्लैंड को कोई और नुकसान नहीं होने दिया। चायकाल के समय सिब्ली 46 और स्टोक्स 18 रन बनाकर क्रीज पर थे। सिब्ली ने चायकाल के बाद अपना अर्धशतक 164 गेंदों में दो चौकों के सहारे पूरा कर लिया। 24 वर्षीय सिब्ली का यह लगातार दूसरा अर्धशतक था। उन्होंने पहले टेस्ट की दूसरी पारी में 50 रन बनाये थे। उन्होंने गजब के धैर्य के साथ बल्लेबाजी की और विंडीज के तेज गेंदबाजों को विकेट के लिए तरसाये रखा।

रियल मैड्रिड ने 34वीं बार जीता ला लिगा का खिताब

मैड्रिड (वार्ता)। फुटबॉल क्लब रियल मैड्रिड ने विलारियल को 2-1 से मात देकर 34वीं बार ला लीगा का खिताब अपने नाम किया। फ्रांस के स्?ट्राइकर करीम बेंजेमा के दो गोलों की मदद से रियल मैड्रिड ने एक मैच शेष रहते हुए ला लीगा का खिताब जीत लिया। बेंजेमा ने मैच के 27वें मिनट में पहला गोल दागकर रियल मैड्रिड को बढ़त दिलाई और फिर 76वें मिनट में दूसरा गोल कर टीम को जीत के मुकाम तक पहुंचाया। वहीं एक अन्य मुकाबले में ओसासुना ने बार्सिलोना को 2-1 से हराया। बार्सिलोना की इस हार से रियल मैड्रिड ने बिना अगला मैच खेले ही खिताब पर अपना कब्जा सुनिश्चित कर लिया। रियल मैड्रिड के कोच जिनेदिन जिदाने ने खुशी जाहिर करते हुए इसे कोच के रूप में अपने सर्वश्रेष्ठ दिनों में से एक बताया।

न्यूज गैलरी

होलिकिंडम स्कूल के विद्यार्थियों ने लहराया परचम

कवर्धा-(नवप्रदेश)। सीबीएसई दसवीं की परीक्षा में होलिकिंडम स्कूल के विद्यार्थियों ने परचम लहराया । खेल कला एवं सांस्कृतिक गतिविधियों के साथ ही शिक्षा के क्षेत्र में भी इस स्कूल के विद्यार्थी हमेशा आगे रहे हैं। होलिकिंडम इंग्लिश मीडियम स्कूल के विद्यार्थियों ने केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा नई दिल्ली के कक्षा दसवीं की परीक्षा वर्ष 2020 में शत-प्रतिशत परिणाम लाकर शिक्षा के क्षेत्र मे सर्वात्कृष्ट प्रदर्शन किया । स्कूल प्रबंधन से मिली जानकारी के अनुसार कक्षा दसवीं की परीक्षा में कुल 53 छात्र-छात्राएं शामिल हुए थे जिसमें सभी छात्र छात्राओं ने परीक्षा में शत प्रतिशत परिणाम दीया और नगर ही नहीं बल्कि पूरे जिले को गौरवान्वित किया है । सभी विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन किया । जिसमें भूमिका चंद्रवंशी ने 96: आयुष गुप्ता ने 94: ऐश्वर्या श्रीवास्तव ने 91.8: काम्या श्रीवास्तव ने 90.2: दीपक चंद्रवंशी ने 89.8: अनीशा परमार ने 88.8: मोहसिना सैयद अली ने 88.4: दीपशिखा तिवारी ने सत्या षि प्रतिशत वासु भट्ट ने सत्या सी प्रतिशत श्रेया सोनी ने 84.6: सुरेश श्रीवास्तव ने 83.6 प्रतिशत जसप्रीत कौर ने 82.6: तथा हर्ष चंद्रवंशी ने 80.4: अंक प्राप्त किए । शिक्षक शिक्षिकाओं ने बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की ।

94% के साथ स्कूल में पहले नंबर पर स्नेहा वैष्णव

कवर्धा-(नवप्रदेश)। आखिरकार लंबे इंतजार के बाद सेन्ट्रल बोर्ड ऑफसेकंडरी एजुकेशन ने कक्षा 10वीं

(ब्ठैम् 10जी ब्सें त्मेनसज 2020) के रिजल्ट की घोषणा बुधवार दोपहर को कर दी है,केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (ब्ठैम्) इसी के साथ रिजल्ट की राह देख रहे 18 लाख से ज्यादा छात्र-छात्राओं का लंबे समय से चला आ रहा इंतजार भी खत्म हो गया। केंद्रीय मानव संसाधन विकास मंत्री रमेश पोखरियाल ने दोपहर ट्वीट कर रिजल्ट घोषित होने की जानकारी दी पिछले वर्षों की तुलना में इस वर्ष 91.46: छात्र इस वर्ष पूरे देश भर में पास हुए है। वही दूसरी तरफइस बार भी बेटियों ने बाजी मारी है, इस बार जिले में 421 बच्चो ने परीक्षा दिलाई थी इनमे 88: बच्चे पास हुए है । वही दूसरी तरफजिले के सबसे बड़े अनुभवी शिक्षकों वाले अभ्युदय स्कूल ने इस बार के परीक्षा परिणाम ने 100:रिजल्ट दिया है साथ ही स्नेहा वैष्णव ने 94: लाकर स्कूल में पहले नंबर पर रही है ,वही अंशुला स्वर्णकार ने 93:लाकर दूसरे नंबर पर रहे है। स्नेहा वैष्णव ने कहा है कि शिक्षकों पढ़ाने की कला और समय समय पर अनुकूल मार्गदर्शन के कारण ही यह सब संभव हो पाया है। अभ्युदय स्कूल के प्रिंसिपल ने शुभकामनाएं दी,वही विद्यालय के समस्त शिक्षकों की सराहना भी की है ।

पढ़ई तुंहर दुआर पोर्टल में व्याख्याता रवि वर्मा चुने गए नायक

कवर्धा-(नवप्रदेश)। छग शासन के स्कूल शिक्षा विभाग की महत्वाकांक्षी योजना ष् पढ़ई तुंहर दुआर अंतर्गत

जिले में ऑनलाइन वर्चुअल क्लास का संचालन लगातार किया जा रहा है। शिक्षकों द्वारा बच्चों को ऑनलाइन शिक्षा दी जा रही है। जिला मीडिया प्रकोष्ठ के सदस्य मुनव्वर बेग व गजराज सिंह राजपूत ने बताया कि जिले के शासकीय हायर सेकंडरी स्कूल बोड़ला के व्याख्याता (भौतिक शास्त्र) के पद पर पदस्थ रवि कुमार वर्मा को सबसे अधिक ऑनलाइन कक्षा संचालन एवं पाठ्य सामग्री अपलोड करने के लिए सीजीस्कूल डॉट इन (बहेबीववस.पद) के पोर्टल पर हमारे नायक के रूप में चुना गया है। इनकी उपलब्धि पर जिला गौरवान्वित है। उन्होंने बताया कि इस समय जब पूरा देश कोविड-19 महामारी का संकट है, ऐसी स्थिति में भी व्याख्याता रवि वर्मा ने बच्चों के अध्यापन में हो रहे नुकसान की पूर्ति के लिए शासन की योजना के साथ कदम से कदम मिला कर चल रहे हैं। वे प्रतिदिन बहेबीववस.पद के माध्यम से बच्चों को ऑनलाइन अध्यापन करते है, साथ ही अपने विषय से संबंधित पाठ्य सामग्री एवं वीडियो भी पोर्टल में अपलोड करते है। इसका लाभ प्रदेश के सभी बच्चे ले रहे हैं। श्री वर्मा द्वारा अभी तक 150 से अधिक ऑनलाइन कक्षा संचालन के साथ ही 300 से अधिक पाठ्य सामग्री पोर्टल में अपलोड किया गया है, जिसे राज्य अप्रूवल टीम द्वारा अप्रूव भी किया जा रहा है। मीडिया प्रकोष्ठ के सदस्य भानूप्रताप राजपूत, मोहनलाल शर्मा व प्रशांत विश्वकर्मा ने बताया कि व्याख्याता रवि वर्मा द्वारा पढ़ई तुंहर दुआर के अंतर्गत सुचारू रूप से प्रतिदिन 3-4 घंटे अध्यापन एवं पाठ्यसामग्री हेतु बच्चो को दिया जाता है।

संसदीय सचिव का शहर जिला कांग्रेस ने किया जोशिला स्वागत

नव प्रदेश संवाददाता

राजनांदगांव। शहर जिला कांग्रेस द्वारा जयस्तंभ चौक स्थित कांग्रेस भवन में छत्तीसगढ़ शासन के संसदीय सचिव व मानपुर-मोहला के विधायक इंद्रशाह मंडावी व अंत्याव्यवसायी सहकारी वित्त एवं विकास निगम बोर्ड के अध्यक्ष धनेश पाटिला का प्रथम नगर आगमन पर शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा के नेतृत्व में भव्य स्वागत कर अभिनंदन किया।

शहर कांग्रेस के सचिव सूर्यकांत जैन ने बताया कि संसदीय सचिव इंद्रशाह मंडावी व धनेश पाटिला का गुरूवार 16 जुलाई को सुबह 11 बजे जैसे ही कांग्रेस भवन के सामने काफ्लिा पहुंचा तो कांग्रेस के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं द्वारा गगनभेदी नारों के साथ उनका अभिनंदन कर स्वागत किया।

इस दौरान संसदीय सचिव ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि हम सब मिलकर संगठन को और मजबूत करें। वहीं प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाएं और ज्यादा से ज्यादा लाभ ज्यादा दिलाएं। इस दौरान मंडावी ने पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं को कहा कि छत्तीसगढ़ शासन गोधन न्याय योजना से गांव व शहर को स्वच्छ सुंदर बनाने का भी जिक्र किया।

अंत्याव्यवसायी सहकारी वित्त एवं विकास निगम बोर्ड के अध्यक्ष धनेश पाटिला ने प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंहदेव व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू व जिले के वरिष्ठ कांग्रेसी पदाधिकारियों का आभार जताया। पाटिला ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री श्री बघेल को आश्वास्त कर आगामी विधानसभा व लोकसभा चुनाव में पूरे जिले में कांग्रेस का परचम लहराएंगे।

स्वागत भाषण में प्रमुख रूप से महापौर श्रीमती हेमा देशमुख, पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष नवाज खान, शहर कांग्रेस की ओर से वरिष्ठ कांग्रेसी नेता शशिकांत अवस्थी जी ने राजनांदगांव जिले को सत्ता में प्रतिनिधित्व देने के लिए प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल को धन्यवाद दिया। जिनके आव्हान पर कार्यक्रम में मौजूद कार्यकर्ताओं ने तालियों की गुंज से समूचा कांग्रेस भवन गूंजा उठा। उक्त गरिमामय स्वागत समारोह का संचालन शहर कांग्रेस कमेटी के सचिव सूर्यकांत जैन ने सभी कांग्रेसजनों से सामाजिक दूरी का पालन करते हुए स्वागत कराया।

इस दौरान प्रमुख रूप से श्रीकिशन खंडेलवाल, विवेक वासनिक, हफीज खान, सुदेश देशमुख, महिला कांग्रेस अध्यक्ष श्रीमती रौशनी सिन्हा, अंगेश्वर देशमुख, गोवर्धन देशमुख, रमेश राठौर, रमेश डाकलिया, मामाराज अग्रवाल, अमित चंद्रवंशी, पोषण साहू, विपिन गोस्वामी, पार्षदगण सतीश मसीह, मधुकर बंजारे, महेश साहू, अमिन हुद्दा, सिद्धार्थ डोंगरे, संतोष पिल्ले, पूर्णिमा नागदेवे, विनय झा, गणेश पवार, शरद पटेल व अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे। आभार प्रदर्शन शहर जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री महेन्द्र शर्मा ने किया। उक्त जानकारी शहर जिला कांग्रेस के सचिव सूर्यकांत जैन ने दी।

महामृत्युंजय मंत्र का सवा लाख जप यज्ञ अनुष्ठान

कवर्धा-(नवप्रदेश)। श्रावण मास में परम कल्याणकारी रुद्राभिषेक समारोह श्रावण मास के पुण्यमय पावन अवसर पर गोवर्धन मठ पुरी पीठाधीश्वर जगतगुरु शंकराचार्य महा भाग की असीम आशीर्वाद के फ्लस्वरूप सनातन संस्कृति संरक्षण और पर्यावरण शुद्धि गौ संरक्षण महामारी संकट निवारण सर्वजन कल्याणार्थ 13 से 19 जुलाई तक भगवान शिव जी की नगरी प्रसिद्ध तीर्थ भूमि भोरमदेव में रुद्राभिषेक समारोह तथा महामृत्युंजय मंत्र का सवा लाख जप यज्ञ अनुष्ठान आराधना का कार्यक्रम आयोजित है यह पावन कार्यक्रम आचार्य पंडित झम्मन शास्त्री जी महाराज पीठ परिषद राष्ट्रीय उपाध्यक्ष प्रदेशाध्यक्ष के पावन सानिध्य एवं मार्गदर्शन में संपन्न हो रहा है इस पुनीत समारोह में धर्म संघ पीठ परिषद आदित्य वाहिनी आनंद वाहिनी छत्तीसगढ़ प्रांतीय टीम के साथ कवर्धा जिला इकाई के पदाधिकारी सदस्यगण

शिष्य वृन्द तथा श्रद्धालु भक्तजन समुचित दूरी बनाकर मास्क लगाकर सुरक्षित रहते हुए कार्यक्रम में भाग ले रहे हैं। प्रतिदिन अलग-अलग प्रतिनिधि आराधना पूजन अभिषेक कर कोरोनावायरस संकट निवारण के साथ समाज में सत्संग, साधना ,संयम, सदाचार, सात्विकता ,सेवा की भावना के साथ परस्पर सामंजस्य पूर्ण संवाद की स्थापना हो जिससे हिंदुओं के प्रसस्त मान बिन्दुओ की रक्षा हेतु सर्वहित की भावना से प्रार्थना समर्पित कर रहे हैं । 17 जुलाई शुक्रवार को कवर्धा जिला पदाधिकारीयो का विशेष गोष्ठी श्री शास्त्री जी के सानिंध्य में आयोजित है। 17 जुलाई संध्या 5 बजे एवं 22जुलाई श्रावण शुक्ल द्वितीया को धर्म सम्राट स्वामी करपात्री जी महाराज जी की 112जयंती महोत्सव उत्साहपूर्वक मनाया जायेगा ।

जनसूचना अधिकारी एवं सचिव के दो वार्षिक वेतन वृद्धि रोकने के निर्देश

कवर्धा-(नवप्रदेश) जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी विजय दया राम के. ने जनसूचना अधिकारी एवं सचिव ग्राम पंचायत माठपूर श्री देवकुमार का छत्तीसगढ़ पंचायत सेवा (अनुशासन तथा अपील) नियम 199 लघु शासित के तहत दो वार्षिक वेतन वर्ष 2020 एवं आगामी 2021 का असंचयी प्रभाव से रोक लगा दिया है। तत्कालीन जनसूचना अधिकारी एवं सचिव ग्राम पंचायत सगौनाडीह देवकुमार वर्तमान पदस्थापना ग्राम पंचायत माठपूर जनपद पंचायत पंडरिया के द्वारा अपीलार्थी द्वारा चाही गई जानकारी जानबूझ कर समयावधि में जानकारी उपलब्ध नहीं कराने एवं आयोग के पेशी में निरंतर अनुपस्थित रहने एवं कारण बताओ नोटिस का जवाब नहीं देने तथा उच्च अधिकारियों को गुमराह करने के कारण दो वार्षिक वेतन का असंचयी प्रभाव से रोक लगा दिया है।

वर्ल्ड विजय इंडिया संस्था ने आयुष वारियर्स के लिए दिए मास्क, सेनिटाईजर एवं हैण्डवॉस

राजनांदगांव। जिला आयुर्वेद अधिकारी डॉ. अरविन्द मरावी को कोविड-19 संक्रमण की रोकथाम व बचाव में विभिन्न स्तरों पर कार्य कर रहे आयुष वारियर्स के उपयोग के लिए वर्ल्ड विजन इण्डिया, क्षेत्रीय विकास कार्यालय राजनांदगांव के प्रभारी प्रबंधक विष्णु मोहन जेना व क्षेत्रीय कार्यकर्ता लक्ष्मण कुर्रे, श्रीमती रीता सक्सेना के सहयोग से स्वास्थ्य सुरक्षा सामग्री मास्क, सेनिटाईजर, हैण्डवॉस प्रदान किया गया। वर्ल्ड विजन इण्डिया के द्वारा राजनांदगांव विकासखंड में 65 ग्राम, 34 ग्राम पंचायत में स्वास्थ्य, शिक्षा, कुपोषण, बाल संरक्षण, कृषि आदि में सहयोग करती है। इस कोविड-19 महामारी के दौरान छत्तीसगढ़ आयुर्वेद अधिकारी संघ एवं जिला आयुर्वेद कार्यालय ने वर्ल्ड विजन इण्डिया राजनांदगांव क्षेत्रीय कार्यालय को धन्यवाद ज्ञापित किया है। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ आयुर्वेद अधिकारी संघ, जिला शाखा राजनांदगांव अध्यक्ष डॉ. तपेश्वर सिंह, महामंत्री डॉ. एस.के. मेश्राम एवं सदस्य डॉ. हर्षा दुबे उपस्थित थे।

छुरिया ब्लाक के आटरा एवं हाटबंजारी में वर्चुअल क्लास के माध्यम से अध्यापन

राजनांदगांव। छुरिया विकासखंड के कल्लूबंजारी सेक्टर एवं संकुल अंतर्गत पढ़ई तुंहर दुआर अभियान के तहत सुबह 10 बजे से 11 बजे तक एक घंटे की वर्चुअल क्लास शासकीय प्राथमिक शाला हाटबंजारी में संचालित की गई। जिसमें शिक्षक श्री लाहोत्रे के साथ 6 लागों ने सहभागिता प्रदान किया और आनलाईन वर्चुअल क्लास के माध्यम से अध्यापन कार्य कराया गया। इसी दौरान कल्लूबंजारी सेक्टर एवं संकुल अंतर्गत स्थित शासकीय प्राथमिक शाला आटरा के शिक्षक विरेन्द्र कुमार चन्द्रवंशी द्वारा वर्चुअल क्लास में कक्षा 3री के हिन्दी विषय के पाठ 7 चांद का कुर्ता पढ़ाया गया। जिसमें 9 बच्चों ने सहभागिता निभाई। शिक्षक चन्द्रवंशी ने अपने वर्चुअल क्लास में ब्लैक बोर्ड का भरपूर उपयोग करते हुए बच्चों के कठिनाइयों का निवारण किया। बच्चों को गृह कार्य देकर घर में अध्ययन करने एवं गृहकार्य पूर्ण करने के लिये प्रेरित किया। शिक्षक विरेन्द्र चन्द्रवंशी ने बताया कि वे गत जून माह से प्रतिदिन नियमित रूप से ऑनलाईन क्लास ले रहे है और इस कार्य में दिनेश कुरेटी सेक्टर प्रभारी एवं संकुल समन्वयक कल्लूबंजारी भी नियमित रूप से जुड़ कर सहभागिता प्रदान करने का हर संभव प्रयास करते हैं एवं समय समय पर उचित मार्गदर्शन भी देते रहते हैं ।

डॉ. खूबचंद बघेल कृषक रत्न पुरस्कार के लिए 31 तक आवेदन आमंत्रण

राजनांदगांव। डॉ. खूबचंद बघेल कृषक रत्न पुरस्कार वर्ष 2020 के लिए जिले के किसान 31 जुलाई 2020 तक आवेदन कर सकते हैं। आवेदन पत्र उप संचालक कृषि कार्यालय से निःशुल्क प्राप्त किए जा सकते है। निर्धारित प्रपत्र में पूर्ण रूप से भरे आवेदन पत्र उप संचालक कृषि कार्यालय में जमा करने की अंतिम तिथि 31 जुलाई 2020 है।

मेटाडोर और ट्रक में भिड़ंत घटनास्थल पर 2 की मौत

कवर्धा-(नवप्रदेश)। नेशनल हाईवे 30 पर गुरूवार रात्रि 8..00 बजे मेटाडोर और ट्रक के बीच जबरदस्त भिड़ंत हो गई जिसमें घटना स्थल पर ही मेटाडोर चालक व हेल्पर दोनों की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि घटना की जानकारी यशवंत चंद्रवंशी पिता मूलचंद चंद्रवंशी उम्र 28 वर्ष निवासी दुल्लापुर ने थाने को दी । घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पुलिस बल पहुंची और पंचनामा बनाकर सव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा गया । ज्ञात हो कि गुरुवार के दिन दुल्लापुर के पास मेटाडोर क्रमांक सीजी 10 एक्स 2147 तथा ट्रक क्रमांक एमपी 20 एचबी 4067 आपस में तेज रफ्तार के साथ टकरा गए जिसमें मेटाडोर ड्राइवर व हेल्पर की घटनास्थल पर ही हो मौत गई । मृतक में ड्राइवर रविशंकर साहू पिता दलगन साहू उम्र 24 वर्ष निवासी टीपरा थाना सिरगिट्टी जिला बिलासपुर तथा हेल्पर योगेश पांडे पिता माधव पांडे उम्र 25 साल साकिन की मौत हो गई आधार कार्ड व मोबाइल के माध्यम से जानकारी प्राप्त करने पुलिस ने ड्राइवरवा हेल्पर के परिजनों से संपर्क किया जिसमें ज्ञात हुआ कि मेटाडोर माजदा के ड्राइवरवा हेल्पर वाहन में सब्जी भरकर मध्य प्रदेश के सतना जा रहे थे । घटना की जानकारी मृतक के परिजनों को पुलिस द्वारा दे दी गई है वही उक्त घटना में दुल्लापुर थाना पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है।

शिक्षक ने कृषि भूमि पर 400 से अधिक पौधारोपण कर पेश की मिसाल

नव प्रदेश संवाददाता

देवभोग। पर्यावरण की दयनीय स्थिति को ध्यान में रखते हुए शिक्षक ने धान की फसल लगाने की भूमि पर 400 से अधिक सागौन, आम, पीपल सहित अन्य पौधा लगाकर क्षेत्र में मिसाल कायम किया है। पौधा लगाने के लिए बकायदा शिक्षक ने उक्त भूमि को समतलीकरण करने के लिए अपने वेतन से 20 हजार तक खर्च कर दिया ताकि पौधा को सुरक्षित रखा जाए 4 दिन पहले मुंगझर के शिक्षक इंद्रजीत कश्यप ने गरियाबंद वन विभाग से हरिपाली प्रसार योजना अंतर्गत 700 से अधिक पौधा लाया गया और अपने 50 डिसमिल भूमि पर 400 से ज्यादा पौधा लगाया जबकि पिछले साल उक्त भूमि पर धान की फसल लगाया जाता रहा । लेकिन हरे - भरे पेड़ों की स्थिति देख इंद्रजीत ने पौधा रोपण किया इसके साथ

मवेशियों से पौधा को बचाव के लिए लगातार खेत पर निगरानी भी बनाए हैं। साथ ही बचे हुए पौधे को इंद्रजीत ने नवनिर्माण तालाब किनारे लगाया है। जिसकी सराहना गांव की सरपंच सहित ग्रामीण भी कर रहे हैं । इंद्रजीत कश्यप का मानना है कि भारतीय संस्कृति प्राचीन काल से ही प्रकृति और पर्यावरण को विशेष महत्व दिया गया है। परंपरागत जीवन पद्धति में यह व्यवस्था थी कि जितना हम प्राकृतिक से लेते थे उससे कई ज्यादा अपने श्रम के माध्यम से देने की कोशिश कि जाती रही है। भारतीय संविधान में पर्यावरण को सुरक्षित रखने और पेड़ों को काटने के लिए कड़ी कार्यवाही का भी प्रावधान है लेकिन अफसोस की बात है की आज की स्थिति में जंगलों की हालत देखकर लोगों को आत्मग्लानि तो जरूर होता है। लेकिन संरक्षण के लिए कोई पहल देखने नहीं मिलता इसलिए पर्यावरण को दूषित होने से बचाने के लिए एक कदम बढ़ाने की बात कही है।

अवैध शराब परिवहन एवं भण्डारण करने वालों पर की गई कार्रवाई

महाराष्ट्र निर्मित मदिरा जप्त

राजनांदगांव। कलेक्टर टोपेश्वर वर्मा के निर्देश पर आबकारी विभाग द्वारा अवैध शराब परिवहन एवं भण्डारण करने वालों पर सतत कार्रवाई की जा रही है। सहायक आयुक्त आबकारी राजनांदगांव नवीन प्रताप सिंह तोमर ने बताया कि 14 जुलाई 2020 को टिपानगढ़ चौक मार्ग में नाका लगाकर वाहन चेकिंग के दौरान लाल रंग की हीरो होंडा सीडी डीलक्स वाहन क्रमांक सीजी 07 एलसी 5171 में अवैध मदिरा परिवहन करते हुए बेलरगोंदी थाना गेंदाटोला निवासी रतन लाल साहू एवं मोहन लाल साहू के पास 98 पाव देशी दारू संत्री नंबर 1 केवल महाराष्ट्र में बेचने के लिए वैध का लेबल लगा प्रत्येक पाव में 180 एमएल कुल मात्रा 17.64 बल्क लीटर जप्त किया गया। आबकारी विभाग राजनांदगांव द्वारा 15 जुलाई 2020 को आटरा भकुर्रा मार्ग में नाका लगाकर वाहन चेकिंग के दौरान बजाज सीटी 100 वाहन क्रमांक सीजी 08 एसी 0406 में अवैध मदिरा परिवहन करते हुए जंगलपुर थाना गैंदाटोला निवासी खेमचंद कंवर एवं कौशल पुराम के पास से 84 पाव देशी दारू संत्री नंबर 1 केवल महाराष्ट्र में विक्रय के लिए वैध का लेबल लगा प्रत्येक पाव में 180 एमएल कुल मात्रा 15.12 बल्क लीटर जप्त किया गया। आबकारी विभाग द्वारा दोनों मोटरसाइकिल जप्त कर आरोपियों के विरुद्ध आबकारी अधिनियम की धारा 34(2), 36 का प्रकरण दर्ज कर विवेचना किया जा रहा है।



कोराना: रजिस्टर संधारित नहीं करने पर होगी कार्यवाही

कवर्धा के 77 सेलून दुकानों का निरीक्षण

कवर्धा-(नवप्रदेश) नगरीय क्षेत्र में संचालित 77 सेलून दुकानों पर नगर पालिका परिषद कवर्धा की टीम पहुंची। टीम द्वारा निरीक्षण कर रजिस्टर संधारण किये जाने एवं सरकारी नियम का पालन किये जाने सख्त हिदायत दी। नियम का पालन नही करने पर कार्यवाही किये जाने की भी चेतावनी दी। राजस्व उप निरीक्षक संतोष वानखेड़े ने बताया

कि नगर पालिका परिषद कवर्धा क्षेत्रांतर्गत मेन रोड़, गली-मोहल्ले में सेलून का व्यवसाय कर रहे 77 सेलून दुकानों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान राज्य शासन व जिला प्रशासन द्वारा निर्धारित गाईड लाईन का सख्ती से पालन किये जाने हेतु निर्देशित किया। श्री वानखेडे ने बताया कि 77 सेलून दुकानों का निरीक्षण कर संचालक को दुकान में आने वाले प्रत्येक व्यक्ति का रजिस्टर में नाम, पता, मोबाईल नंबर सहित अन्य जानकारी लिखे जाने तथा सैनेटाईजर का उपयोग, मास्क लगाये जाने व सोशल डिस्टेंसिंग का अनिवार्य रूप से पालन करने को कहा। उन्होंने दुकान संचालको को सख्त हिदायत देते हुए कहा कि रजिस्टर संधारित नही किये जाने पर नियमानुसार दुकान सीलिंग व जुर्माना की कार्यवाही की जावेगी।

न्यूज गैलरी

ऊबर ने प्रभजीत सिंह को इंडिया एवं साउथ एशिया का अध्यक्ष किया नियुक्त

नई दिल्ली (वार्ता)। ऐप आधारित टैक्सी सेवा प्रदान करने वाली कंपनी ऊबर ने आज श्री प्रभजीत सिंह को ऊबर इंडिया एवं साउथ एशिया का अध्यक्ष नियुक्त किया है। कंपनी ने आज यहां जारी बयान में कहा कि श्री सिंह कंपनी के मोबिलिटी कारोबार के विकास को अगले चरण तक ले जाने तथा भारत, श्रीलंका और बंगलादेश में राइडरों और ड्राइवरों को सुरक्षित अनुभव प्रदान करने के लिए उत्तरदायी होंगे। वे तुरंत इस पद का कार्यभार संभालेंगे।

एल एंड टी फाइनेंस का मुनाफा घटा

नई दिल्ली (वार्ता)। गैर बैंकिंग वित्तीय कंपनी एल एंड टी फाइनेंस होल्डिंग्स का चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में अधिक प्रावधान किये जाने के कारण मुनाफा घटकर 148 करोड़ रुपये पर आ गया जबकि पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में यह राशि 549 करोड़ रुपये रही थी। कंपनी ने आज जारी बयान में कहा कि जून में समाप्त इस तिमाही में उसने 577 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है जिससे उसकी बैलेंस सीट मजबूत हो गयी है। इस प्रावधान को मिलाकर उसका लाभ 580 करोड़ रुपये पर पहुंच गया है। कंपनी ने कहा कि विभिन्न क्षेत्रों मे उसकी मांग बेहतर रही है और अब वह तेजी से अपने विस्तार पर जोर दे रही है।

कोल इंडिया में विनिवेश की खबर निराधार: जोशी

नई दिल्ली (वार्ता)। केंद्रीय कोयला मंत्री प्रह्लाद जोशी ने कोल इंडिया में विनिवेश के संबंध में मीडिया में आयी खबरों को पूरी तरह निराधार और गलत बताते हुए कहा कि केंद्र सरकार ने ऐसा कोई निर्णय नहीं लिया है। श्री जोशी ने गुरुवार को ट्वीट करके विनिवेश की खबरों का खंडन करते हुए कहा,÷ कोल इंडिया में विनिवेश किये जाने के बारे में फैल रही खबर पूरी तरह गलत एवं आधारहीन है। सरकार ने ऐसा कोई निर्णय नहीं लिया है। सरकार कोल इंडिया लिमिटेड को और मजबूत करने के कदम लगातार उठा रही है।

सेंसेक्स साढ़े चार महीने बाद 37 हजारी, नफ्टी 161.75 अंक चढ़ी

मुंबई (वार्ता)। घरेलू शेयर बाजारों में लगातार तीसरे दिन लिवाली से बीएसई का सेंसेक्स करीब साढ़े चार महीने बाद 37 हजार अंक के पार और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 10,900 अंक के पार बंद हुआ।

विदेशों से मिले सकारात्मक संकेत और घरेलू स्तर पर आर्थिक गतिविधियों में तेजी से निवेशकों का विश्वास मजबूत हुआ है। चौतरफा लिवाली के दम पर सेंसेक्स 548.46 अंक यानी 1.50 प्रतिशत उछलकर 37,020.14 अंक पर तथा निफ्टी 161.75 अंक अर्थात 1.51 फीसदी की बढ़त के साथ 10,901.70 अंक पर बंद हुआ। यह दोनों सूचकांकों का 06 मार्च के बाद का उच्चतम स्तर है।

बाजार में शुरू से ही तेजी रही और आखिरी एक घंटे में ग्राफ तेजी से ऊपर की ओर भागा। आईटी और टेक सेक्टरों को छोड़कर अन्य क्षेत्रों में निवेशक लिवाल रहे। सेंसेक्स की कंपनियों में ओएनजीसी का शेयर साढ़े पाँच प्रतिशत चढ़ा। टाइटन और रिलायंस इंडस्ट्रीज में साढ़े तीन फीसदी से अधिक की बढ़त रही। एचडीएफसी बैंक, महिंद्रा एंड महिंद्रा और बजाज फाइनेंस के शेयर भी तीन प्रतिशत से अधिक चढ़े। टीसीएस को करीब डेढ़ फीसदी का नुकसान हुआ। मझौली और छोटी कंपनियों में भी निवेशकों ने खूब पैसा लगाया। बीएसई का मिडकैप 1.55 प्रतिशत की बढ़त के साथ 13,530.75 अंक पर स्मॉलकैप 1.11 प्रतिशत चढ़कर 12,782.53 अंक पर बंद हुआ। विदेशों में अधिकतर प्रमुख एशियाई बाजार हरे निशान में रहे। दक्षिण कोरिया का कोस्पी 0.80 प्रतिशत, हांगकांग का हैंगसेंग 0.47 प्रतिशत और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.13 फीसदी की बढ़त में बंद हुआ जबकि जापान का निक्की 0.32 प्रतिशत लुढ़क गया। यूरोप में शुरुआती कारोबार में ब्रिटेन का एफ्टीएसई 0.42 प्रतिशत और जर्मनी का डैक्स 0.31 प्रतिशत मजबूत हुआ। सेंसेक्स 76.07 अंक की तेजी के साथ 36,547.75 अंक पर खुला और इसके बाद पूरे दिन हरे निशान में रहा। सुबह के कारोबार में ही 36,512.92 अंक के दिवस के निचले स्तर को छूने के बाद लगातार चढ़ता हुआ कारोबार की समाप्ति से पहले यह 37,125.98 अंक पर पहुँच गया। अंत में यह गत दिवस की तुलना में 1.50 प्रतिशत ऊपर 37,020.14 अंक पर बंद हुआ। इनमें 1,645 में लिवाली और 998 में बिकवाली का जोर रहा जबकि शेष 156 कंपनियों के शेयर दिनभर के उतार-चढ़ाव के बाद अंततः अपरिवर्तित बंद हुये। निफ्टी भी 12.05 अंक की बढ़त में 10,752 अंक पर खुला। यह ऊपर 10,933.45 अंक तक और नीचे 10,749.65 अंक तक गया। अंत में गत दिवस की तुलना में 1.51 फीसदी की मजबूती के साथ 10,901.70 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी की 50 कंपनियों में से 41 के शेयरों में लिवाली और अन्य आठ में बिकवाली का जोर रहा जबकि ज़ी इंटरटेनमेंट लिमिटेड का शेयर अपरिवर्तित बंद हुआ।

1377 निर्यातकों का फर्जीवाड़ा,1875 करोड़ का जीएसटी रिफंड का किया दावा

जीएसटी रिटर्न भरने में देरी के लिए अधिकतम फाइन 500 रुपए तय

नई दिल्ली। 1377 निर्यातकों ने धोखाधड़ी के जरिए आईजीएसटी रिफंड के लिए 1,875 करोड़ रुपये का दावा किया है। वित्त मंत्रालय के सूत्रों के मुताबिक ऐसे निर्यातकों का व्यापार स्थान ट्रेस नहीं किया जा सका है। अब ये एक्सपोर्टर अपने व्यापारिक ठिकानों से लापता हो गए हैं । बता दें फर्जीवाड़ा करने वाले निर्यातकों की इस संख्या में 7 निर्यातक स्टार निर्यातक की श्रेणी में हैं। वहीं तीन 'स्टार निर्यातकों' की प्रतिकूल रिपोर्ट भी मिली है। इन 10 'स्टार निर्यातकों' द्वारा दावा किए जाने वाले ढ्ढत्रस्ञ्ज रिफंड की राशि 28.9 करोड़ रुपये बताई जा रही है। सूत्रों के मुताबिक अब तक 7,516 निर्यातक जोखिम वाली निर्यातक सूची में हैं। इनमें से 2,830 जोखिमपूर्ण निर्यातकों के 1,363 करोड़ रुपये के आईजीएसटी रिफंड या ड्रॉबैक निलंबित कर दिया गया है। जोखिम भरे निर्यातकों के खिलाफ सीबीआईसी ने 115 करोड़ रुपये के आपराधिक मामलों का पता लगाया गया है, जिनमें से अभी तक मिले 234 सप्लायर्स के वैरिफिक्रेशन में से 82 सप्लायर्स अपनी जगहों से लापता हैं।

बता दें केंद्र सरकार ने वित्त वर्ष 2018-19 की वार्षिक जीएसटी रिटर्न दाखिल करने की अंतिम तिथि को तीन माह बढ़ाकर सितंबर 2020 तक कर दिया है। उद्योग एवं व्यावसाय के पक्ष में लिए गए एक और निर्णय के तहत केन्द्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) ने 24 मार्च को अथवा इससे पहले लिए गए ई-वे बिलों जिनकी वैधता अवधि 20 मार्च से 15 अप्रैल 2020 के बीच होने वाली थी उनकी वैधता अवधि को भी बढ़ा दिया है। मासिक और तिमाही बिक्री रिटर्न तथा कर भुगतान फार्म देरी से भरने को लेकर जुलाई 2020 तक अधिकतम विलंब शुल्क 500 रुपये प्रति रिटर्न नियत किया गया है। केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) ने एक बयान में कहा, ''जीएसटी करदाताओं को राहत देने के लिए सरकार ने जुलाई 2017 से जुलाई 2020 की अवधि के लिए जीएसटीआर-3बी फार्म भरने को लेकर अधिकतम विलम्ब शुल्क 500 रुपए प्रति रिटर्न पर सीमित कर दिया है। हालांकि, यह सुविधा तभी उपलब्ध होगी जब इस अवधि की जीएसटीआर-3बी रिटर्न 30 सितंबर 2020 से पहले भर दी जाए। सीबीआईसी ने अधिसूचित किया है कि अगर कोई कर देनदारी नहीं बनती है तो कोई विलम्ब शुल्क नहीं लेगा। अगर कोई कर देनदारी बनती है, तो अधिकतम विलम्ब शुल्क 500 रुपए प्रति रिटर्न लगेगा, लेकिन इसके लिए जरूरी है कि जीएसटीआर-3बी रिटर्न 30 सितंबर 2020 तक दाखिल कर दी जानी चाहिए।

वजीर ग्रुप का भारत में कारोबार विस्तार की योजना

नई दिल्ली (वार्ता)। दुबई के इमिग्रेशन कंसल्टेंट वजीर ग्रुप ने भारत में कारोबार विस्तार की योजना बनाते हुये दिल्ली में स्थानीय कार्यालय शुरू करने की घोषणा की है। कंपनी ने आज यहां जारी बयान में कहा कि वजीर ग्रुप की शाखाएं कनाडा में भी हैं। कंपनी को निवेशकों तथा उद्यमियों के इमिग्रेशन में विशेषज्ञता प्राप्त है। साथ ही कनाडा के फॉरेन वर्कर प्रोग्राम में भी वजीर ग्रुप की भागीदारी है। पिछले कुछ वर्षों में कनाडा और यूएई के अपने कार्यालयों के जरिये इसने श्रीलंका, बंगलादेश , लेबनान और मिस्र समेत कई देशों में उपस्थिति दर्ज कराई है और लोगों को इमिग्रेशन में सहायता की है।

इस साल की दूसरी तिमाही में वजीर ग्रुप के विभिन्न वर्चुअल मेंटरिंग सत्रों में लोगों की ओर से जबर्दस्त मांग को देखते हुए दिल्ली में स्थानीय कार्यालय खोलने का फैसला लिया गया है। दिल्ली में अपने ऑफिस के जरिये वजीर ग्रुप महत्वाकांक्षी लोगों को कनाडियन फॉरेन वर्कर प्रोग्राम से जोड़ेगा। इसकी मदद से छह महीने में और 50,000 डॉलर के साथ वहां जा सकेंगे। साथ ही लोगों को कनाडियन एंटरप्रेन्योर प्रोग्राम का भी विकल्प मिलेगा, जिसमें अपने देश में रहते हुए ही आवेदक को कनाडा की स्थायी नागरिकता मिल सकती है। कंपनी यहां अपने विशेष साइप्रस इमिग्रेशन प्रोग्राम से भी लोगों को जोड़ेगी, जिसमें 75 प्रतिशत कम खर्च पर वहां जाने का मौका मिलेगा।

लॉकडाउन के बाद तेजी से सुधरा, फिर घट गई तेल की डिमांड

नई दिल्ली। दो महीने तक लॉकडाउन के बाद जब अनलॉक की शुरुआत हुई तो आर्थिक गतिविधियों में तेजी आई, जिसके कारण तेल की डिमांड बढ़ी थी। ताजा रिपोर्ट के मुताबिक, आर्थिक गतिविधियों में फिर से गिरावट देखी जा रही है जिसके कारण तेल की डिमांड में गिरावट आई। इसके अलावा लोकल लॉकडाउन और आसमान छू रही कीमत के कारण भी तेल की डिमांड पर काफी असर हुआ है।

डीजल की डिमांड 18 फीसदी घटी: जुलाई के पहले 15 दिनों में जून के मुकाबले डीजल की डिमांड में 18 फीसदी और पेट्रोल की डिमांड में 6 फीसदी की गिरावट दर्ज की गई है। साल-दर-साल तुलना करें तो जुलाई के पहले 15 दिनों में डीजल की डिमांड में 21 फीसदी और पेट्रोल की डिमांड में 12 फीसदी की गिरावट आई है। इंडस्ट्री के लोगों का कहना है कि मॉनसून के कारण भी पेट्रोल-डीजल की डिमांड पर असर हुआ है।

लोकल लॉकडाउन के बीच मोबिलिटी पर ना हो असर: जून महीने के आंकड़ों पर गौर करें तो साल-दर-साल आधारित पूरे महीने में डीजल की डिमांड में 17 फीसदी और पेट्रोल की डिमांड में 15 फीसदी की गिरावट आई है।

अमेजनडॉटइन के इलेक्ट्रॉनिक तथा अन्य उपहार एक जगह

बेंगलुरु (वार्ता)। कोरोना संक्रमण काल में लोग घर से बाहर निकलने से परहेज़ कर रहे हैं जिसे ध्यान में रखते हुए अमेजनडॉटइन ने भाई-बहन के पवित्र और बहुप्रतीक्षित त्योहार रक्षाबंधन को सुगमता से मनाने के लिए शुक्रवार को यहां अपना 'राखी स्टोर' लॉन्च किया। इस वर्ष रक्षाबंधन का त्योहार तीन अगस्त को मनाया जाना है। अमेजन के विशेष रूप से तैयार राखी स्टोर राखी पर फैशन, सौंदर्य, इलेक्ट्रॉनिक्स, गृह सज्जा, रसोई उपकरण, एसेसरीज, उपहार कार्ड और अन्य उत्पादों की विस्तृत श्रंखला पेश की गई है। अमेजनडॉटइन के 'राखी स्टोर' से उपभोक्ताओं को घर पर ही उनकी विशिष्ट जरूरतों के अनुरूप हजारों उत्पादों को पहुंचाने के लिए और त्योहार की तैयारियों को आसान बनाने के लिहाज से डिजाइन किया गया है। स्टोर पर उपभोक्ता के लिए विशेष रूप से तैयार हैम्पर्स और कॉम्बो से लेकर पारंपरिक और डिजाइनर राखी, राखी उपहार कार्ड, स्मार्टफोन, फुटवियर, खिलौने और बोर्ड गेम्स, एसोर्टेड चॉकलेट्स, मिठाइयां, पैसा हस्तांतरण करने की सुविधा और अन्य शानदार उपहार विकल्प ग्राहक अपनी पंसद के अनुरूप चुन सकते हैं।

कार्यालय, नगर पालिक निगम रायपुर (छ.ग.)
जोन क्रमांक-10, अमलीडीह सामुदायिक भवन पानी टंकी के पास,
Email: rmczone10@gmail.com

//ईश्तहार/आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना //

नामांतरण प्र.क्र. 24/2020-21
वार्ड का नाम- रानी दुर्गावती-50

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि रानी दुर्गावती-50 वार्ड स्थित मकान/ भूमि ईडब्ल्यूएस/329 न्यू राजेन्द्र नगर जो कि निगम अभिलेख में श्रीमती शालिनी मेश्राम w/o किरण मेश्राम के नाम से दर्ज है, जिसको श्री परेशनाथ भट्टाचार्य s/o जामिनीकांत भट्टाचार्य ने शपथ पत्र/ रजिस्ट्री के अनुसार/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर दस्तावेजों के साथ प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी, जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जाने। **जोन कमिश्नर**
जोन क्र.-10
नगर निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय, नगर पालिक निगम रायपुर (छ.ग.)
जोन क्रमांक-10, अमलीडीह सामुदायिक भवन पानी टंकी के पास,
Email: rmczone10@gmail.com

//ईश्तहार/आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना //

नामांतरण प्र.क्र. 25/2020-21
वार्ड का नाम- रानी दुर्गावती-50

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि रानी दुर्गावती-50 वार्ड स्थित मकान/ भूमि सिमरन हाईट्स ए-103 जो कि निगम अभिलेख में श्रीमती स्वर्ण कौर w/o स्व. प्रेम सिंग के नाम से दर्ज है, जिसको श्रीमती बलजीत कौर w/o हरजीत सिंह भल्ला ने शपथ पत्र/ रजिस्ट्री के अनुसार/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर दस्तावेजों के साथ प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी, जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जाने। **जोन कमिश्नर**
जोन क्र.-10
नगर निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय, नगर पालिक निगम रायपुर (छ.ग.)
जोन क्रमांक-10, अमलीडीह सामुदायिक भवन पानी टंकी के पास,
Email: rmczone10@gmail.com

//ईश्तहार/आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना //

नामांतरण प्र.क्र. 23/2020-21
वार्ड का नाम- रानी दुर्गावती-50

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि रानी दुर्गावती-50 वार्ड स्थित मकान/ भूमि गोल्डन स्काई ए-404 जो कि निगम अभिलेख में श्रीमती प्रियंका अग्रवाल w/o दीपक अग्रवाल के नाम से दर्ज है, जिसको श्री राहुल कुमार शुक्ला s/o ओम नारायण शुक्ला ने शपथ पत्र/ रजिस्ट्री के अनुसार/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर दस्तावेजों के साथ प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी, जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जाने। **जोन कमिश्नर**
जोन क्र.-10
नगर निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय, नगर पालिक निगम रायपुर (छ.ग.)
जोन क्रमांक-10, अमलीडीह सामुदायिक भवन पानी टंकी के पास,
Email: rmczone10@gmail.com

//ईश्तहार/आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना //

नामांतरण प्र.क्र. 22/2020-21
वार्ड का नाम- रानी दुर्गावती-50

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि रानी दुर्गावती-50 वार्ड स्थित मकान/ भूमि गोल्डन स्काई ए-101 जो कि निगम अभिलेख में श्रीमती सुखराज कौर w/o सतिन्दर सिंह चहल के नाम से दर्ज है, जिसको श्री सरोज कुमार मिश्रा s/o अशोक कुमार मिश्रा, श्रीमती राजश्री मिश्रा w/o सरोज कुमार मिश्रा ने शपथ पत्र/ रजिस्ट्री के अनुसार/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर दस्तावेजों के साथ प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी, जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जाने। **जोन कमिश्नर**
जोन क्र.-10
नगर निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय, नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)
नगर निगम मुख्यालय नया प्रशासनिक भवन, गांधी चौक, रायपुर
फोन : 0771-25355780, फैक्स:0771-227395
ई मेल : dcrmc@reddiffmail.com

ईश्तहार/आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना

नामांतरण प्र.क्र. 49/2020-21
वार्ड का नाम- डा. श्यामाप्रसाद मुखर्जी-61

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि डा. श्यामाप्रसाद मुखर्जी-61 स्थित मकान/ भूमि क्र. रामदरबार के पास भाठागांव जो कि निगम अभिलेख में श्री सुखीराम देवांगन पिता स्व. श्री मंशाराम देवांगन के नाम से दर्ज है, जिसको श्री नरेश देवांगन पिता श्री सुखीराम देवांगन ने रजिस्ट्री/ लिखित द्वारा/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा समयावधि पश्चात किसी भी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी।

जोन आयुक्त
जोन क्रमांक-6
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय, नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)
नगर निगम मुख्यालय नया प्रशासनिक भवन, गांधी चौक, रायपुर
फोन : 0771-25355780, फैक्स:0771-227395
ई मेल : dcrmc@reddiffmail.com

ईश्तहार/आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना

नामांतरण प्र.क्र. 48/2020-21
वार्ड का नाम- डा. श्यामाप्रसाद मुखर्जी-61

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि डा. श्यामाप्रसाद मुखर्जी-61 स्थित मकान/ भूमि क्र. रामदरबार के पास भाठागांव जो कि निगम अभिलेख में श्री सुखीराम देवांगन पिता स्व. श्री मंशाराम देवांगन के नाम से दर्ज है, जिसको श्रीमती भुनेश्वरी देवांगन पति श्री रमेश देवांगन ने रजिस्ट्री/ लिखित द्वारा/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा समयावधि पश्चात किसी भी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी।

जोन आयुक्त
जोन क्रमांक-6
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय, नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)
नगर पालिक निगम नवीन मुख्यालय भवन, गांधी चौक, रायपुर के पास
फोन : 0771-25355780, फैक्स:0771-227395
ई मेल : dcrmc@reddiffmail.com

ईश्तहार/आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना

नामांतरण प्र.क्र. 62/2020-21
वार्ड का नाम- पं. जवाहरलाल नेहरू-02

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि पं. जवाहरलाल नेहरू वार्ड स्थित मकान/ भूमि PN हर्षित नगर जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती किर्ती पवार पति कुलदीप पवार के नाम से दर्ज है, जिसको कु. मंजुषा नवरंग D/o वेदराम नवरंग ने रजिस्ट्री/ लिखित द्वारा/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 7 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा समयावधि पश्चात किसी भी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी।

जोन आयुक्त
जोन क्रमांक-8
नगर पालिक निगम, रायपुर

नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं GEETA KHUBNANI D/O NANAKRAM KHUBNANI निवासी H. NO. 6, WARD NO.18, PATEL PARA SANDHYA SHOPPING MALL KHAIRAGARH RAJNANDGAON (C.G.) यह शपथ करती हूं कि मैंने अपना यह पुराना नाम को त्याग कर नया नाम SUHANI RANGLANI W/O ROHIT RANGLANI रख लिया है। अतः आज से मुझे समस्त शासकीय, अर्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में मेरे नये नाम SUHANI RANGLANI W/O ROHIT RANGLANI से ही जाना पहचाना जावे।

SUHANI RANGLANI
H. NO. 6, WARD NO.18, PATEL PARA SANDHYA SHOPPING MALL KHAIRAGARH RAJNANDGAON (C.G.)

कार्यालय सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-1, सिरपुर भवन, व्यवसायिक परिसर कबीर नगर, रायपुर
email ID-eocghbzone1@gmail.com

आम सूचना

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा वीरसावरकर नगर हीरापुर कालोनी रायपुर में निर्मित LIG-I भवन योजना के अंतर्गत दुकानों/ भूखंडों/भवनों से भूखण्ड/भवन क्रमांक LIG-I /513 में श्री हरविन्दर सिंग पिता श्री पूरन सिंग को भाड़ाक्रय/पूर्ण मूल्य आधार पर आबंटित किया गया है। आबंटी द्वारा दिनांक 07/12/2018 को विक्रय विलेख निष्पादित करा लिया गया। आबंटी उक्त भवन के विक्रय हेतु दिनांक 11/05/2020 को निष्पादित विक्रय इकरारनामा की छायाप्रति प्रस्तुत कर भवन श्रीमती सुनीता देवी पति श्री सुरेश कुमार एवं सुरेश कुमार पिता श्री झुन्नालाल महतो के नाम से निष्पादित को विक्रय करने के लिए विक्रय अनुमति की मांग की है।

अतः किसी भी व्यक्ति, शासकीय/ अर्द्धशासकीय/ वित्तीय संस्था इत्यादि को उक्त भूखण्ड/ भवन के विक्रय के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिन के अंदर समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त आपत्ति मान्य नहीं की जावेंगी।

सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-01
कबीर नगर, रायपुर

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)
जोन क्रमांक-3, शंकर नगर पानी टंकी के नीचे,
Email nagarnigamzone3@gmail.com

//ईश्तहार/आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना //

नामांतरण प्र.क्र. 20/2020-21
वार्ड का नाम- गुरू गोविंद सिंह- 29

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि गुरू गोविंद सिंह 29 वार्ड स्थित मकान/ भूमि/ फ्लैट नं. 201 अणुव्रत रेसीडेंसी जो कि निगम अभिलेख में श्री भागीदार चम्पालाल जैन, अमीत जैन के नाम से दर्ज है, जिसको 1. श्री अमीन सोलंकी s/o श्री दाऊद सोलंकी 2. श्रीमती रोशन सोलंकी w/o श्री अमीन सोलंकी रजिस्ट्री/ लिखित द्वारा/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा समयावधि पश्चात किसी भी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी।

दिनांक 17/07/2020 **जोन आयुक्त**
जोन क्रमांक-3
नगर पालिक निगम, रायपुर

कार्यालय संपदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-5, सेजबहार, रायपुर (छ.ग.)
email ID: eocghbzone5@gmail.com

आम-सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल द्वारा कालोनी सेजबहार, जिला-रायपुर में निर्मित दीनदयाल आवास योजनांतर्गत एलआईजी भवन क्र.-480, श्री प्रकाश तिर्की पिता श्री इमिल तिर्की के नाम पर स्ववित्तीय आधार पर किया गया है। आबंटी द्वारा उक्त भवन का लीजडीड दिनांक 19.03.2010 को निष्पादित करा लिया गया है। वर्तमान में आबंटी श्री प्रकाश तिर्की पिता इमिल तिर्की पता- छ.ग. गृह निर्माण मण्डल, संपदा प्रबंधन शाखा, मुख्यालय अटल नगर नवा रायपुर (छ.ग.) के द्वारा उक्त भवन को क्रेता श्रीमती शारदा कमल पति श्री रामाधार सिंह कमल, पता- म.नं. एलआईजी-410 हाउसिंग बोर्ड कालोनी, सेजबहार, रायपुर (छ.ग.) के नाम पर विक्रय करने हेतु आवेदन पत्र, विक्रय इकरारनामा एवं आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत किया गया है। प्रस्तुत दस्तावेज के आधार पर उक्त भवन क्रेता श्रीमती शारदा कमल पति श्री रामाधार सिंह कमल, पता- म.नं. एलआईजी-410, हाऊसिंग बोर्ड कालोनी, सेजबहार, रायपुर (छ.ग.) के नाम पर विक्रय हेतु अनुमति प्रदान किया जाना है।

अतः किसी भी व्यक्ति, शासकीय/ अर्धशासकीय संस्था, निकाय, बैंक अथवा वित्तीय संस्था इत्यादि को उक्त भूखण्ड/ भवन के विक्रय करने हेतु अनुमति प्रदान करने में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में स्वयं उपस्थित होकर लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अंदर आपत्ति प्रस्तुत करें, अन्यथा नियत समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
प्रक्षेत्र-05, सेजबहार, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय, नगर पालिक निगम
जोन क्र. 7, रायपुर
मंगलम काम्पलेक्स, अग्रसेन चौक के पास, रायपुर (छ.ग.)

//ईश्तहार/आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना //

नामांतरण प्र.क्र. 35/2020-2021
वार्ड का नाम- तात्यापारा- 37

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि स्वामी आत्मानंद वार्ड स्थित मकान/ भूमि/ 37/178 (2) जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती गौरीशंकर विश्वकर्मा पिता गोरख नाथ के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती अजय कुमार विश्वकर्मा पिता स्व. गौरीशंकर विश्वकर्मा ने मृत्यु प्रमाणपत्र/ सहमति पत्र/ शपथ पत्र/ रजिस्ट्री के अनुसार/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर दस्तावेजों के साथ प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी, जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जाने। **जोन कमिश्नर**
जोन क्र.-07
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय, नगर पालिक निगम
जोन क्र. 7, रायपुर
मंगलम काम्पलेक्स, अग्रसेन चौक के पास, रायपुर (छ.ग.)

//ईश्तहार/आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना //

नामांतरण प्र.क्र. 36/2020-2021
वार्ड का नाम- तात्यापारा- 37

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि स्वामी आत्मानंद वार्ड स्थित मकान/ भूमि/ 37/132 (1) जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती गौरीशंकर विश्वकर्मा पिता गोरख नाथ के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती राजकुमार शर्मा पिता स्व. गौरीशंकर ने मृत्यु प्रमाणपत्र/ सहमति पत्र/ शपथ पत्र/ रजिस्ट्री के अनुसार/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर दस्तावेजों के साथ प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी, जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जाने। **जोन कमिश्नर**
जोन क्र.-07
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय, नगर पालिक निगम
जोन क्र. 7, रायपुर
मंगलम काम्पलेक्स, अग्रसेन चौक के पास, रायपुर (छ.ग.)

//ईश्तहार/आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना //

नामांतरण प्र.क्र. 37/2020-2021
वार्ड का नाम- तात्यापारा- 37

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि स्वामी आत्मानंद वार्ड स्थित मकान/ भूमि/ 37/124 जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती गौरीशंकर विश्वकर्मा पिता गोरख नाथ के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती कमल कुमार विश्वकर्मा पिता स्व. गौरीशंकर विश्वकर्मा ने मृत्यु प्रमाणपत्र/ सहमति पत्र/ शपथ पत्र/ रजिस्ट्री के अनुसार/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर दस्तावेजों के साथ प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी, जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जाने। **जोन कमिश्नर**
जोन क्र.-07
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-2, सड्डू, रायपुर (छ.ग.)
कामर्शियल काम्पलेक्स, सेक्टर 08 द्वितीय तल, सड्डू, रायपुर
Phon No. 0771-6988869 Email ID emzoneii@yahoo.com
GST No.22AAECA9783D2ZP

//आम सूचना//

सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि सामान्य आवास योजनांतर्गत सड्डू रायपुर में स्थित एमआईजी डीलक्स भवन क्रमांक-81 श्री समीर गर्ग पिता श्री संतराम गर्ग को आफर/स्ववित्तीय/ भाड़ाक्रय आधार पर आबंटित/नामांतरित किया गया था। आबंटी द्वारा दिनांक 22.03.2007 को अपने नाम पर सेलडीड/लीजडीड पंजीकृत कराने के उपरांत उक्त भवन/दुकान को वर्तमान में श्रीमती सुलोचना दीवान पति श्री कामता सिंह दीवान पता- एमआईजी-77, सेक्टर 08, हाउसिंग बोर्ड कालोनी सड्डू तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) के नाम पर नामांतरण करने हेतु इस कार्यालय में अपना आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त भवन/ दुकान के नामांतरण के संबंध में किसी व्यक्ति, शासकीय व अर्धशासकीय संस्था, निकाय, बैंक अथवा वित्तीय संस्था को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अंदर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-02, सड्डू, रायपुर

कार्यालय नगर पालिक निगम बीरगांव, जिला-रायपुर (छ.ग.)

निगम अभिलेखों में नामांतरण की सूचना

वार्ड का नाम- ठाकुर प्यारेलाल
वार्ड क्रमांक- 11 वर्ष 2019-20

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि निम्नानुसार भवन/भवन जो कि निगम के संपत्ति कर मांग में पंजी में कॉलम 3 अनुसार अधिभोगी के नाम से दर्ज है, कॉलम 4 में दर्ज अधिभोगी के द्वारा रजिस्ट्री/लिखित, द्वारा वंशानुक्रम/ बिक्रीनामा के आधार पर अधिभोग प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त अधिभोग परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर/ अथवा दिनांक तक प्रकरण क्रमांक सहित कार्यालय नगर पालिक निगम बीरगांव में लिखित दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि पश्चात किसी भी प्रकार की कोई दावा-आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी। दावा-आपत्ति प्राप्त नहीं होने की स्थिति में अधिभोगी के द्वारा देय राशि भुगतान उपरांत अधिभोगी के पक्ष में नामांतरण की कार्यवाही की जायेगी।

नामांतरण प्र.क्र. एवं दिनांक 505/ 06.07.2020 निगम अभिलेख (संपत्तिकर मांग पंजी) में दर्ज स.क्र. 84, निगम अभिलेख में अभिलिखित वर्तमान अधिभोगी का नाम केदार राम साहू S/o श्री धरम सिंह साहू। प्रस्तावित अधिभोगी का नाम- श्रीमती शिबा अंजुम पति श्री शहबाज अहमद एवं मो. शहबाज अहमद पिता हाजी मोहम्मद सलीम अहमद।

आयुक्त
नगर पालिक निगम, बीरगांव

आरोप- जीवीके ने नहीं दिए कर्मचारियों के वेतन व ग्रेच्युटी के 2.5 करोड़

-टेंडर खत्म हुए बीत चुके हैं सात माह

-विभागीय दफ्तरों व पुलिस का चक्कर लागने को मजबूर हुए प्रभावित कर्मचारी

नव प्रदेश संवाददाता

रायपुर। प्रदेश में करीब 10 साल से ज्यादा समय तक एंबुलेंस सेवा 108 संचालित करने वाली देश की जानी-मानी कंपनी जीवीके ईएमआईआई ने छत्तीसगढ़ में 108 सेवा का टेंडर खत्म हो के बावजूद अपने कर्मचारियों के एक माह के वेतन व ग्रेच्युटी के 2.5 करोड़ रुपए नहीं दिए है। जीवीके में काम कर चुके कर्मचारी अब अपने वेतन व ग्रेच्युटी के लिए श्रम, स्वास्थ्य तथा पुलिस के चक्कर काटने को मजबूर हैं। जीवीके ईएमआरआई 108 के पेशेंट केयर रिकॉर्ड में काम कर चुके एक कर्मचारी हेमंत साहू ने नवप्रदेश को बताया कि कंपनी की सेवा 30 नवंबर 2019 को समाप्त हुई, लेकिन उसकी ओर से 7 माह बीत जाने के बावजूद भी 1500 कर्मचारियों का एक माह के वेतन व ग्रेच्युटी का पैसा नहीं दिया गया, जो कि करीब 2.5 करोड़ है। साहू ने बताया कि पीड़ित कर्मचारियों ने इस मामले को लेकर संचालनालय स्वास्थ्य सेवाएं, श्रम विभाग के कार्यालय से लेकर पुलिस तक से संपर्क किया, लिखित में अपनी समस्या से अवगत कराया, लेकिन अब तक कोई सकारात्मक नतीजा नहीं निकल सका।

पुलिस का कहना है कि इस मामले को श्रम विभाग के अधिकारी ही सुलझा सकते हैं।

नवंबर 2019 में खत्म हुआ टेंडर

बकौल साहू, जीवीके के सीईओ रामकृष्ण वर्मा द्वारा बताया जाता है कि विभाग की ओर से ही उन्हें राशि नहीं मिली है। मामला प्रोसेस में है, जल्द ही वेतन व ग्रेच्युटी की राशि मिल जाएगी। बता दें कि अब प्रदेश में 1 दिसंबर, 2019 से 108 एंबुलेंस की सेवा का संचालन स्थानीय स्तर की जय अंबे कंपनी कर रही है।

कंपनी बदली तो नहीं हो सका कुछ पुरोन कर्मचारियों का सलिक्शन

हेमंत साहू ने बताया कि जब 108 एंबुलेंस सेवा का जीवीके से टेंडर खत्म हुआ और नई कंपनी जय अंबे को सेवा मिली तो नए सिरे से इंटरव्यू हुए। जिसके कारण कुछ पुराने कर्मचारियों का सिलेक्शन नहीं हो पाया। ऐसे में उन्हें वेतन व ग्रेच्युटी का पैसा नहीं मिलने से काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

गाड़ियों का हैंड ओवर नोट मिलते ही हो जाएगा भुगतान

हमारा प्रोजेक्ट नवंबर 2019 को खत्म हो गया। इसके बाद हमनें सभी गाड़ियां सीएमएचओ को हैंड ओवर कर दी। लेकिन संचालनालय स्वास्थ्य सेवाओं की ओर से हमें हैंड ओवर नोट नहीं मिला है। जैसे ही हमें हैंड ओवर नोट मिल जाएगा। कंपनी कर्मचारियों को उनके वेतन व ग्रेच्युटी का पैसा दे देगी। सभी कर्मचारियों के वेतन व ग्रेच्युटी का हिसाब बनाकर तैयार रख लिया गया है। लेकिन विभाग स्तर पर कोविड के कारण प्रोसेस में थोड़ी देर हुई है।

रामकृष्ण वर्मा, सीईओ, जीवीके ईएमआरआई

महालक्ष्मी कार श्रृंगार सरायपाली में पुलिस का छापा, 10 जुआरी अरेस्ट

10 जुआडियों से नगद 1,24,470 रूपये के साथ 1 कार, 3 बाइक एवं 13 नग मोबाईल जप्त

नव प्रदेश संवाददाता

महासमुन्द। छत्तीसगढ सम्पूर्ण राज्य में व्याप्त कोरोना महामारी के मद्देनजर पुलिस अधीक्षक प्रफुल्ल कुमार ठाकुर ने गुल/जुआ/सट्टा आदि गतिविधयों पर रोक लगाने एवं उनके विरूध्द कार्यवाही करने हेतु जिले के समस्त थाना/चैकी प्रभारियों को निर्देशित किया गया था। जिनके तहत् थाना/चैकी क्षेत्रों में ऐसे गतिविधियों पर निगाहे रख रही थी कि इसी दौरान मुखबीर से सूचना मिली की महालक्ष्मी कार सिंगार सरायपाली मेन रोड में गुल में जुआ खेल रहे है कि सूचना को गम्भीरता से लेते हुये पुलिस अधीक्षक महासमुन्द श्री प्रफुल्ल कुमार ठाकुर ने थाना सरायपाली को पकडने हेतु निर्देशित किया। खिलाडी इतने शातिर थे कि पुलिस पार्टी की आने की सूचना देने के लिए आने-जाने वाले रास्तों पर वाचर लगाते थे थाना सरायपाली पुलिस के द्वारा अलग-अलग टीम बनाकर बाईक व कार के माध्यम से फड़ तक पहुची और चारों ओर से घेराबंदी कर 10 जुआडियों को पकडा गया। जिसमें जुआडियान (01) मोनू उर्फ अफजल पिता मो. जलिल उम्र 28 वर्ष सा. महलपारा सरायपाली महासमुन्द (02) वशिम अली पिता वीर अली उम्र 20 वर्ष सा. महलपारा सरायपाली महासमुन्द (03) तेजलाल राव पिता नरेश राव उम्र 20 वर्ष सा. ईस्लाम मोहल्ला सरायपाली महासमुन्द (04). खिरौद पटेल पिता राजेन्द्र पटेल उम्र 21 वर्ष सा. बिछीया सरायपाली महासमुन्द (05) भेषज सतनामी पिता रमेश सतनामी उम्र 27 वर्ष सा. झिलमिला सरायपाली महासमुन्द (06) पंकज कुमार पिता शिवशंकर नायक उम्र 28 वर्ष सा. महेन्द्र कंपनी हाल अंकित हॉटल खोपली (07) प्रेम सागर पिता रामसाय पटेल उम्र 28 वर्ष सा. बोदापाली सरायपाली (08) सुखविन्दर सिंह पिता अमर सिंह उम्र 36 वर्ष सा. चेक पोस्ट झिलमिला सरायपाली (09) दीपक अग्रवाल पिता अशोक राम उम्र 26 वर्ष सा. बाजार पारा सरायपाली (10) बिरजु पटेल पिता मोहन पटेल उम्र 28 वर्ष सा. वार्ड नं. 10 मेन रोड सरायपाली के निवासी है। जुआडियान के पास से कुल नगदी रकम 1,24,470/- रूपये तथा एक स्वीफ्ट कार, 03 नग मोटर सायकल, एवं 13 नग मोबाईल कुल जुमला कीमती 6,50,000 रू एवं 2 नग गुल गोटी व 1 नग पट्टी (टाईल्स) जप्त कर धारा 13 जुआ एक्ट एवं धारा 188,269,270 भादवि के तहत् थाना सरायपाली में कार्यवाही की जा रही है।

करोड़ो की ठगी का फरार आरोपी गिरफ्तार

कोरबा (नव प्रदेश)। पुलिस ने प्रेस वार्ता में जानकारी दी कि नागेश्वर राठौर ने उरगा थाने में एक लिखित आवेदन पत्र पेश कर रिपोर्ट दर्ज कराया की श्री हॉस्पिटल नर्सिंग एवं पैरामेडिकल कॉलेज उरगा में डब्लूडब्लूएचओ वेबसाईट के माध्यम से 970 पदों की भर्ती हेतु जानकारी मिलने पर जनवरी 2019 में हॉस्पिटल जाकर पता किया जहां चेयरमेन वासुदेव गुप्ता, संचालक चन्द्रशेखर, विवेक यादव,कृष्णा पटेल, संतोष साहू, खेमिन दिवान ने डिप्टी मेनेजर का पद खाली होना बताया। हॉस्पिटल में नौकारी के नाम पर नागेश्वर व इसके अन्य लोग भी नौकरी के नाम पर कोई 50,000रूपए कोई 70,000 रूपए से लेकर 03 लाख रूपए तक दिये है। इसके बाद हॉस्पिटल प्रबंधन द्वारा कुछ लोगो को नौकरी पर रखकर बिना वेतन के कार्य कराया गया। पुलिस ने बताया कि विवेचना के दौरान पता चला श्री हॉस्पिटल नर्सिंग एवं पैरामेडिकल कॉलेज का न तो रजिस्ट्रेशन हुआ है, न ही नर्सिंग एक्ट के नियमों का पालन किया गया है। जिसके पश्चात पुलिस ने आरोपी वासुदेव को उत्तर प्रदेश के जौनपुर से गिरफ्तार कर लिया पुलिस ने बताया कि अब तक नौकरी लगाने के नाम से एक करोड़ से अधिक की ठगी की जा चुकी है। पुलिस ने ठगी का शिकार हुए लोगों से सामने आने की अपील भी की है।

सड़क हादसे में स्कूटी सवार की मौत

दंतेवाड़ा (नव प्रदेश)। दंतेवाड़ा जिले के गीदम नगर में एक बार फिर हादसे में एक नवयुवक की मौत हो गयी। रफ्तार हादसे की वजह बताई जा रही है. जानकारी के मुताबिक गीदम की ओर आ रही तेज रफ्तार सफारी स्टोर्म सीजी10एजी8610 क्रमांक की गाड़ी ने स्कूटी सवार को अपनी चपेट में ले लिया, जिससे स्कूटी सवार की घटनास्थल पर दर्दनाक मौत हो गई। मृतक का नाम अनूप जेकप है। ठोकर इतनी जबरदस्त थी कि स्कूटी के परखच्चे उड़ गए और चालक ने भी घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया। मौके पर पुलिस ने पहुंच कर शव को कब्जे में ले लिया और सफारी गाड़ी जब्त कर ड्राइवर को गिरफ्तार कर लिया है। शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंपा जाएगा।

महासमुंद। पुलिस अधीक्षक प्रपफुल्ल कुमार ठाकुर ने 2 प्रधान आरक्षक को स्टार लगाकर एएसआई पद एवं 5 आरक्षको को फित्ति लगाकर प्रधान आरक्षक के पद पर पदोन्नति दी। पुलिस अधीक्षक श्री ठाकुर के द्वारा आज पुलिस कार्यालय में जिला महासमुन्द के दो प्रधान आरक्षक 1 जनक राम पटेल 2 मुरलीधर भोई के कंधों में सितारा लगाकर सहायक उप निरीक्षक पद पर पदोन्नति दी गई। वही जिले के एक महिला आरक्षक सुचित्रा विदानी एवम जिला धमतरी के चार आरक्षक 1 जयप्रकाश कन्नौजे 2 शेषनारायण पाण्डेय 3 रामकृष्ण साहू 4 आबिद खान को महासमुन्द के रिक्त प्रधान आरक्षक के पदों पर फित्ति लगाकर पदोन्नति दी गई। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक श्री ठाकुर एवम अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती मेघा साहू ने पदोन्नत अधिकारी/कर्मचारियों को बधाई देते हुए उज्वल भविष्य की कामना की गई।